www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

सूर्योदय 6:09 सूर्यास्त 6:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 21 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,626.23 |
| निफ्टी | 25,327.05 |
| सोना | 1,09,873 |
| चांदी | 1,28,500 |

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 21 सितंबर 2025 | 6 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 264, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## एच–1बी वीजा के लिए अब 88 लाख वसूलेगा अमेरिका

### पहले 5 लाख रुपए थी फीस, 3 लाख से ज्यादा भारतीयों पर पड़ेगा असर

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका ने एच–1बी वीजा पर बड़ा कदम उठाते हुए आवेदन शुल्क को 100,000 डॉलर (करीब 88 लाख रुपए) सालाना कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को व्हाइट हाउस में इस ऑर्डर पर साइन किए। नए चार्ज 21 सितंबर से लागू होंगे। एच–1बी वीजा के लिए पहले औसतन 5 लाख रुपए लगते थे। यह 3 साल के लिए मान्य होता था। इसे 3 साल के लिए रिन्यू किया जा सकता था।

अब अमेरिका में एच–1बी वीजा के लिए 6 साल में 5.28 करोड़ लगेंगे, यानी खर्च 50 गुना से ज्यादा बढ़ जाएगा। अमेरिकी सरकार हर साल लॉटरी से 85,000 एच–1बी वीजा जारी करती है, जिनका इस्तेमाल ज्यादातर तकनीकी नौकरियों में होता है। सबसे ज्यादा




भारतीय (72%) इसका इस्तेमाल करते हैं। वीजा फीस बढ़ने से 3 लाख से ज्यादा भारतीयों पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि एच–1बी वीजा शुल्क को राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर बढ़ाया गया है। (अनंत ज्ञान)

#### एच–1बी ?

**अमेरिका** में एच-1बी वीजा 1990 के आव्रजन अधिनियम द्वारा बनाया गया था। यह अमेरिकी नियोक्ताओं को उन नौकरियों में अस्थायी आधार पर विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जिनके लिए अत्यधिक विशिष्ट ज्ञान और संबंधित विशेषज्ञता में कम से कम स्नातक की डिग्री या इसके समकक्ष की आवश्यकता होती है।

#### भारतीय आईटी कंपनियों पर मंडराया संकट

**वीजा** शुल्क बढ़ाने के फैसले से भारतीय आईटी कंपनियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। नैसकॉम ने चेतावनी दी है कि इससे न सिर्फ बिजनेस कंटिन्यूटी पर असर पड़ेगा, बल्कि रोजगार पर भी सीधा असर होगा। नैसकॉम ने कहा है कि इतनी कम समयसीमा से कंपनियों, प्रोफेशनल्स और छात्रों के लिए भारी अनिश्चितता खड़ी हो गई है। इससे ऑनशोर प्रोजेक्ट्स पर भी असर देखने को मिलेगा।

#### शुल्क बढ़ने के बाद प्लेन से उतरे भारतीय

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1बी वीजा की फीस बढ़ाने से भारत लौट रहे भारतीय यात्रियों में हड़कंप मच गया है। सैन फ्रांसिस्को से भारत आ रही फ्लाइट में कई भारतीय यात्रियों ने बैठने के बाद ही विमान से उतरने की मांग कर दी। इसके अलावा दुबई से अमेरिका जा रही फ्लाइट में बैठे कई यात्री भी एयरपोर्ट पर ही उतर गए। उन्हें डर था कि वे समय पर अमेरिका नहीं पहुंच पाएंगे और नए नियम लागू होने के बाद दोबारा एंट्री मुश्किल होगी। वहीं, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और जेपी मॉर्गन जैसी कंपनियों ने भी अपने कर्मचारियों को अमेरिका से बाहर न जाने की सलाह दी है। उधर, छुट्टियों या त्योहारों के लिए भारत आए कई भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स भी फंस गए हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### राजनाथ सिंह कल से मोरक्को की यात्रा पर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 22 सितंबर से 23 सितंबर तक मोरक्को की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह यात्रा मोरक्को रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लोदी के निमंत्रण पर होगी। आपको बता दें कि यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की मोरक्को की पहली यात्रा होगी, जो भारत और मोरक्को के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग को दर्शाती है। (अनंत ज्ञान)

### आज लगेगा साल का आखिरी सूर्य ग्रहण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** साल 2025 का आखिरी सूर्य ग्रहण 21 सितंबर को लगने जा रहा है। यह एक आंशिक सूर्य ग्रहण होगा, जो वैज्ञानिक, धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। लेकिन भारतीयों के लिए राहत की बात यह है कि यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए यहां कोई सूतक काल लागू नहीं होगा। 21 सितंबर को होने वाला यह सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। यह मुख्य रूप से दक्षिण प्रशांत महासागर, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में ही नजर आएगा।चूंकि यह भारत में नहीं दिखेगा, इसलिए यहां सूतक काल का प्रभाव भी नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

### रेलवे स्टेशनों पर मिलने वाला 'रेल नीर' सस्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। अब से रेलवे स्टेशनों पर मिलने वाले रेल नीर की 1 लीटर की बोतल 15 रुपए की जगह सिर्फ 14 रुपए और आधा लीटर वाली बोतल, जो पहले 10 में मिलती थी, अब 9 में मिलेगी, जिससे यात्रियों की एक रुपए की बचत होगी। यह फैसला रेलवे के वाणिज्यिक विभाग ने लिया है। हालांकि, यह नई कीमत केवल रेल नीर के लिए ही लागू होगी। अन्य कंपनियों के पानी की बोतलों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### मोहन लाल को मिलेगा दादा साहब फाल्के अवॉर्ड



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादा साहब फाल्के अवॉर्ड का ऐलान हो गया है। इस साल यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार और कंप्लीट एक्टर कहे जाने वाले मोहन लाल को दिया जाएगा। भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की। मोहन लाल पिछले चार दशक से फिल्मों में सक्रिय हैं। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- श्राद्ध के लिए पकवान बनाते समय सिलेंडर में आग, पांच झुलसे -पेज 2
- विक्रमादित्य सिंह 22 को अमरीन कौर संग करेंगे शादी -पेज 3
- धर्मशाला में पंजाबी युवकों ने की फायरिंग, सभी आरोपी फरार -पेज 4
- शलेला बाड़ी में स्थायी पुल न बनने से नाला पार करना बना जानलेवा -पेज 7
- आनी बस अड्डे के शौचालय के 20 दिन बाद खुले ताले -पेज 12

## झंडूता का जवान जम्मू–कश्मीर में शहीद


### किश्तवाड़ में आतंकियों से हुई मुठभेड़ में लगी गोली

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

बिलासपुर जिले के झंडूता के भारतीय सशस्त्र बल में तैनात हवलदार बलदेव चंद पुत्र हवलदार विशन दास (रिटायर्ड), गांव थेह, डाकघर गंगलोह देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए हैं। जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में शुक्रवार रात को आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान बलदेव चंद को गोली लगी, जिस कारण वह देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। सेना की तरफ से शनिवार सुबह परिजनों को उनकी शहादत की सूचना दी गई। बलदेव चंद साल 2011 में सेना में भर्ती हुए और 15 साल की देश सेवा के बाद वीरगति को प्राप्त हो गए। इस दुखद खबर ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है।

सूचना के अनुसार, बलदेव चंद का रविवार दोपहर को झंडूता में गंगलोह में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनकी पार्थिव देह जम्मू–कश्मीर से हेलिकॉप्टर में चंडी मंदिर लाई जाएगी। यहां से सड़क मार्ग से पार्थिव देह को पैतृक गांव पहुंचाया जाएगा। पार्थिव देह को कुछ देर के लिए अंतिम दर्शन के लिए घर पर रखा जाएगा। इसके बाद उनका अंतिम संस्कार होगा। झंडूता की

#### बेटे–पत्नी और माता व पिता को छोड़ गए पीछे



**हवलदार** बलदेव चंद अपने पीछे 7 साल के बेटे, पत्नी, माता और पिता को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जैसे ही बलदेव की शहादत की सूचना मिली, उसके बाद घर पर लोग जुटने शुरू हो गए।

एसडीएम अर्शिया शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह करीब 10 बजे पार्थिव देह पैतृक गांव पहुंच सकती है। इसके बाद पैतृक गांव में शहीद का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया जाएगा।

#### पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ आज होगा अंतिम संस्कार

#### सीएम ने जताया शोक

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जम्मू–कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए हिमाचल प्रदेश के वीर सपूत हवलदार बलदेव चंद की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के लिए उनका यह सर्वोच्च बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का आश्वासन भी दिया।

#### उधमपुर में भी एक जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू–कश्मीर के उधमपुर में शुक्रवार को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ जवान शनिवार सुबह शहीद हो गया। वहीं, एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मुठभेड़ दूदू–बसंतगढ़ और डोडा के भद्रवाह में सोजधार के जंगलों में हो रही है। यहां जैश के 2–3 आतंकियों के छिपे होने की खबर है। उधमपुर और डोडा दोनों तरफ से हवाई निगरानी के लिए ड्रोन, हेलिकॉप्टर और जमीन पर खोजी कुत्तों से लैस फोर्स आतंकियों की तलाश कर रही है।

## विकसित भारत में ज्यूडिशियल सिस्टम बाधा : संजीव सान्याल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री की इकोनॉमिक एडवाइजर काउंसिल के सदस्य संजीव सान्याल ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत के लिए हमारा ज्यूडिशियल सिस्टम सबसे बड़ी बाधा है। कई कानून ऐसे हैं, जो समस्या को आसान की बजाय जटिल बना देते हैं। कोर्ट में माई लॉर्ड जैसे शब्दों से भी आपत्ति है, जो अंग्रेजों के जमाने के हैं। इन्हें बदलना चाहिए। इसके साथ ही सान्याल ने अदालतों में महीनों तक छुट्टी होने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका भी राज्य के किसी भी अन्य हिस्से की तरह एक सार्वजनिक सेवा है। क्या आप पुलिस विभाग या अस्पतालों को महीनों तक बंद रख सकते हैं। संजीव सान्याल ने ये सब बातें दिल्ली में भारतीय महाधिवक्ता के सम्मेलन में कहीं। (अनंत ज्ञान)

#### समय पर लागू नहीं होते कानून व न्याय

**संजीव** सान्याल ने आगे कहा कि भारत की सबसे बड़ी दिक्कत कानून और न्याय को समय पर लागू न कर पाना है। हमारे देश में समझौते और न्याय समय पर पूरे नहीं होते। इस वजह से भले ही हम सड़कों, इमारतों या शहरों पर बहुत पैसा खर्च करें, असली विकास रुक जाता है। उन्होंने एक 99-1 समस्या का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि असल में सिर्फ 1% लोग नियमों का गलत इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि क्योंकि हमें भरोसा नहीं है कि अदालतें ऐसे मामलों को जल्दी सुलझा देंगी, तो सरकार सारे नियम ऐसे बनाती हैं कि उस 1% को भी रोका जा सके। नतीजा यह होता है कि बाकी 99% ईमानदार लोग भी उन जटिल नियमों में फंस जाते हैं।

## चिप हो या शिप, हमें खुद बनाने होंगे : पीएम

### कहा- दूसरे देशों पर निर्भरता ही हमारी सबसे बड़ी दुश्मन

**एजेंसी, भावनगर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को एक दिन के गुजरात दौरे पर पहुंचे। उन्होंने भावनगर में करीब 35 मिनट तक जनता को संबोधित किया। उन्होंने विकसित भारत, कानूनों में बदलाव और आत्मनिर्भर भारत का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि भारत आज विश्व बंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई दुश्मन नहीं है।

सच में अगर हमारा कोई दुश्मन है, तो वह है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना है। उन्होंने कहा कि दूसरों पर निर्भर रहेंगे तो हमारे आत्मसम्मान को चोट पहुंचेगी। हम भावी पीढ़ी के भविष्य को दांव पर नहीं लगा सकते, इसलिए कहता हूं कि 100 दुखों की एक दवा है आत्मनिर्भर भारत। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए हमें चिप से लेकर शिप खुद बनाने होंगे। दुनिया में शांति स्थिरता और समृद्धि के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर रहना पड़ेगा।

उन्होंने एयरपोर्ट से जवाहर ग्राउंड तक रोड शो किया। 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में सौराष्ट्र और गुजरात में 34,200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का वर्चुअली उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। (अनंत ज्ञान)

- बोले- यह आत्मसम्मान को पहुंचाता है चोट
- आत्मनिर्भर भारत है 100 दुखों की एक दवा

#### मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल का उद्घाटन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने भावनगर से ही वर्चुअली बैलार्ड पियर पर अत्याधुनिक मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल का उद्घाटन भी किया। यह देश का सबसे बड़ा क्रूज टर्मिनल है, जिसे 'क्रूज भारत मिशन' के तहत विकसित किया गया है। करीब 4.15 लाख वर्ग फुट में फैला यह टर्मिनल हर साल 10 लाख यात्रियों को संभालने की क्षमता रखता है। इस टर्मिनल पर एक साथ 5 क्रूज शिप खड़े हो सकेंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए इसमें 72 चेक-इन और इमिग्रेशन काउंटर बनाए गए हैं। केंद्रीय पोत, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि मुंबई का समुद्री इतिहास बेहद समृद्ध है और यह टर्मिनल भारत को वैश्विक क्रूज पर्यटन हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## रेल मंत्री वैष्णव ने मुंबई में किया बुलेट ट्रेन सुरंग का उद्घाटन

**एजेंसी, मुंबई**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत निर्मित शिलफाटा और घनसोली के बीच 4.88 किलोमीटर लंबी सुरंग का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए उसी तरह लाभकारी साबित होगी, जैसे छह दशक पहले जापान को लाभ मिला था। सुरंग निर्माण को वैष्णव ने ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सूरत–बिलिमोरा खंड पर हाई–स्पीड कॉरिडोर का पहला चरण दिसंबर 2027 में शुरू होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टोक्यो, नागोया और ओसाका जैसे प्रमुख केंद्रों को जोड़ने वाली दुनिया की पहली बुलेट ट्रेन ने जापान की पूरी अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव डाला है। ऐसे ही यह परियोजना आणंद, अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, वापी और मुंबई को एकल आर्थिक गलियारे के तौर पर विकसित करेगी। उन्होंने कहा कि इससे एकीकृत बाजार का निर्माण होगा। पूरे मार्ग पर आर्थिक विकास में तेजी आएगी। साथ ही आर्थिक एकीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। उच्च उत्पादकता और व्यवसाय विस्तार के माध्यम से आर्थिक लाभ प्रारंभिक निवेश से कहीं अधिक होगा। (अनंत ज्ञान)

- कहा-जापान की तरह भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा फायदा

## महिला पुलिस अधिकारी और ड्राइवर ने थाने में कर दी कांस्टेबल की पिटाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला की पुलिस में तब हड़कंप मच गया है, जब 17 सितंबर की रात एक पुलिस कांस्टेबल ने महिला अधिकारी और उनके ड्राइवर पर मारपीट के गंभीर आरोप लगा दिए। जानकारी के अनुसार, पीड़ित कांस्टेबल अपने घरेलू विवाद को लेकर न्यू शिमला थाना पहुंचा था, लेकिन आरोप है कि उसे करीब दो घंटे तक थाने में बैठा कर रखा गया।

जब उसने अपनी शिकायत दर्ज करवाने के लिए सवाल किया, तो महिला अधिकारी का ड्राइवर, जो होमगार्ड का जवान है, कांस्टेबल को कॉलर पकड़कर थाने की निचली मंजिल में ले गया। कांस्टेबल का आरोप है कि जैसे ही कमरे का दरवाजा खुला, महिला अधिकारी ने उस पर थप्पड़ों की बरसात कर दी। साथ ही ड्राइवर ने भी उसे बेरहमी से मारा।

पीड़ित ने बताया कि थाना परिसर के अंदर मारपीट के बावजूद उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई। लहूलुहान हालत में वह पुलिस लाइन कैथू वापस पहुंचा और नाइट मुंशी से मदद की गुहार लगाई, लेकिन कोई सहयोग नहीं मिला। मजबूर होकर उसने खुद अस्पताल का रुख किया, जहां उसके दाहिने कान, बाएं बाजू और शरीर के कई हिस्सों पर चोटों की पुष्टि हुई है।

#### मामले में की जाएगी निष्पक्ष कार्रवाई : एएसपी

**पीड़ित** कांस्टेबल 18 सितंबर को बालूगंज थाना पहुंचा, लेकिन वहां उसे न्यू शिमला क्षेत्र की जिम्मेदारी बताकर वापस भेज दिया गया। इसके बाद उसने न्यू शिमला थाना में लिखित शिकायत दी और शिमला के डीडीयू अस्पताल में मेडिकल करवाया गया। एएसपी शिमला, नवदीप सिंह ने मामले की पुष्टि की और कहा कि जांच जारी है, मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है और पूरे मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

### जज और वकील एक रथ के दो पहिए : गवई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जजों को अपनी शक्ति विनम्रता और जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल करनी चाहिए। सीजेआई दिल्ली में सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल 2025 के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन में बोल रहे थे। इसमें देशभर से जजों और ट्रिब्यूनल सदस्यों ने हिस्सा लिया था। सीजेआई ने कहा कि हमारे पास अपार शक्ति है, लेकिन इसे सही जगह उपयोग करना जरूरी है। हमारे सामने आने वाले सभी वादियों को विश्वास होता है कि उन्हें न्याय मिलेगा, इसलिए हमारा निर्णय निष्पक्ष होना चाहिए। ये विचार आलोचना नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और सुधार का अवसर हैं, ताकि ट्रिब्यूनल और न्याय व्यवस्था और मजबूत हो सके। (अनंत ज्ञान)

### केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से जुड़ेंगे हिमाचल के 100 सरकारी स्कूल

## हर विस क्षेत्र में होगा एक सीबीएसई स्कूल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करने जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य के 100 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम आरंभ करने का प्रभावी निर्णय लिया है। इस कदम का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और करियर की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया के लिए तैयार करना है, बल्कि हिमाचल के स्कूलों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता का प्रतीक बनाना भी है। प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक सीबीएसई स्कूल स्थापित किया जाएगा, जिससे हर विद्यार्थी को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो। इस पहल से हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से जुड़े स्कूलों और सीबीएसई संबद्ध स्कूलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा, जो शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। जानकारी के अनुसार सीबीएसई स्कूल केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित नहीं रहेंगे। इन स्कूलों में खेलकूद, कला, कौशल विकास, करियर मार्गदर्शन, परामर्श और पोषण जैसी गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

#### सब–कैडर होगा तैयार

**इन** स्कूलों के लिए विशेष सब-कैडर तैयार किया जाएगा और शिक्षकों का चयन योग्यता, अकादमिक उत्कृष्टता और सहपाठ्यक्रम योगदान के आधार पर किया जाएगा। प्रदर्शन आधारित मौद्रिक और गैर-मौद्रिक प्रोत्साहन योजनाओं से कर्मचारियों को प्रेरित किया जाएगा।

#### क्या कहते हैं सीएम?



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और समावेशी शिक्षण वातावरण के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। इन प्रयासों से छात्रों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ावा मिलेगा।

## भरण–पोषण में असमर्थ पुरुष को दूसरी शादी का हक नहीं : हाईकोर्ट

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

केरल हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनावई के दौरान अहम और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि कोई भी मुस्लिम पुरुष, जब तक वह अपनी पत्नियों का भरण–पोषण करने में सक्षम न हो, तब तक उसे दूसरी या तीसरी शादी करने का अधिकार नहीं है। यह टिप्पणी जस्टिस पीवी कुन्हीकृष्णन ने तब की जब एक 39 वर्षीय महिला ने अपने पति से 10,000 रुपए मासिक गुजारा भत्ते की मांग करते हुए याचिका दायर की।

मामले में महिला का आरोप था कि उसका 46 वर्षीय पति जो नेत्रहीन है और भीख मांगकर जीवनयापन करता है, उसे छोड़कर पहली पत्नी के साथ रह रहा है और अब तीसरी शादी करने की धमकी दे रहा है। इससे पहले फैमिली कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा था कि एक भिखारी से गुजारा भत्ता नहीं वसूला जा सकता। हाईकोर्ट ने भी इस पर सहमति जताई और कहा कि एक भिखारी से गुजारा भत्ता दिलवाना अदालत के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। (अनंत ज्ञान)

#### कोर्ट ने बार–बार शादी करने पर जताई आपत्ति

**मामले** में अदालत ने इस बात पर नाराजगी जताई कि आरोपी पति, जो खुद भीख मांगकर गुजारा करता है, वह बार-बार शादियां कर रहा है। अदालत ने कहा कि इस तरह की शादियां मुस्लिम समुदाय में अशिक्षा और धार्मिक कानूनों की सही जानकारी के अभाव में हो रही हैं। इस दौरान अदालत ने कुरान की आयतों का भी हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि इस्लाम बहुविवाह को सामान्य नहीं, बल्कि अपवाद मानता है और जब तक कोई पुरुष सभी पत्नियों के साथ न्याय नहीं कर सकता, उसे एक से अधिक शादियों की अनुमति नहीं है।

**चेतावनी** बारिश के बाद अब भूकंप की चेतावनी, सूबे के संवेदनशील क्षेत्रों में हो सकती है भारी तबाही

## हिमाचल में भूकंप के हल्के झटके दे रहे बड़ा संकेत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लगातार भारी बारिश ने लोगों की जिंदगी को पहले ही झकझोर रखा है, वहीं अब हल्के, लेकिन तीव्र भूकंप के झटकों ने भय का नया माहौल पैदा कर दिया है। पर्यावरण प्रेमी नाथूराम चौहान ने शिमला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अब तक भूकंप के संभावित खतरों को गंभीरता से नहीं लिया, तो हिमाचल की चोटियों से लेकर शिमला तक व्यापक तबाही का खतरा है।

नाथूराम चौहान ने विशेष रूप से कांगड़ा, धर्मशाला, मंडी, शिमला और कुल्लू जैसे संवेदनशील जिलों को जिक्र किया। उनका कहना है कि भूकंप के हल्के संकेत पहले से दिखाई दे रहे हैं, जिनकी अनदेखी करना भारी नुकसान ला सकता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में हल्की दरारें और जमीन का असंतुलन बड़े भूकंप की भविष्यवाणी कर रहे हैं, जो किसी भी समय बड़ी तबाही का कारण बन सकते हैं।

उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जोर देकर कहा कि हिमाचल सरकार को विशेषज्ञों की सलाह लेकर, फील्ड में जाकर भूकंप जोखिम का मंथन करना चाहिए। उन्होंने आगाह किया कि यदि समय रहते सावधानी नहीं बरती गई, तो हिमाचल की जनता की जान और माल दोनों खतरे में पड़ सकते हैं।

नाथूराम चौहान ने यह भी सुझाव दिया कि राज्य में भूकंप पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को तेज करना अनिवार्य है, ताकि संभावित बड़े भूकंप की तबाही को कम किया जा सके।

- पर्यावरण प्रेमी नाथूराम ने किया सरकार को आगाह


शिमला में पत्रकार वार्ता करते पर्यावरण प्रेमी नाथूराम चौहान एवं अन्य।

#### समय रहते उचित कदम उठाने की सलाह

**पर्यावरण** प्रेमी नाथूराम चौहान ने कहा कि हिमाचल की चोटियों और कस्बों में भूकंप कभी भी जोरदार प्रहार कर सकता है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार से अपील की कि समय रहते उचित कदम उठाएं, अन्यथा परिदृश्य विनाशकारी हो सकता है। उनका मानना है कि यह सिर्फ चेतावनी नहीं, बल्कि हिमाचल की सुरक्षा और प्राकृतिक सौंदर्य की रक्षा का आग्रह है।

## न्यूज ब्रीफ

### बचत भवन की दुकान की नीलामी 14 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित बचत भवन की प्रथम मंजिल पर बाजार की ओर बनी नवनिर्मित दुकान को मासिक किराए पर देने के लिए 14 अक्तूबर को सुबह 11 बजे नीलामी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त एवं जिला बचत विकास एवं सेवा समिति के सचिव राजीव ठाकुर ने बताया कि दुकान का क्षेत्रफल 190 वर्ग फुट एवं आगे बरामदे का क्षेत्रफल 355 वर्ग फुट है। इच्छुक आवेदक 13 अक्तूबर सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र, आधार कार्ड व राशन कार्ड सहित कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। दुकान का न्यूनतम आरक्षित मासिक किराया 20,000 रुपए तय किया गया है, जिस पर जीएसटी अतिरिक्त देय होगा। सफल बोलीदाता को यह दुकान तीन वर्ष के लिए दी जाएगी और उसे तीन माह का अग्रिम किराया जमा करवाना अनिवार्य होगा। नियमों की जानकारी के लिए सचिव कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### राकेश शर्मा से मिले राजपूत महासभा के पदाधिकारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय पर नगर निगम के प्रथम नवनियुक्त आयुक्त राकेश शर्मा के ज्वाइन करने पर हमीरपुर जिला राजपूत महासभा के पदाधिकारियों ने टाउन हॉल में स्थित उनके कार्यालय में जाकर औपचारिक मुलाकात की व उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभा के पदाधिकारियों के एक शिष्टमंडल प्रदेश महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएस ढटवालिया और उपाध्यक्ष सीएस चंदेल की अगुआई में मिला। शिष्टमंडल में जिला महासचिव जोगिंद्र ठाकुर, प्रदेश आईटी सेल प्रभारी सुमित ठाकुर, एडवोकेट दिनेश ठाकुर और वीना ठाकुर भी शामिल हुए। शिष्टमंडल ने आयुक्त राकेश जी को बधाई भी दी और उनके मार्गदर्शन और कुशल प्रशासन में नगर निगम के दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति की उम्मीद भी जताई।

### पेंशन लेने के लिए 30 तक करें सत्यापन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों के लिए 30 सितंबर तक ई-केवाईसी और दस्तावेज सत्यापन करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने बताया कि जिले के 53,256 पेंशन धारकों का सत्यापन कार्य ई-कल्याण मोबाइल ऐप पर आंगनबाड़ी वर्करों के माध्यम से किया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिक, विधवा, एकल नारी, दिव्यांग, कुष्ठ रोगी और ट्रांसजेंडर पेंशनरों को अपने आधार कार्ड, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर और स्थायी पते सहित दस्तावेज आंगनबाड़ी वर्करों को दिखाकर सत्यापन कराना होगा। उन्होंने बताया कि अधिकांश पेंशनरों का सत्यापन हो चुका है, लेकिन कुछ अभी भी बाकी हैं। 30 सितंबर तक सत्यापन नहीं कराने की स्थिति में पेंशन भुगतान बाधित हो सकता है। इसलिए पेंशनधारकों से अपील की गई है कि वे समय पर प्रक्रिया पूर्ण करवाएं।

### नादौन में इंटर कॉलेज कबड्डी चैंपियनशिप 23 से

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय महाविद्यालय नादौन में 23 सितंबर से इंटर कॉलेज कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें प्रदेश की 55 से अधिक टीमों के भाग लेने की संभावना है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम ने शनिवार को तैयारियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उन्होंने आयोजन समिति को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे। आयोजन सचिव डॉ. विशाल ठाकुर ने बताया कि कॉलेज प्रशासन और स्टाफ इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना जागृत करना और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ टीम भावना और अनुशासन सीखने का अवसर मिलेगा। आयोजन को लेकर कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सभी ने मिलकर प्रतियोगिता को सफल बनाने का संकल्प लिया है।

### नादौन में छात्रों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल नादौन में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्कूल के छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छात्रों ने स्कूल परिसर की सफाई की। इस अवसर पर इको क्लब व एनएसएस के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर कार्यकारी प्रधानाचार्य डॉ. सतीश शर्मा ने बच्चों को सफाई का महत्व समझाया। इस मौके पर प्रवक्ता रिपन परमार, अरविंद पटियाल, सुशील शर्मा, जोगिंदर सिंह, शिव कुमार व अध्यापक सुनील अत्री, संजीव कौशल, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

### 180 पुलिस कर्मियों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस लाइन हमीरपुर में चंडीगढ़ स्थित प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान मैक्स हेल्थकेयर की एक टीम के माध्यम से एक विशेष चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर द्वारा जिला पुलिस हमीरपुर के पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों के शारीरिक स्वास्थ्य की जांच व सुधार के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया। इस विशेष चिकित्सा जांच शिविर में जिला पुलिस हमीरपुर के सभी पुलिस अधिकारियों व 180 पुलिस कर्मचारियों की चिकित्सा जांच की गई।

### डीएवी भड़ोली में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने किया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत, देशभक्ति गीत तथा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम अधिकारी नवीन शर्मा ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। यह शिविर 26 सितंबर तक चलेगा। शिविर अवधि में स्वयंसेवी विद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्रों में मार्ग, मंदिर आदि की सफाई करेंगे। साथ ही परेड, व्यायाम, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। शिविर के शुभारंभ अवसर पर स्वयंसेवी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### राजेश बने अभिभावक-अध्यापक संघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज अध्यापक-अभिभावक संघ के 2025-26 के लिए चुनाव शनिवार को संपन्न हुआ। जिसमें अभिभावक-अभिभाव संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से राजेश कुमार को अध्यक्ष, पवन कुमार को उपाध्यक्ष डॉ. आशा को सचिव, देवराज को कोषाध्यक्ष, धर्मी देवी को सह सचिव और मलकीयत सिंह को मुख्य सलाहकार चुना गया। इसके अलावा सुनील कुमार, प्रो. रविंद्र, डॉ. शुभाष वर्मा, प्रो. तिलक राज को सदस्य मनोनीत किया गया। महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा प्रारंभिक करियर कार्यक्रम विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अजय कमार स्त्रोतविद रहे। व्याख्यान में 70 के करीब विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### नेरी महाविद्यालय में एनसीसी की इकाई शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय नेरी हमीरपुर में राष्ट्रीय कैडेट कोर की 160 कैडेट की इकाई का आरंभ प्रोफेसर देविना वैद्य अधिष्ठाता के अथक प्रयासों से कर्नल जेपी सिंह द्वारा किया गया। इस इकाई में सहायक प्राध्यापक डॉ अजित शर्मा को सीटीओ का कार्यभार दिया गया व विनय वशिष्ट एवं राकेश कुमार को पीआई के लिए नियुक्त किया गया। एनसीसी की इस इकाई में प्रथम व द्वितीय वर्ष के 54 छात्र व छात्राओं के प्रथम चरण की पंजीकरण प्रक्रिया को महाविद्यालय परिसर में एनसीसी प्रशिक्षकों इएसएम पूनम सिंह, हवलदार जय कर्ण शर्मा, हवलदार केवल कुमार व इएसएम हवलदार सोम दत्त की देख रेख में पूर्ण की गई। महाविद्यालय की अधिष्ठाता प्रोफेसर देविना वैद्य ने छात्रों के उज्वल भविष्य में एनसीसी के महत्व को बढ़ावा देने पर बल दिया और साथ ही कहा कि महाविद्यालय में एनसीसी के गठन से छात्रों में अत्यंत उत्साह का अनुभव है।

### 34 महिलाओं ने सीखी मशरूम की खेती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को मशरूम की खेती का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मट्टन सिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के परिसर में आयोजित शिविर शनिवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में 34 महिलाओं ने मशरूम की खेती की बारीकियां सीखीं। शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल कार्यालय के प्रमुख नीरज कुमार आनंद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अपने दैनिक कार्यों के साथ-साथ घर में ही छोटे-छोटे उद्यम या कारोबार स्थापित करके अपनी आय बढ़ा सकती हैं। उद्यम या कारोबार स्थापित करने के लिए उन्हें बैंकों की विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

# मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ नागरिकों को नहीं मिल रही घोषित सुविधाएं

## उपभोक्ता संगठन की बैठक में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

द हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की मासिक बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पिछली बैठक में पारित हुए मामलों पर समीक्षा की गई तथा संगठन द्वारा की गई कार्रवाई बारे सभी सदस्यों को अवगत करवाया गया। वाहनों के मालिक जो अक्सर अधिक किराया वसूल कर रहे थे उन्हें आरटीओ हमीरपुर ने सभी को अपने कार्यालय में बुलाकर ई–रिक्शा के रेटों बारे अवगत करवा दिया है तथा रेटों की सूची अपने–अपने ई रिक्शा पर चिपकाना अनिवार्य किया गया है। अत: सभी ई रिक्शा चालकों से आग्रह किया जाता है कि वह निर्धारित रेटों पर ही उपभोक्ताओं से किराया वसूल करें।

बैठक में विस्तृत चर्चा उपरांत यह फैसला लिया गया कि रिजनल मैनेजर हमीरपुर को शहर में मुद्रिका बस चलाने के लिए अनुरोध किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को सुविधा मिल सके।

**ई-रिक्शा चालकों को रेट सूची चिपकाने के निर्देश, अधिक किराया वसूली पर रोक**

जो फुटपाथ अभी तक शहर में बनने को है उन्हें बनाने बारे संबंधित विभाग शीघ्र कदम उठाएं तथा पुराने आरटीओ ऑफिस से हथली खड्ड तक व न्यायालय परिसर हमीरपुर से सैशन हाउस तक भी फुटपाथ का निर्माण शीघ्र किए जाने के लिए अनुरोध है।

इस बात पर भी चर्चा हुई कि जो पिछले कुछ समय प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ने सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ बैठक करके यह निर्णय लिया था कि 75 वर्ष से ऊपर वाले सभी रोगियों को उनकी आयु के अनुसार अस्पताल की सभी सुविधाएं दी जाएगी, लेकिन देखने में आ रहा है कि इस वर्ग के लोगों को यह सुविधा नहीं दी जा रही है जो न्याय संगत नहीं है। इसके अतिरिक्त प्रयोगशाला में पुरुषों स्त्रियों के अलावा वरिष्ठ नागरिकों की अलग–अलग लाइन लगाने की व्यवस्था की जाए और टेस्ट करने वाले कर्मचारी रिपोर्ट को समय पर रोगियों को उपलब्ध करवाए। संगठन के माननीय सदस्यों ने शहर में दिन प्रतिदिन बढ़ रही चोरियों की वारदात को चैक करने के लिए शहर में रात के समय जो पुलिस गश्त पूर्व में थी उसे पुन आरंभ किया जाए क्योंकि चोर आम जनमानस को शहर में अपना निशाना बना रहे हैं। भोटा चौक पर निजी बसें काफी लंबे समय तक खड़ी रहती है जिस कारण सरकारी लंबे रूट की बसें पास लेकर बिना सवारियां उठाएं निकल जाती है। इस बारे चैक पर तैनात कांस्टेबल को आदेश दिए जाएं के वहां पर ज्यादा समय तक निजी बसें खड़ी ना हो।

इस अवसर पर सर्वश्री एसके कौड़ा, विपिन शर्मा, हेमराज शर्मा, शंभूराम जसवाल,ओ पी नंदा, बलबीर पटियाल, बीना कपिल , अशोक सोनी, अनिरुद्ध डोगरा, प्रेमचंद, रोशन लाल पटियाल, गोपाल दास व अन्य गणमान्य संगठन के सदस्य उपस्थित रहे ।

## कामगार कल्याण बोर्ड की कार्यप्रणाली में किए हैं बड़े सुधार : नरदेव सिंह कंवर

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** भवन निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्य कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा है कि बोर्ड का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने इसकी कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार किए हैं। सीएम सुक्खू के निर्देशानुसार बोर्ड की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं तत्परता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि प्रदेश के पात्र कामगारों को लाभान्वित किया जा सके। कंवर ने बताया कि पूर्व में कई ऐसे लोगों को भी बोर्ड में पंजीकृत कर दिया गया था जोकि कामगार ही नहीं थे। इनमें से कई लोगों ने तो लाखों का फायदा भी उठा लिया। यह जरुरतमंद एवं पात्र कामगारों के साथ बहुत बड़ा अन्याय था।



उन्होंने बताया कि अब बोर्ड ने कामगारों की ई–केवाईसी और भौतिक सत्यापन यानि फिजिकल वेरिफिकेशन आरंभ की है। इसमें कई पंजीकृत लोग अपात्र पाए जा रहे हैं। अब आने वाले समय में कामगारों को ई–केवाईसी एवं भौतिक सत्यापन के बाद ही योजनाओं

**ई-केवाईसी और भौतिक सत्यापन के बाद ही दिए जाएंगे सभी लाभ**

से लाभान्वित किया जाएगा। इससे बोर्ड की योजनाओं के दुरुपयोग पर लगाम लगेगी और पात्र एवं जरूरतमंद कामगार लाभान्वित होंगे। कंवर ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार को बोर्ड के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव कुमार की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से सभी जिलों के श्रम कल्याण अधिकारियों के साथ बैठक करके पिछले 3 माह की प्रगति की समीक्षा की है। श्रम कल्याण अधिकारियों को फील्ड में कामगारों का भौतिक सत्यापन करने के बाद ही दावा पत्रों को मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कामगारों की सुविधा के लिए प्रदेशभर में 2 अक्तूबर तक स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में सचिव एवं सीईओ राजीव ने भी सभी अधिकारियों को पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## कुठेड़ा से 'देई दा नौण' सड़क के तंग मोड़ को खुलवाने का काम शुरू



जनता की मांग पर विधायक रणजीत सिंह ने शुरू करवाया सड़क सुधार कार्य।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**सुजानपुर** उपमंडल की महत्वपूर्ण कुठेड़ा से देई दा नौण वाया झूलानी चलोखर सड़क पर वर्षों से लंबित समस्या का समाधान शुरू हो गया है। सड़क के अत्यधिक तंग और खतरनाक मोड़ों को खुलवाने का कार्य अब सुचारू रूप से आरंभ हो गया है। इस संदर्भ में कांग्रेस नेत्री विनीता देवी ने विधायक कैप्टन रणजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है।

विनीता देवी ने बताया कि इस मार्ग पर मोड़ इतने तंग थे कि बसों और बड़ी गाड़ियों को मुड़ने में भारी कठिनाई होती थी, जिसस यात्रियों की जान जोखिम में पड़ जाती थी स्थानीय लोगों को भी प्रतिदिन आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। विनीता देवी ने बताया कि उन्होंने यह मुद्दा विधायक के सामने एक बार उठाया और उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्य आरंभ करवा दिया। उन्होंने कहा कि यह जनप्रतिनिधित्व का एक अच्छा उदाहरण है, जहां जनता की आवाज को प्राथमिकता दी गई और समाधान की दिशा में तत्काल कदम उठाए गए। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्य के लिए संतोष जताया है।

## स्वच्छता से ही सुंदर और स्वच्छ बनेगा वातावरण: देशराज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक एसएमसी अध्यक्ष रंजना देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में स्कूल के प्रधानाचार्य देशराज कमल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में स्कूल में वेट लिफ्टिंग सुविधा शुरू करने, लंबे समय से खाली पड़े कला अध्यापक का पद भरने और हेल्थ केयर विषय को वोकेशनल के रूप में शामिल करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। प्रधानाचार्य देशराज कमल ने कहा कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत कई गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं, जिसमें अभिभावकों और समिति सदस्यों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसे अभियानों से जोड़कर समाज प्रेरित कार्यों में निपुण बनाया जा रहा है ताकि वे घरों में भी जागरूकता फैला सकें। बैठक में वरिष्ठ प्रवक्ता मणी राम, अर्थशास्त्र प्रवक्ता पवन रांगड़ा, क्लस्टर अध्यक्ष रेखा रानी व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## हिम अकादमी के बच्चों को मिला करियर मार्गदर्शन

### सत्र में रुचि, क्षमता पहचानने पर दिया विशेष ध्यान, वंडर स्कूल का जताया आभार




हिम अकादमी स्कूल के छात्रों को वंडर स्कूल के सहयोग से मिला करियर मार्गदर्शन।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल ने हाल ही में विद्यार्थियों के लिए एक–से–एक करियर काउंसलिंग इंटरैक्शन सत्र का आयोजन किया, जिसमें उन्हें अपने भविष्य के करियर को सही दिशा देने के लिए व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस सत्र का नेतृत्व सौरभ गुप्ता ने किया, साथ ही विद्यालय के करियर काउंसलिंग प्रभारी अनूप रांगड़ा और हरीश शर्मा भी उपस्थित रहे। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को अपने करियर संबंधी आकांक्षाओं पर चर्चा करने और सही मार्ग चुनने के लिए विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त करने का अवसर मिला। परामर्शदाताओं ने विभिन्न मूल्यांकन उपकरणों और तकनीकों का उपयोग करके विद्यार्थियों की क्षमताओं, रुचियों और मूल्यों की पहचान कराई, जिससे वे अपने भविष्य के लिए सूझबूझ से निर्णय ले सकें। सत्र में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत दृष्टिकोण की सराहना की और इसे अपने करियर लक्ष्यों को स्पष्ट करने में सहायक बताया। कई छात्रों ने इस कार्यक्रम के आयोजन और उपयोगी मार्गदर्शन के लिए वंडर स्कूल पंचकूला के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल ने इस सार्थक कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

## छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से लोग किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के छात्रों ने विख्यात मंदिर शनिदेव में लोगों को साइबर वैलनेस जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार लंबलू भावना शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर प्राचार्य नैना लखनपाल, प्रधानाचार्य हीरानगर शशि बाला, उप प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा, ग्राम पंचायत प्रधान नीलम, बीडीसी लंबलू पंचायत तिलकराज शर्मा, उपप्रधान लंबलू पंचायत सुरेन्द्र शर्मा व अन्य पंचायतों से भी लगभग 70 लोगों ने दर्शक दीर्घा की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि ने जागरूकता अभियान की प्रशंसा की व लोगों से साइबर कल्याण के नियमों को अपनाने के लिए कहा।

## श्राद्ध के लिए पकवान बनाते समय सिलेंडर में आग, पांच लोग झुलसे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उच्च शिक्षा निदेशक कार्यालय के साथ स्थापित हरिजन बस्ती में शनिवार को एक घर में श्राद्ध के लिए पकवान बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर में आग लगने से परिवार के पांच सदस्य इसकी चपेट में आ गए और झुलस गए। इस घटना में दो छोटे बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस घटना के बाद घायलों को मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ले जाया गया जहां पर उपचार करने के बाद दो छोटे बच्चों व दो महिलाओं को उपचार के लिए पीजीआई रेफर कर दिया है।

बताया जा रहा है कि यह घटना शनिवार 3 बजे की है जब परिवार श्राद्ध के लिए पकवान तैयार कर रहा है ऐसे में सिलेंडर में लगी पाइप में आग लग गई जिससे सिलेंडर में भी आग लग गई। जब पाइप में आग लगी तो सिलेंडर घूमने लगा जिससे घर के अंदर मौजूद परिवार के सदस्य झुलस गए। इस घटना में घर में चारों तरफ धुआं फैल गया और घर के अंदर रखे सामान में भी आग लग गई। परिवार के सदस्य ने ही अग्निशमन केंद्र में जाकर इसकी सूचना दी। अग्निशमन केंद्र

**हरिजन बस्ती में पेश आया हादसा एक ही परिवार के हैं सभी सदस्य**

**गंभीर रूप से झुलसे दो महिला व दो बच्चों को पीजीआई किया रेफर**

से उप अग्निशमन अधिकारी, टीम लीडर रमानंद के नेतृत्व में टीम ने घटनास्थल पर आग पर काबू पाया। उप अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि इस घटना में परिवार को लगभग 2 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इस बारे में सदर थाना प्रभारी कुलवंत सिंह ने बताया कि श्राद्ध के लिए घर में भटटी लगाई हुई थी पाइप में गर्म चीज रखने से पाइप में आग लग गई। इससे पांच लोग घायल हो गए हैं। इनमें श्रुति 21 वर्ष, रिहान 7 वर्ष, सुनीता 30 वर्ष, वंशु 3 वर्ष और रिशु 27 वर्ष झुलस गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से बच्चों और महिलाओं को पीजीआई के लिए रैफर कर दिया गया है और लड़के का उपचार मेडिकल कालेज में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिलेंडर को फटने से बचा लिया गया है ।

## जिला परिषद वार्डों में वोटरों के अनुपात में एकरूपता लाने की मांग

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** बगेहड़ा वार्ड जिला परिषद सदस्य प्रवीण ठाकुर और प्रकाश सडयाल ने सुजानपुर की चार जिला परिषद सीटों में वोटरों के अनुपात में एकरूपता लाई जाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने भोरंज विधानसभा से सुजानपुर में आई चार पंचायतों को साथ लगते वार्ड दारोगण पति कोट तथा उटपुर से लगती पंचायत को उटपुर वार्ड में डाले जाने की मांग की है। भाजपा नेताओं ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में चार जिला परिषद वार्ड हैं, जिनका पुनर्सीमांकन किया गया है, लेकिन कुछ पंचायत को साथ लगते वार्ड से हटकर अन्य वार्ड में डाला गया है। बगैहडा वार्ड में 13 पंचायत से 17940 वोटर हैं, जबकि करोट पंचायत में 13 पंचायत के 13904 वोटर हैं। दरोगण पति कोट में 9 पंचायत के 15158 तथा उटपुर में 12 पंचायत के 13152 वोटर हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि वोटरों के अनुपात में एकरूपता लाई जाए तथा पंचायतों को साथ लगते जिला परिषद वार्ड में समायोजित किया जाए।



## प्रमोशन पर ताले, एक्सटेंशन पर मेहरबान सरकार : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रदेश में सरकारी व्यवस्था अब केवल खास लोगों के लिए खुली हुई है। जारी बयान में राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि सरकार ने कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रमोशन के दरवाजे पूरी तरह बंद कर दिए हैं और अपने चहेतों को एक्सटेंशन और री–एम्प्लॉयमेंट का विशेषाधिकार देकर नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि टौणी देवी में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता 7 महीने पहले रिटायर हुए थे। उन्हें एक्सटेंशन मिली, फिर 19 अगस्त को उन्होंने त्यागपत्र दिया। सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर अधिसूचना जारी की, लेकिन 20 दिन बाद उन्हें पुन: नौकरी पर रख लिया गया। यही नहीं, भोरंज मंडल के लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता और सुजानपुर के खंड

**कहा- सरकार चला रही चहेतों का खेल, कर्मचारी हो रहे नजरअंदाज**

विकास अधिकारी को भी रिटायरमेंट के बाद री–एम्प्लॉयमेंट दी गई। राजेंद्र राणा ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर के रिटायर होने के बाद चार्ज अधीक्षण अभियंता को सौंपा गया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से प्रमोशन की दहलीज पर खड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के हकों की अनदेखी हो रही है और प्रशासनिक असंतोष बढ़ रहा है।

राणा ने कहा कि यह खेल केवल एक्सटेंशन और री–एम्प्लॉयमेंट तक सीमित नहीं है। साफ दिख रहा है कि दाल में कुछ काला नहीं बल्कि सरकार में दाल ही पूरी तरह काली है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इसी तरह सरकार केवल अपने चहेतों को लाभ देती रही, तो कर्मचारियों में असंतोष और प्रशासनिक स्तर पर अव्यवस्था बढ़ेगी।

## आईएचएम के परिचय समारोह में आयुष मिस्टर और निहारिका बनी मिस फ्रेशर



मिस निहारिका और मिस्टर फ्रेशर आयुष को सम्मानित करते एडीसी अभिषेक गर्ग।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में शुक्रवार को परिचय–2025 समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर निहारिका शर्मा को मिस फ्रेशर और आयुष को मिस्टर फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीसी एवं कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग ने विद्यार्थियों से मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि आईएचएम से पासआउट छात्र आज देश–विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में कार्यरत हैं, जो संस्थान

**एडीसी अभिषेक गर्ग ने किया छात्रों का मार्गदर्शन**

की गुणवत्ता का प्रतीक है। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई और इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। हिमाचली नाटी, पंजाबी भांगड़ा और अन्य लोकनृत्यों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए और वरिष्ठ छात्रों के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देना है। संस्थान में रैगिंग न होने की परंपरा इसी सौहार्दपूर्ण वातावरण का परिणाम है।

**कार्यक्रम** एनआईटी हमीरपुर में 'स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025' उत्साह के साथ आयोजित

## देशभर से आई 94 टीमों ने दिखाई तकनीकी प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एनआईटी हमीरपुर में 'स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025' बड़े उत्साह के साथ मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से युवाओं ने भाग लेकर तकनीकी नवाचार की मिसाल पेश की। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने नये विचारों, कोडिंग कौशल और डिजिटल समाधान के जरिए विभिन्न वास्तविक जीवन की समस्याओं पर उचित समाधान प्रस्तुत किए, जिसे सभी ने दिल से सराहा ।

डॉ. अजय कुमार मल्लिक को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 के लिए एकल संपर्क बिंदु (एसपीओसी) के रूप में नामित किया गया। हैकाथॉन के उद्घाटन समारोह में संस्थान के कई सम्माननीय अधिकारी उपस्थित रहे। एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रोफेसर एचएम सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में उत्कृष्ट बनने के लिए



**50 टीमों का हुआ चयन युवाओं की रचनात्मकता ने बटोरी सराहना**

प्रेरित किया। कुलसचिव डॉ. अर्चना संतोष ननोटी ने नवाचार के प्रति युवाओं में उत्साह और जोश भर दिया। प्रोफेसर वाईडी शर्मा, डीन विद्यार्थी कल्याण, ने आयोजन की सराहना करते हुए छात्रों को सशक्त भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही, डॉ. अजय कुमार मलिक, डॉ. राकेश शर्मा और डॉ. प्रदीप सिंह ने छात्र हित में आयोजन के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसमें 94 टीमों और 564 प्रतिभागियों ने 94 समस्या–विवरणों पर काम किया, जिससे इस आयोजन में नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का सर्वोत्तम प्रदर्शन हुआ। अंतिम चयन में, 50 टीमें सफल रहीं, जिनमें 45 चयनित टीमें और 5 प्रतीक्षा सूची में थीं, जिससे प्रतिभागियों की उच्च स्तर की प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन हुआ।

### एनआईटी हमीरपुर में 'मिस्टिकल गैदरिंग 2025' में दिखा फैशन व संस्कृति का संगम

**एनआईटी** हमीरपुर में शनिवार को एक जीवंत और आकर्षक सांस्कृतिक संध्या 'मिस्टिकल गैदरिंग 2025' का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम टीम फैशन परेड द्वारा छात्र सांस्कृतिक समिति और प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसमें छात्रों को फैशन, संस्कृति और रचनात्मकता का अद्वितीय संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ औपचारिक उद्घाटन सत्र से हुआ, जिसमें निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी, रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष ननोटी और डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ.योगेश्वर दत्त शर्मा सहित गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## न्यूज ब्रीफ

### जुन्गा में निशुल्क नेत्र जांच शिविर कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** वरिष्ठ नागरिकों की आंखों की देखभाल के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, शिमला और मानव कल्याण सेवा समिति, कराई चौपाल के संयुक्त प्रयासों से 22 सितंबर को सिविल अस्पताल जुन्गा में एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में मुख्य रूप से मोतियाबिंद की जांच की जाएगी और अगले चरण के शिविर में मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। तहसील कल्याण अधिकारी, शिमला, सतीश शर्मा ने बताया कि इस शिविर में प्रसिद्ध अस्पतालों के नेत्र विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। सभी वृद्धजन अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड या वोटर पहचान पत्र लाना सुनिश्चित करें।

### सुन्नी कॉलेज में हुई रचनात्मक लेखन कार्यशाला

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, सुन्नी में शनिवार को अंग्रेजी साहित्य की रचनात्मक लेखन कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को अंग्रेजी साहित्य की विभिन्न विधाओं में रचनात्मक लेखन सिखाना था।कार्यशाला का आयोजन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. सपना डोगरा और प्रोफेसर रामेश्वरी ने किया। इसमें छात्रों को कविता, नाटक और उपन्यास लिखने की आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों को रचनात्मक लेखन के माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों के बारे में भी बताया गया। इस सप्ताह भर चलने वाली कार्यशाला के समापन समारोह में छात्रों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए।

### स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को किया याद

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** पीएम श्री राजकीय आदर्श उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुन्नी में शनिवार को 'वीर गाथा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निबंध, कविता पाठ, चित्रकला और अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को याद किया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनाओं के जरिए देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और प्रकृति और भूमिका ने देशभक्ति के गानों पर नृत्य किया। प्रधानाचार्य विपिन कुमार रघुवंशी ने बच्चों को देश के वीरों के प्रति सम्मान और प्रेम रखने के लिए प्रेरित किया।

### लूहरी जल विद्युत परियोजना में मनाया हिंदी पखवाड़ा

**अनंत ज्ञान, कुमारसेन।** लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1 (विथल) में हिंदी पखवाड़े में अनुवाद और श्रुतलेखन प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में परियोजना के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साह के साथ बड़ी संख्या में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम को और भी सफल बनाने में मदद मिली। अनुवाद प्रतियोगिता में, प्रतिभागियों ने हिंदी और अंग्रेजी शब्दों का सटीकता से अनुवाद किया। वहीं, श्रुतलेखन प्रतियोगिता में उनकी सुनने और लिखने की क्षमता का परीक्षण किया गया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी योग्यता और लगन का प्रदर्शन किया।

### क्विज प्रतियोगिता में श्रुति की टीम बनी विजेता

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा में वाणिज्य विभाग के यंग एंटरप्रेन्योर क्लब ने एक रोमांचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें बीकॉम के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य डॉ. ललिता रावत और डीन स्टडीज डॉ. अनिल चौहान ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के समग्र विकास और उनमें नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देती हैं। प्रतियोगिता का सफल संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिकाओं संधिरा मेदीयन, प्रमिला कायथ और दिव्यांशी शर्मा के प्रयासों से हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कैप्टन श्रुति और उनकी टीम ने जीता, जबकि द्वितीय और तृतीय पुरस्कार क्रमशः कैप्टन डिंकल और कैप्टन अंजना की टीमों ने प्राप्त किए।

### सुन्नी कॉलेज परिसर में छात्रों ने की सफाई

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय सुन्नी की एनएसएस इकाई ने छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ मिलकर परिसर सौंदर्यीकरण और प्लास्टिक-मुक्त पहल पर एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य कॉलेज को हरा-भरा और स्वच्छ बनाना था। शिविर के दौरान, छात्रों ने वृक्षारोपण और सफाई अभियान में भाग लिया, साथ ही एकल उपयोग प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करने के बारे में जागरूकता फैलाई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनमोहन और प्रो. सुष्मिता ठाकुर ने इस प्रयास में स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

### छात्रों को साइबर सुरक्षा से कराया अवगत

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** उपमंडल रामपुर की तहसील तकलेच में स्थित पीएम श्री राजमाता शांति देवी मेमोरियल राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में शनिवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय विशेषज्ञ जगदेव चंद शर्मा ने विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नवीन आविष्कारों, वैश्वीकरण के युग में विज्ञान की भूमिका तथा साइबर क्राइम सुरक्षा के बारे में विस्तार से अवगत कराया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने इस प्रेरक कार्यशाला के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम का संचालन अशोक मेहता ने किया।

### ठियोग बस स्टैंड से होकर जाएंगी एचआरटीसी बसें

**अनंत ज्ञान, ठियोग।** जिला शिमला के डीसी अनुपम कश्यप ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है जिसके अनुसार अब हिमाचल पथ परिवहन निगम और निजी दोनों तरह की बसों को ठियोग बस स्टैंड से होकर ही गुज़रना होगा। मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 117 के तहत मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए, अनुपम कश्यप ने यह घोषणा की है कि यह कदम सार्वजनिक हित के लिए उठाया गया है। यह निर्णय यात्रियों के लिए कई तरह के लाभ लेकर आएगा, जैसे बेहतर प्रतीक्षा सुविधा, सुरक्षित चढ़ने-उतरने का इंतजाम और सबसे महत्वपूर्ण, यातायात की व्यवस्था में सुधार होगा।

# दिल्ली की मंडियों में हिमाचली सेब पड़ा 'फीका'

## कश्मीरी सेब की दस्तक, बागवानों की मेहनत पर फिरा पानी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल की पहचान रहा सेब विपरीत परिस्थितियों का शिकार हो गया। बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि ने बागों में वह चटक रंग और ठोस गुणवत्ता नहीं बनने दी, जो हर साल हिमाचली सेब की अलग पहचान रही है। ऊपर से जब बागवान अपनी मेहनत का फल लेकर दिल्ली और अन्य राज्यों की प्रमुख मंडियों में पहुंचे, तो कश्मीरी सेब की बाढ़ ने उनका आकर्षण ही ध्वस्त कर दिया।

पहले जहां रॉयल डिलीशियस जैसी किस्म 2,000 रुपए से अधिक प्रति कार्टन बिक रही था, वहीं अब दाम औसतन 1,600 रुपए के आसपास सिमट कर रह गया है। 20 किलो की पेटी का मूल्य 1,500 रुपए से ऊपर नहीं टिक पा रहा। लागत दोगुनी बढ़ने और भाव आधे रह जाने से बागवानों की दशा बेहद चिंताजनक हो गई है। कई बागवान इसे खुलेआम एक साजिश कह रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि हमारे पास अब उम्मीद बची ही कहां है?

दिल्ली की आजादपुर और अन्य बड़ी मंडियों में, जहां कभी हिमाचली सेब की पहली दस्तक ही भावों को ऊँचाई पर पहुँचा देती थी, अब वही मंडियाँ कश्मीरी सेब के बोझ तले दब चुकी हैं। हिमाचल का सेब वहाँ मौजूद तो है, परंतु उसकी चमक-दमक और खरीदारों की होड़ घट चुकी है। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि हिमाचल के सेब उत्पादकों की पहचान पर भी आघात है।



**उत्पादन और वितरण को मजबूत करने की जरूरत**

**सेब** केवल हिमाचल की फसल नहीं, बल्कि उसकी संस्कृति और अस्मिता का प्रतीक है। इस संकट से निकलने के लिए सिर्फ सरकार नहीं, बल्कि बागवान, व्यापारी और उपभोक्ता, सभी को मिलकर रास्ता निकालना होगा। यदि उत्पादन, विपणन और वितरण की कड़ियां मजबूत हों तो हिमाचली सेब की मिठास फिर से पूरे देश के स्वाद और बाजार में अपनी जगह बरकरार रख सकती है।

**कोल्ड स्टोरेज में विस्तार करने की आवश्यकता**

**इस** कठिन दौर में बागवानों को सहारा देने के लिए सरकार से अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग उठ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कोल्ड स्टोरेज और आधुनिक पैकिंग सुविधाओं का विस्तार हो तथा मंडियों में पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए, तो हिमाचली सेब का मान-सम्मान फिर लौट सकता है। वहीं, ऑनलाइन प्लेटफार्म और स्थानीय उपभोक्ता बाजार भी ऐसे विकल्प हैं, जिनसे बागवान सीधे लाभ उठा सकते हैं।

# हिमाचल में पशु मित्र योजना नीति को धरातल पर उतारने के प्रयास तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन की देखभाल और नस्ल सुधार को नई दिशा देने के लिए पशु मित्र नीति 2025 शुरू की है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रारंभिक चरण में एक हजार युवाओं को प्रशिक्षण देकर उनके ही गांवों में पशु मित्र के रूप में नियुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल से शुरू हुई यह योजना किसानों और पशु चिकित्सकों के बीच सेतु का काम करेगी, जिससे ग्रामीण इलाकों में घर-द्वार पर ही उपचार और सेवाएं उपलब्ध होंगी।

चयनित युवाओं को प्रतिदिन चार घंटे कार्य करने पर पांच हजार रुपए मानदेय मिलेगा। उनकी जिम्मेदारियों में पशुओं की प्राथमिक चिकित्सा, टीकाकरण, गर्भावस्था राशन योजना के अंतर्गत चारे की आपूर्ति और बड़े पशुओं को संभालना शामिल होगा। महिला पशु मित्रों को मातृत्व अवकाश और अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। चयन के लिए उपमंडल अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है जो प्रक्रिया और कार्यप्रणाली पर नजर रखेगी।

**गांव-गांव तैनात होंगे पशु मित्र, युवाओं को मिलेगा रोजगार**

**सामुदायिक सहभागिता से मजबूत होगा पशुपालन**

**यह** नीति युवाओं को रोजगार देने के साथ-साथ पशुपालन में समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगी। पशु मित्र गांव-गांव जाकर किसानों को पशुधन प्रबंधन और देखभाल के बारे में जागरूक करेंगे तथा मानव-पशु संघर्ष और बेसहारा पशुओं की समस्या पर समाधान की दिशा में भी काम करेंगे। इससे पशुधन के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**पशुओं के पालन पोषण के बारे में करेंगे प्रशिक्षित**

**पशु** मित्र न केवल सेवा देंगे, बल्कि किसानों को पशुओं के पोषण, स्वास्थ्य और पालन-पोषण के बारे में भी प्रशिक्षित करेंगे। इससे ग्रामीण समुदाय में पशुओं के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना मजबूत होगी। योजना के माध्यम से पशुपालन को वैज्ञानिक तरीके से बढ़ावा मिलेगा और पशुधन की स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच हर गांव तक सुनिश्चित होगी।

# जयराम ठाकुर ने टेट अनिवार्यता पर सरकार की खामोशी पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**कहा-दूसरे राज्य कर रहे पुनर्विचार याचिका दाखिल**



पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) को अनिवार्य करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राज्य सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से प्रदेश में हजारों शिक्षकों की नौकरी खतरे में है, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है।

जयराम ठाकुर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे कई राज्यों ने अपने शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए पुनर्विचार याचिकाएं दाखिल की हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश की सरकार और शिक्षा विभाग ने इस मामले में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है, जिससे शिक्षक समुदाय में बेचैनी है। उन्होंने कहा कि फैसला आए तीन हफ्ते बीत चुके हैं, फिर भी सरकार खामोश है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि उनकी पिछली भाजपा सरकार ने लगभग 12,000 शिक्षकों को नियमित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी थी और शर्तों में छूट दिलाई थी। उन्होंने वर्तमान सरकार से मांग की है कि वह तत्काल सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करे ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके और शिक्षण कार्य प्रभावित न हो।

# महिला अधिकारी ओशिन शर्मा ने प्राइमरी स्कूल लिया गोद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रशासनिक सेवा की ओशिन शर्मा ने एक सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने शिमला के ढली में स्थित सरकारी सेंटर प्राइमरी स्कूल को गोद लेकर एक बेहतरीन मिसाल पेश की है। एसडीएम के रूप में वह न केवल अपने प्रशासनिक कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं, बल्कि सामाजिक बदलाव के लिए भी सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। इस पहल से बच्चों की खुशी भी साफ झलक रही है। जब स्कूल के बच्चों ने प्राइवेट स्कूल के बच्चों की तरह दिखने की इच्छा व्यक्त की, तो ओशिन शर्मा ने उनकी बात को गंभीरता से लिया और उन्हें ब्लेजर, कोट प्रदान किए। बच्चों के चेहरों पर खुशी देखकर एसडीएम ओशिन शर्मा का कहना है इस तरह के गंभीर प्रयास से उनका जीवन सार्थक हो गया है।



एसडीएम ओशिन शर्मा स्कूली बच्चों के साथ।

# ननखड़ी के स्वास्थ्य केंद्र में जुटाई जाएंगी बेहतर सुविधाएं : नंदलाल

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ननखड़ी की रोगी कल्याण समिति की वार्षिक बैठक शनिवार को सर्किट हाउस रामपुर में संपन्न हुई। इस बैठक में अस्पताल के संचालन, वित्तीय स्थिति और नई चिकित्सा उपकरण खरीदने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। हिमाचल प्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक नंदलाल ने बैठक में स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने पर जोर दिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए उचित भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



सर्किट हाउस रामपुर में रोगी कल्याण समिति ननखड़ी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम रामपुर।

बैठक में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का विस्तृत परीक्षण किया गया, जिसमें अब तक के1,17,895 के व्यय को मंजूरी दी गई। समिति ने इस वित्तीय वर्ष में 10,28,740 की आय अर्जित की है, और वर्तमान में खाते में कुल 14,01,100 की शेष राशि उपलब्ध है।

केंद्र में दंत चिकित्सा कुर्सी, हृदय मॉनिटर, रक्त विश्लेषक, स्ट्रेचर, व्हीलचेयर और जल शुद्धिकरण यंत्र जैसे आवश्यक उपकरण खरीदने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, अस्पताल की छत और अन्य जगहों पर हो रहे रिसाव की मरम्मत के लिए भी जल्द कार्रवाई करने पर सहमति बनी।

## भाजपा-आरएसएस कंगना से कहलवाते हैं अपनी बात : धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत के बयानों को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस, कंगना से अपनी बात कहलवाते हैं। धर्माणी ने राहुल गांधी पर की गई कंगना की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि ये लोग हमेशा से ही स्वतंत्रता सेनानियों जैसे जवाहर लाल और मोतीलाल नेहरू पर भी सवाल उठाते रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के पास जनता के सवालों का जवाब नहीं है, इसलिए वे कंगना को आगे कर राजनीति को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।

राज्य के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी कंगना के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ईश्वर इन्हें सद्बुद्धि प्रदान करें हमारी यही प्रार्थना है, यह टिप्पणी कंगना के उस बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने विक्रमादित्य सिंह पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह अपनी शादी और हनीमून में व्यस्त हैं। यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब कुल्लू में मीडिया से बातचीत के दौरान कंगना ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा था कि वह 'सुबह-सुबह आंखें मलते-मलते उठते हैं और कुछ भी पोस्ट कर देते हैं।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि राहुल ने अमेरिका में जाकर देश को बचाने की भीख मांगी थी। इन बयानों पर हिमाचल सरकार के इन दो कद्दावर मंत्रियों ने कड़ी आपत्ति जताई है।

# विक्रमादित्य सिंह 22 को अमरीन कौर संग करेंगे शादी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हॉली लॉज फिर बनेगा ऐतिहासिक लम्हों का गवाह**

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का जीवन अब एक नया मोड़ लेने जा रहा है। 22 सितंबर को वह चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक अमरीन कौर के साथ विवाह बंधन में बंधेंगे। यह समारोह न केवल दो व्यक्तियों के बीच का पवित्र मिलन होगा, बल्कि यह शिमला की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा एक भावनात्मक अवसर भी बनने जा रहा है। चंडीगढ़ के सेक्टर-2 में शनिवार सुबह 10 बजे आनंद कारज की रस्में आरंभ होंगी। दिन में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह की रस्में निभाई जाएंगी और दोपहर का भोज भी आयोजित होगा।

अमरीन कौर के माता-पिता, सरदार जोतिंद्र सिंह सेखों और सरदारनी ओपिंद्र कौर, इस क्षण को अत्यंत गर्व और हर्ष के साथ देख रहे हैं। अमरीन की सरलता, शैक्षणिक गहराई और व्यक्तित्व ने वर्षों पहले ही विक्रमादित्य के मन को छू लिया था।

शाम को दुल्हन के साथ शिमला वापसी होगी, जहां हॉली लॉज को फूलों और रोशनी से सजा दिया गया है। यह वही ऐतिहासिक भवन है, जो वर्षों से हिमाचल की राजनीति, संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं का गवाह रहा है। अब यह एक बार फिर से नई बहू के स्वागत में चमक उठेगा। विक्रमादित्य की यह दूसरी शादी है। साल 2019 में उनकी पहली शादी लंबे समय तक नहीं चल सकी। मगर अब वह जीवन में एक नई शुरुआत कर रहे हैं, जो निजी ही नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## जुब्बल-मशोबरा में बिखरी जागरूकता की रोशनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल सरकार के अनुसूचित जाति कल्याण से जुड़े प्रदेशव्यापी प्रचार अभियान के तहत शनिवार को शिमला जिले के जुब्बल और मशोबरा विकास खंडों में नाट्य दलों ने लोगों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया। स्वर साधना कला मंच ने जुब्बल की जय पीढ़ी माता और मढोल पंचायतों में प्रस्तुतियां दीं, जबकि दि बिगिनर्स ग्रुप ने मशोबरा की कोलू जुब्बड़ और बल्देयां पंचायतों में गीत, संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सरकारी नीतियों का प्रचार किया। कलाकारों ने विकलांग छात्रवृत्ति योजना के तहत 40 प्रतिशत या अधिक विकलांगता वाले छात्रों के लिए मिलने वाली वित्तीय सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिसमें कक्षा पहली से पीएचडी तक के छात्रों को 625 से 3,750 और हॉस्टल में रहने वालों को 1,875 से 5,000 तक की छात्रवृत्ति शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना में अनुत्तीर्ण छात्रों को भी दोबारा छात्रवृत्ति दी जाती है और अभिभावकों की आय सीमा में छूट दी गई है।

## रेरा अध्यक्ष ने राज्यपाल से की मुलाकात



शिमला में शनिवार को रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा), हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष आरडी धीमान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से राजभवन में शिष्टाचार भेंट करते हुए।

# स्टूडेंट्स ने बेकार सामग्री से बनाईं सुंदर कलाकृतियां

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2025 के तहत रामपुर एचपीएस ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कसौली में अपशिष्ट से कला विषय पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें कक्षा 6 से 12 तक के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया और बेकार सामग्री से सुंदर कलाकृतियां बनाईं।

प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में कुमारी गुंजन कक्षा 7वीं ने पहला स्थान, अदिति ने दूसरा और अरुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, वरिष्ठ वर्ग में कृतिका कक्षा 11वीं पहले स्थान पर, अनीश दूसरे और पूर्णिमा तीसरे स्थान पर रहीं। चार अन्य विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन के रूप में स्टेशनरी किट प्रदान की गईं।

इस मौके पर परियोजना प्रमुख इंजी. विकास मारवाह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता को भी बढ़ावा देती हैं।

**चुनावी हलचल** — वोटर लिस्ट पर व्यापक चर्चा शुरू, 22 सितंबर को मिलेगा चुनावी सामान

# पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामसभाओं की बैठकों का आगाज

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं सहित नगर निकाय चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। शनिवार से पूरे प्रदेश की पंचायतों और निकायों में ग्रामसभाओं और बैठकों की शुरुआत हो गई है। यह दौर 26 सितंबर तक चलेगा। इन सभाओं में वोटर लिस्ट का प्रारूप रखा जाएगा, ताकि लोग अपने नाम जांच सकें और यदि नाम गायब हो तो वहीं आपत्ति दर्ज करवा सकें।

**3577 पंचायतों में दिसंबर में मतदान**




पंचायत सचिव की मौजूदगी को हर हाल में अनिवार्य किया गया है, ताकि बैठक की कार्रवाई का सही रिकॉर्ड तैयार हो सके। इसके बाद चुनाव आयोग 10 अक्तूबर तक संशोधित ड्राफ्ट रोल प्रकाशित करेगा, जिस पर जनता अपने सुझाव और आपत्तियां भेज सकेगी।

22 सितंबर को पंचायतों को चुनावी सामग्री बांटी जाएगी। बैलेट पेपर को छोड़कर सभी जरूरी फॉर्म, पेन, पेंसिल और स्टेशनरी मुहैया कराई जाएगी। इसी क्रम में 25 सितंबर तक जिलों में पंचायतों और निकायों के लिए आरक्षण रोस्टर भी तय कर दिया जाएगा। इस बार 2025 को आधार वर्ष मानकर पहला रोस्टर लागू किया जाएगा।

**निष्पक्ष और पारदर्शी होंगे आगामी चुनाव**

**ग्रामसभा** में सक्रिय उपस्थिति से ही यह सुनिश्चित होगा कि मतदाता सूची पूरी तरह दुरुस्त हो और आगामी पंचायत चुनाव पारदर्शी व निष्पक्ष हों। यह जनभागीदारी ही लोकतंत्र की असली ताकत है।

**सोशल मीडिया पर दिखने लगा दम**

**राज्य** की 3577 पंचायतों, 7 नगर निगमों, 29 नगर परिषदों और 37 नगर पंचायतों में इसी साल दिसंबर में चुनाव होंगे। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी वार्डों तक दावेदारी का दौर सोशल मीडिया पर दिखने लगा है। लोग प्रधान, उपप्रधान, जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य बनने के लिए तैयारियों में जुट गए हैं।

## बागवान-आपदा प्रबंधन में विफल रही कांग्रेस सरकार : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई युवा मोर्चा के अध्यक्ष अखिल पिरटा, महामंत्री राजीव ढोटका, रोनित धांटा, निशांत घालटा, अक्षित चौहान और विपुल ने एक संयुक्त बयान में कांग्रेस सरकार पर बागवान विरोधी नीतियों को अपनाने और आपदा प्रबंधन में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 2010 में भाजपा सरकार ने भारी बारिश के बावजूद एम आईएस के तहत पूरा सी ग्रेड से खरीदा और समय पर भुगतान किया, जबकि आज कांग्रेस सरकार के रहते 20 करोड रुपए का भुगतान लंबित है। इन नेताओं ने पराला प्रोसेसिंग प्लांट के बार-बार बंद होने पर भी सवाल उठाए।

**शिक्षा मंत्री पर लगाए लापरवाही के आरोप बरागटा की सराहना**

युवा मोर्चा के इन नेताओं ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर हाल की आपदा के दौरान अपने ही क्षेत्र में देर से पहुँचने का आरोप लगाया। इसके विपरीत, उन्होंने भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा की सराहना की, जिन्होंने आपदा की घड़ी में जनता के बीच रहकर सड़के बिजली और सब की आपूर्ति बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की विफलता अब प्रदेश की जनता के सामने है।

# आपदा में भाजपा की राजनीति पर भड़की युवा कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**कहा-चेतन बरागटा भूल गए 2010 के हालात**

जुब्बल-नावर-कोटखाई युवा कांग्रेस ने भाजपा पर आपदा के समय राजनीति करने का आरोप लगाया है। संगठन ने कहा कि जब पूरा क्षेत्र त्रासदी से जूझ रहा था, तब भाजपा नेता चेतन बरागटा मौके पर पहुंचकर वीडियो बनाकर झूठा श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे। युवा कांग्रेस ने याद दिलाया कि 2010 में भाजपा शासनकाल के दौरान यहां की सड़कें इतनी बदहाल थीं कि बोरियां तो छोड़िए, बागवानों के सेब की पेटियां तक घरों में ही सड़ गई थीं। उस समय भाजपा सरकार ने बागवानों को राहत देने की बजाय सेब से 'केंचुआ खाद' बनाने की सलाह दी थी।

युवा कांग्रेस ने कहा कि इस बार की आपदा से प्रदेश को लगभग 3000 करोड़ का नुकसान हुआ, जिसमें से केवल जुब्बल-नावर-कोटखाई में ही 200 करोड़ का नुकसान दर्ज किया गया। बावजूद इसके शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में सड़कों को युद्धस्तर पर खोला गया और सेब मंडियों तक सुरक्षित पहुंचा। एमआईएस योजना के तहत पूरे प्रदेश में 274 सेब खरीद केंद्र खोले गए हैं, जिनमें अकेले जुब्बल-नावर-कोटखाई में 80 केंद्र स्थापित हुए। सरकार ने 2023 से अब तक 167 करोड़ का भुगतान किया है, जिसमें 90 करोड़ भाजपा शासनकाल की बकाया राशि थी। सेब का एक-एक पैसा बागवानों को मिलेगा और यदि एमआईएस में खरीदा सेब कहीं खराब भी होता है तो उसका वहन सरकार स्वयं करेगी।

युवा कांग्रेस ने भाजपा से कहा कि यदि सचमुच उन्हें बागवानों से सहानुभूति है, तो उन्हें केंद्र सरकार द्वारा एमआईएस योजना का बजट 1500 करोड़ से घटाकर मात्र एक लाख रुपये करने के फैसले के खिलाफ अभियान चलाना चाहिए। संगठन ने यह भी कहा कि 2023 की आपदा में केंद्र ने नुकसान का आंकलन केवल 2000 करोड़ किया था, जबकि वास्तविक नुकसान कई गुना अधिक था। अब 2025 की भीषण आपदा का यथार्थपूर्ण आंकलन कर हिमाचल को उचित राहत राशि जारी करनी चाहिए। इस संयुक्त बयान को युवा कांग्रेस जुब्बल-नावर-कोटखाई अध्यक्ष दीपक काल्टा, युवा कांग्रेस कोटखाई अध्यक्ष अतुल चौहान, युवा कांग्रेस जुब्बल अध्यक्ष विक्रांत सिथटा, महासचिव अमन चौहान आदि ने जारी किया।

## न्यूज ब्रीफ

### नौरा स्कूल में चलाया स्वच्छता अभियान



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौरा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एनएसएस इकाई की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। सभी वॉलंटियर्स ने लगभग दस किलो पॉलिथीन इकट्ठा किया गया। वहीं, पानी की निकासी के लिए नालियां बनाई गईं। प्रधानाचार्य प्रेम सागर ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम अधिकारी नरेश राणा ने बताया कि बच्चों ने स्कूल के कैंपस की सफाई की। इस अवसर पर बच्चों को शपथ भी दिलाई गई। बच्चों ने पीनी की टंकियों को भी साफ किया। कैंप में बच्चों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इस दौरान बच्चों में फल भी बांटे गए।

### रिहाड़ू राम बने अभिभावक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रिड़मार कॉलेज में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संघ की आम सभा प्राचार्य डॉ. युवराज सिंह की अध्यक्षता में हुई। सभा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें रिहाड़ू राम को प्रधान, बेबी देवी को उपप्रधान, अरुण कुमार कोषाध्यक्ष, हाकम चंद सहायक प्राध्यपक को महासचिव चुना गया। बैठक में हाकम चंद ने पिछले सत्र में पीटीए फंड की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिस पर सभी सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ. युवराज सिंह ने अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और नशामुक्त जीवन की महत्ता पर बल दिया।

### सीमा प्रधान और सुमन कुमारी को चुना उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय में सत्र 2025-2026 के लिए अभिभावक-शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. जतिंदर कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सीमा को प्रधान, सुमन कुमारी को उपप्रधान, परवीन कुमारी को सह सचिव, ऊषा देवी को कोषाध्यक्ष और प्रो. दविंदर सिंह को सचिव चुना गया। कार्यवाहक प्राचार्य ने सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यकारिणी महाविद्यालय और अभिभावकों के बीच सहयोग और संवाद को और मजबूत करेगी।

### लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रिलायंस ट्रेंड्स धर्मशाला की टीम ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत वार मेमोरियल और आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। डिपार्टमेंट मैनेजर संजय कुमार और उनके सहयोगी स्टाफ सदस्य अनित, पियूष, वरुण और सरबजीत ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान सफाई की गई और स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। यह पहल धर्मशाला स्मार्ट सिटी के मिशन को मजबूत करती है और समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करती है। सभी ने मिलकर एक स्वच्छ और स्वस्थ धर्मशाला बनाने का संकल्प लिया।

### विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** जिला प्रशासन द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान संवाद के तहत तहसील कल्याण अधिकारी बैजनाथ आलोक ठाकुर ने राजकीय उच्च विद्यालय भेठ झिकली में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी खोखला कर देता है। उन्होंने बच्चों को जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने और अपने आसपास भी नशामुक्त वातावरण बनाने का आह्वान किया।

### बतबाड़ में 458 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने एमओ डॉक्टर विजय जरियाल के नेतृत्व में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत सरस्वती विद्या निकेतन हाई स्कूल बतबाड़ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 458 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 458 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए। लोगों ने मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शिविर के लिए सांसद अनुराग ठाकुर का धन्यवाद किया।

### नुक्कड़ नाटक से किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से बीएससी मेडिकल के विद्यार्थियों ने एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिखाया कि किस प्रकार पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हैं परंतु गंदगी फैलाकर पर्यावरण को प्रदूषित कर देते हैं। नुक्कड़ नाटक का निर्देशन ईको क्लब की समन्वयक डॉ. मीनाक्षी ठाकुर द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने कहा कि हमें अपनी सोच बदलकर पर्यावरण की सुरक्षा को सर्वोपरि रखना चाहिए। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपनी जिम्मेदारी को समझे और कचरे का निपटान सही ढंग से करें। इस अवसर पर शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे।

### पालमपुर कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई की ओर से अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्व में शांति बनाए रखने के संकल्प के साथ हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया तथा शांति रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने प्रथम हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान की औपचारिक शुरुआत के साथ किया।

# धर्मशाला में मारपीट; पंजाबी युवकों ने की फायरिंग, सभी आरोपी फरार

## चाबी ढूंढने की बात पर स्थानीय युवक से की मारपीट, गोली का खोल बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पुलिस ने किया अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज**

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला में स्थानीय युवक से कहासुनी उपरांत पंजाब के युवकों के पिस्टल से फायर करने का मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक फरार हो गए और पुलिस की टीमें उनकी तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर रात को पंजाब के करीब 5 युवक एक मॉल के पास सड़क में खड़े थे।

इन लोगों की बाइक की चाबी खो गई थी, जिसे वे तलाश रहे थे। इसी दौरान एक स्थानीय युवक भी मॉल में पहुंचा तो इन युवकों ने उसको चाबी ढूंढने के लिए कहा। इस पर स्थानीय युवक ने कहा कि तुम्हारी चाबी खोई है, तो तुम ही तलाश करो। इसी बात को लेकर पंजाबी युवक स्थानीय युवक से बहस करने लगे तथा उसको थप्पड़ जड़ दिए। इसके बाद स्थानीय युवक ने खुद से मारपीट की बात फोन कर अपने कुछ दोस्तों को बताई। जब इस युवक के दोस्त मौके पर पहुंचे तो पंजाब के युवक कुछ दूर आगे कोतवाली बाजार की ओर निकल चुके थे। इसके बाद तीन युवक अपनी कार में इन युवकों को देखने के लिए आगे आ गए। ये युवक उस समय होटल धौलाधार के समीप मौजूद मिले। युवक को पीटने का कारण पूछने के चलते वाद-विवाद के साथ बात हाथापाई तक जा पहुंची तथा 5 से 6 स्थानीय युवक इन पंजाबी युवकों से भिड़ गए। इसी बीच पंजाब के एक युवक ने जेब से पिस्टल निकाल कर उसे युवकों की ओर तान कर फायर कर दिया। ये गोली एक युवक को छूते हुए निकल गई। जानकारी के अनुसार आरोपी युवकों ने फिर से गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन गोली नहीं चल सकी। पिस्टल देख कर स्थानीय युवक भाग गए और उन्होंने आड़ लेकर पत्थरों आदि से पंजाबी युवकों पर हमला कर दिया। इसके बाद पंजाबी युवक अपनी एक बाइक को छोड़कर फरार हो गए। मामले की शिकायत शनिवार सुबह करीब 10.30 बजे स्थानीय युवकों ने की, जिसके बाद अज्ञात 5 से 6 युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट तथा मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों द्वारा चलाई गई गोली का खोल बरामद करने के अलावा सीसीटीवी फुटेज खंगाली। आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें जुट गई है। पुलिस ने बाइक के आधार पर तलाश शुरू कर दी है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## हिमाचली ड्रामा रोमांस फिल्म का शिकागो फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**वैश्विक मंच पर हिमाचली कहानियों और संस्कृति को पहुंचाना उद्देश्य**

हिमाचली संस्कृति और जीवन से गहराई से जुड़ी ड्रामा-रोमांस फिल्म चिंगम का वर्ल्ड प्रीमियर इस साल शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल (सीएसएएफएफ) 2025 में हुआ। फिल्म का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की कहानियों दुनिया को सुनाना और यहां की संस्कृति, प्रतिभा और असलियत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना।

यह चयन हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि इस स्तर पर इतनी प्रामाणिकता के साथ हिमाचल को प्रस्तुत करने वाली कोई फिल्म अब तक नहीं पहुंची है। इस फिल्म के लेखक, निर्देशक और अभिनेता अभय शर्मा हैं। अभय का मूल निवास नारकंडा, हिमाचल प्रदेश है और उन्होंने अपना बचपन और शिक्षा शिमला में बिताई। वह फिल्म की पढ़ाई के लिए मुंबई चले गए। अपनी संस्कृति के प्रति गहरी लगन और अपने राज्य पर गर्व की भावना के साथ, अभय ने चिंगम को इस उद्देश्य से बनाया है कि हिमाचल की असल कहानियां, लोग और संगीत दुनिया के सामने रखे जा सकें। चिंगम का निर्माण हैदराबाद से अजय रेड्डी ने वर्स स्टूडियोज के बैनर तले किया है। फिल्म में हिमाचल के कई प्रमुख और प्रभावशाली कलाकार भी जुड़े हैं, जिनमें गोपाल शर्मा, राजेंद्र आचार्य, सुरेंद्र नेगी, अरुण जस्ट, सिराजी और एक्सटेंन निक शामिल हैं। इस फिल्म में लोक और आधुनिक संगीत का खूबसूरत मेल देखने को मिलेगा। रोमांस और कमिंग-ऑफ-एज कहानी से आगे बढ़कर, चिंगम एक सांस्कृतिक दस्तावेज की तरह खड़ी होती है। यह हिमाचल को उसके दृश्य सौंदर्य के बजाय उसके असली, जमीनी लोग और जीवंत परंपराओं के माध्यम से दिखाती है।

## लंज कॉलेज व चंगर संघर्ष समिति के बीच समझौता

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



शिक्षा और कौशल विकास के उद्देश्य से किया गया समझौता।

**राजकीय** महाविद्यालय लंज और चंगर संघर्ष समिति लंज के बीच शनिवार को महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता शिक्षा, कौशल विकास एवं समुदाय के समग्र उत्थान की दिशा में संयुक्त प्रयासों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से किया गया है। कॉलेज प्राचार्य संजय कुमार शर्मा ने बताया कि समझौते के अंतर्गत महाविद्यालय और समिति चंगर समुदाय में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, योग्य छात्रों की पहचान कर उनकी सूची समिति के साथ साझा करना है।

समिति द्वारा चयनित छात्रों की शिक्षा का प्रबंध अपने संसाधनों से करना, जिसमें छात्रवृत्ति, वित्तीय सहायता और मेंटरशिप शामिल हो सकती है। संयुक्त रूप से सेमिनार, कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम और सामाजिक जागरूकता अभियान आयोजित करना। फैकल्टी व छात्रों की सहभागिता के साथ सामुदायिक शोध और दस्तावेजीकरण को बढ़ावा देना। एमओयू के कार्यान्वयन के लिए एक संयुक्त समन्वय समिति का गठन किया जाएगा, जो सभी गतिविधियों की निगरानी, मूल्यांकन एवं सतत सुधार के लिए उत्तरदायी होगी। समिति द्वारा नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिससे पारदर्शिता व उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जा सके। यह समझौता तीन वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा, जिसे दोनों पक्षों की आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है।

## आपदा के चलते शाहपुर दशहरे में नहीं होंगी सांस्कृतिक संध्याएं

**खेलकूद व पुतला दहन होंगे : केवल पठानिया**

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** एसडीएम कार्यालय परिसर शाहपुर में शनिवार को शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय दशहरा उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपमंडल स्तर के सभी विभागीय अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार दशहरा उत्सव में सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष बरसात के कारण आई आपदा से जन-धन की भारी क्षति हुई है। ऐसे में संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि उत्सव की परंपरा को जीवित रखने के लिए पूर्व की भांति खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और दशहरा के दिन रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले दहन किए जाएंगे।

### थुरल में महिला स्वास्थ्य शिविर कल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** नागरिक अस्पताल थुरल में 22 सितंबर को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी अनीता शर्मा ने बताया कि शिविर में टांडा मेडिकल कॉलेज सहित विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर जैसे त्वचा, हड्डी, स्त्री, ईएनटी, दंत व शल्य रोग विशेषज्ञ सेवाएं देंगे।

## दलाईलामा की दीर्घायु को प्रार्थना सभा, कई देशों के बौद्ध अनुयायियों ने लिया आशीर्वाद



दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों और कोरिया से आए बौद्ध अनुयायियों ने किया विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

**धर्मगुरु** दलाईलामा की दीर्घायु के लिए शनिवार को मैक्लोडगंज के चुगलाखंग बौद्ध मठ में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों और कोरिया से आए बौद्ध अनुयायियों की ओर से किया गया। इसमें धर्मगुरु दलाईलामा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रार्थना में उपस्थित हजारों की संख्या में बौद्ध भिक्षुओं, विदेशी पर्यटकों, बौद्ध अनुयायियों व तिब्बती समुदाय के लोगों ने भाग लिया।

थाईलैंड से आई बौद्ध अनुयायी पनिशा बुरी ने कहा कि वह धर्मगुरु के 90वें जन्मदिन पर उनका आशीर्वाद लेने आई हूं। मैं धर्मगुरु के दीर्घायु कार्यक्रम में भाग लेकर खुद को सौभागयशाली समझती हूं। फ्रांस से आई बौद्ध अनुयायी वेलरी ने कहा कि धर्मगुरु की दीर्घायु प्रार्थना में 11 देशों के लोग पहुंचे हैं। हम यहां धर्मगुरु के 90वें जन्मदिन पर उनका आशीर्वाद लेने आए हैं, यहां आकर बहुत अच्छा लगा और धर्मगुरु के दर्शन करके बहुत खुशी हुई।

## बनोली में हमले के चारों आरोपी किए गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी।

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** थाना जवाली के अधीन बनोली पंचायत में करनैल सिंह (57) की गर्दन पर दराट से वार करने वाले चारों आरोपियों कुशल कुमार, मनमोहन, पंकज व रिंकू पुत्र बलजीत सिंह निवासी बनोली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दराट को पुलिस ने शुक्रवार को ही कब्जे में ले लिया था। जानकारी के अनुसार कुशल कुमार के हाथ में दराट तथा मनमोहन सिंह के हाथ में दराटी थी, जिन्होंने करनैल सिंह व उसके भाई अंग्रेज सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया था। घायल करनैल सिंह की पत्नी बीना देवी ने बीच बचाव की कोशिश की, लेकिन कुशल ने उसे धक्का मारकर फेंक दिया और फिर करनैल सिंह की गर्दन पर दराट से वार कर दिया। सभी आरोपी मौका से फरार हो गए थे, लेकिन दराट, दराटी व स्कूटी घटनास्थल पर ही रह गए। जवाली पुलिस में मौका से दराट-दराटी व स्कूटी को कब्जे में ले लिया तथा शिकायतकर्ता किरण की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। फॉरेंसिंग टीम की भी सहायता ली गई है तथा टीम ने मौका पर साक्ष्य जुटाए हैं। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि पुलिस ने चारों आरोपियों को फतेहपुर के गांव घोली से गिरफ्तार किया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## बीड़-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग गतिविधियां पुन: आरंभ

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने बताया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से भारी वर्षा की चेतावनी जारी किए जाने के कारण बीड़-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग गतिविधियां पूर्व में अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई थीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मौसम की परिस्थितियों में सुधार हुआ है तथा किसी प्रकार की प्रतिकूल चेतावनी नहीं है। ऐसे में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों की आजीविका को ध्यान में रखते हुए बीड़-बिलिंग घाटी में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को पुन: आरंभ करने के आदेश जारी किए गए हैं। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि इन गतिविधियों को केवल सुरक्षा मानकों एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए ही संचालित किया जाएगा। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना सभी संचालकों के लिए अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि पैराग्लाइडिंग उड़ानों की निगरानी साडा के पर्यवेक्षकों और पैराग्लाइडिंग मार्शल्स की ओर से की जाएगी। यदि मौसम की स्थिति अनुकूल नहीं रहती है, तो उड़ानों को दिन-प्रतिदिन की स्थिति के आधार पर रोका भी जा सकता है।

## सरकार जदरांगल सीयू परिसर निर्माण के लिए जमा करवाए 30 करोड़: शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**हिमाचल** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट का आभार व्यक्त किया है, जिसने धर्मशाला निवासी अतुल भारद्वाज की याचिका पर सुनवाई करते हुए हिमाचल सरकार पर 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। यह मामला धर्मशाला स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर के निर्माण से जुड़ा है। शांता कुमार ने शनिवार को बताया कि केंद्र सरकार ने विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए हिमाचल सरकार से 30 करोड़ रुपए जमा करवाने को कहा था, लेकिन 12 वर्षों के बाद भी राज्य सरकार यह राशि जमा नहीं करवा सकी है।

हाईकोर्ट ने तीन बार समय देने के बावजूद सरकार द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत न करने पर यह जुर्माना लगाया। शांता ने इस मामले को प्रदेश के लिए शर्मनाक बताया और कहा कि पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ होगा कि एक प्रदेश को केंद्रीय विश्वविद्यालय मिला हो और 12 साल बाद भी उसका भवन न बना हो। यह हिमाचल की नालायकी है और एक हिमाचली होने के नाते मैं भी शर्मिंदा हूं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से अपील की कि अगली सुनवाई से पहले जदरांगल परिसर के लिए 30 करोड़ रुपए की राशि तत्काल जमा करवाई जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार देहरा परिसर के निर्माण के लिए तो धनराशि उपलब्ध करवा रही है, लेकिन जदरांगल परिसर की लगातार अनदेखी कर रही है, जो अत्यंत अन्यायपूर्ण है। शांता ने चेताया कि यदि यह भेदभावपूर्ण रवैया जारी रहा तो यह एक बड़ा पाप बन जाएगा और इससे प्रदेश में आक्रोश और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि यह विषय अब और न बिगड़े, इसलिए समय रहते उचित कदम उठाए जाएं।

## गांवों तक पहुंचा नशा प्रदेश सरकार बनाए सख्त नीति: घनश्याम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा नेता व पूर्व कर्मचारी कल्याण बोर्ड अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने हिमाचल में बढ़ते नशे के कारोबार को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था और सरकारी दावों के बावजूद नशा अब गांव-गांव तक फैल चुका है।

शर्मा ने आरोप लगाया कि यह अवैध धंधा अब संगठित रूप ले चुका है और कुछ राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों द्वारा चलाया जा रहा है, जो कई परिवारों को बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने चेताया कि यदि अभी सख्ती नहीं बरती गई, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। शर्मा ने कहा कि कई एनजीओ इस दिशा में काम कर रही हैं, लेकिन समाज को एकजुट होकर नशे के खिलाफ आवाज उठानी होगी। उन्होंने सरकार से कड़े कानून बनाने और एक ठोस नीति तैयार करने की मांग की, जिससे नशे के कारोबार को जड़ से खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा कि अब वक्त भाषणों का नहीं, ठोस कार्रवाई का है।

## धर्मशाला के 12 वार्डों में आज से चलेगा रेबीज टीकाकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हर टीकाकरण डब्ल्यूवीएस ऐप के माध्यम से होगा ट्रैक**

**1700 का लक्ष्य, हर दिन 300 कुत्तों का टीकाकरण होगा सुनिश्चित**

**नगर** निगम धर्मशाला के 12 वार्डों में रेबीज टीकाकरण अभियान रविवार से शुरू होगा। हर टीकाकरण को डब्ल्यूवीएस ऐप के माध्यम से ट्रैक किया जाएगा। यह जानकारी धर्मशाला एनिमल रेस्क्यू की निदेशक प्रतिभा राणा और सामुदायिक सहभागिता प्रबंधक हिमानी नेगी ने शनिवार को प्रेसवार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि भारत को वर्ष 2030 तक रेबीज मुक्त बनाने की दिशा में चल रहे राष्ट्रव्यापी रेबीज एक्शन वीक में धर्मशाला एनिमल रेस्क्यू भी शामिल है। धर्मशाला एनिमल रेस्क्यू का वार्षिक एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर शुरू कर रहा है और 1 अक्तूबर तक करीब 1700 कुत्तों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। धर्मशाला नगर निगम के वार्ड संख्या 6 से वार्ड संख्या 17 तक फैला होगा और बड़े पैमाने पर कुत्तों के टीकाकरण और समुदायों में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित होगा। रेबीज के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह अभियान लक्षित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कुत्तों के टीकाकरण को प्राथमिकता देगा, जिसके तहत प्रतिदिन 300 कुत्तों के टीकाकरण का लक्ष्य तय किया गया है। प्रत्येक कुत्ते का विवरण जीपीएस लोकेशन के साथ रिकॉर्ड किया जाएगा, जिससे व्यवस्थित कवरेज, विश्वसनीय निगरानी और टीकाकरण कवरेज और कुत्तों की आबादी के रुझान पर ठोस डेटा सुनिश्चित होगा। रेबीज एक्शन वीक ने देशभर के गैर-सरकारी संगठनों, स्थानीय सरकारों, पशु चिकित्सा टीमों और सामुदायिक स्वयंसेवकों को एक साथ लाया है।

**स्पर्धा** आयुष मंत्री बोले- पशुपालकों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध

## गोमा ने 'काफ रैली' के विजेता किए सम्मानित

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**





आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने शनिवार को पशुपालन विभाग की ओर से प्रोजेनी टेस्टिंग जर्सी प्रोजेक्ट के अंतर्गत पशु चिकित्सालय सलियाणा में आयोजित बछड़ी रैली (काफ रैली) में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रैली के दौरान आयुष मंत्री ने प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, नकद पुरस्कार, फीड, कैल्शियम, प्रशस्ति पत्र और अन्य पशु उत्पाद भेंटकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को फीड हैंपर भी वितरित किए।

आयुष मंत्री ने काफ रैली की सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि सरकार किसानों और पशुपालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। गोमा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर में पशुपालकों के पशुधन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सालियाण का पशु चिकित्सालय लंबे समय से यहां पर अपनी सेवाएं दे रहा है और इसे जोनल अस्पताल का दर्जा दिलाने का भी प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर उपनिदेशक डॉ. मोहिंदर शामा ने विभाग की गतिविधियों और प्रोजेनी टेस्टिंग कार्यक्रम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। काफ रैली में 2 श्रेणियों में 0 से 6 माह और 6 से 12 माह की बछड़िओं में कुल 50 बछड़िओं के बीच में प्रतिस्पर्धा हुई। 0 से 6 माह के वर्ग में अतिन शर्मा की जर्सी बछड़ी प्रथम स्थान पर रही और मीना देवी, सुरेश कुमार की बछडियां क्रमशः द्वितीय, तृतीय पुरस्कार जीतने में सफल रहीं। 6 से 12 माह की श्रेणी में विद्या देवी की जर्सी बछड़ी प्रथम, उषा देवी की बछड़ी, जबकि आकाश की बछड़ी तृतीय पुरस्कार जीतने में सफल रही।

## देहरा विस क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर: नरदेव

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**



प्रेसवार्ता करते सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह।

**कहा- स्वास्थ्य, शिक्षा व सड़क सुविधाओं का तेजी से विस्तार**

**देहरा।** हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस विधायक कमलेश ठाकुर के नेतृत्व में तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने देहरा स्थित पौंग व्यू होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि केवल एक वर्ष में क्षेत्र में अनेक अभूतपूर्व विकास कार्य संपन्न हुए हैं। उन्होंने कहा कि 'देहरा कोई नहीं तेरा' अब केवल एक कहावत बनकर रह गई है।

क्षेत्र में एसपी कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड के सर्किल कार्यालय तथा आरटीए कार्यालय स्वीकृत किए गए हैं। सिविल अस्पताल देहरा में क्रिटिकल केयर यूनिट और बीएमओ कार्यालय स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 619 करोड़ रुपए से बनखंडी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का दुर्गेश अरण्य वन्य प्राणी उद्यान बनाया जा रहा है। साथ ही ढलियारा कॉलेज में 7.26 करोड़ रुपए से प्रशासनिक एवं शैक्षणिक ब्लॉक, पेयजल व विद्युत योजनाओं पर 51 करोड़, सड़क निर्माण पर 214 करोड़ और पुल निर्माण पर भी करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त परिधि गृह, संयुक्त कार्यालय भवन, वन विश्रामगृह तथा बिजली तारों को भूमिगत करने की योजनाएं भी प्रगति पर हैं। कंवर ने देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का विशेष आभार प्रकट किया।

## न्यूज ब्रीफ

### देहरा के खबली गांव में होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** देहरा उपमंडल के खबली गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट में सिर्फ पहली 16 टीमें ही जगह बना पाएंगी। आयोजकों ने बताया कि एंट्री फीस 4000 रुपए रखी गई है। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 31,000 रुपए व उपविजेता टीम को 16,000 रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता परवीन, गौरव सोनी, सनी पठानिया, रजनीकांत धवाला, प्रदीप कुमार की ओर से करवाई जा रही है। आयोजन समिति का कहना है कि टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।

### बच्छवाई में आपदा पीड़ितों का जाना कुशलक्षेम

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** पंचायत बच्छवाई में भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर की अध्यक्ष रागिनी रुक्वाल, थुरल मंडल के महामंत्री विजय राणा, उपाध्यक्ष महेंद्र राणा, यशपाल जम्वाल ने प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवारों व क्षतिग्रस्त हुए घरों को देखा और उन सभी पीड़ित परिवारों से उनका कुशलक्षेम जाना। रागिनी ने महिलाओं से बात की और उन्हें हिम्मत से काम लेने के लिए कहा। इस बीच भाजपा थुरल युवा मोर्चा के लगभग 25 युवाओं निशांत चौधरी, सागर भाटिया, पप्पू ठाकुर, मनोज शर्मा और अश्विनी शर्मा ने श्रमदान किया।

### स्वयंसेवकों ने राहत कार्य में किया सहयोग




**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट ने सुलह विधानसभा क्षेत्र की बच्छवाई पंचायत में आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए कार्य किया। कॉलेज के 26 स्वयंसेवकों ने भारतीय सेना व पुलिस के साथ मिलकर पीड़ित परिवारों के सामान को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में सहयोग दिया। स्वयंसेवकों ने पीड़ितों को भावनात्मक व मानसिक रूप से भी सहारा दिया। उन्होंने उन्हें आशा और साहस बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्या राका शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पवन राणा, प्रो. रवि सिंह पालसरा व डॉ. संजीव शर्मा उपस्थित रहे। प्रमुख योगदान देने वाले स्वयंसेवकों में अनमोल, वरुण, कृष, शुभम, दिव्यांश, आदित्य, कृष्ण, अर्चित, शिवम, संदीप, शाहिद व अन्य शामिल रहे।

### रविदास सभा ने आपदा पर जताया दुख

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** रविदास महासभा की ब्लॉक स्तरीय बैठक शनिवार को शाहपुर के डूगबल्ला में अध्यक्ष प्रभात सिंह की अध्यक्षता में हुई। मीडिया प्रभारी पीसी बुनकर ने बताया कि बैठक में आपदा पर मंथन तथा जान माल के हुए नुकसान पर शोक व्यक्त किया गया। सभा ने शाहपुर विधानसभा के तहत अनुसूचित जाति के परिवारों के दुख दर्द पर मंथन किया गया। इस मौके पर उपमुख्य सचेतक सचेतक केवल सिंह पठानिया द्वारा प्राथमिकता के आधार पर काम करवाने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### नुक्कड़ नाटक से दी योजनाओं की जानकारी

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र देहरा की दो पंचायत हार व कल्लर में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं, जनकल्याणकारी नीतियों, उपलब्धियों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में कलाकारों ने गीत-संगीत के माध्यम से जानकारी दी कि अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत स्वर्ण जाति का कोई युवक अथवा युवती अनुसूचित जाति वर्ग में विवाह करते हैं तो प्रदेश सरकार द्वारा दंपत्ति को 50,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह योजना समाज से छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के उद्देश्य से चलाई गई है।

## कांगड़ा से धर्मशाला तक निकाली सामाजिक न्याय यात्रा, 19 साल से सरकारें कर रही अनदेखी

# अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरे सैकड़ों ओबीसी

**कहा- सरकार ने जल्द अधिकार नहीं दिए तो होगा उग्र आंदोलन**

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** ओबीसी समुदाय अधिकारों के लिए शनिवार को सड़कों पर उतरा। इसी कड़ी में कांगड़ा से धर्मशाला तक ओबीसी सामाजिक न्याय यात्रा का आयोजन किया गया। उन्नीस वर्षों से अधिकारों के लिए सरकार की ओर देख रहे ओबीसी समुदाय का सब्र का बांध अब छलक रहा है। साथ ही समुदाय ने अब जल्द आंदोलन की रणनीति बनाने की बात कही है। साथ ही ओबीसी संघर्ष समिति ने चेताया कि यदि सरकार ने जल्द अधिकार नहीं दिए तो प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

ओबीसी समुदाय के उमड़े हुजूम ने सरकार को चेताया कि अभी यात्रा के माध्यम से रैली निकाली गई है, अधिकारों के लिए ओबीसी समुदाय आंदोलन से पीछे नहीं हटेगा। गौरतलब है कि ओबीसी समुदाय ने अपनी 20 सूत्री मांगों को लेकर सरकार को अवगत करवाया था, लेकिन कोई कार्रवाई न होने के चलते समुदाय ने ओबीसी संघर्ष समिति का गठन किया और समिति के बैनर तले ही न्याय यात्रा निकाली गई।


अधिकारों के लिए ओबीसी समुदाय ने कांगड़ा से धर्मशाला तक ओबीसी सामाजिक न्याय यात्रा का आयोजन किया।

### सरकारों ने अंधेरे में रखा

सौरभ कौंडल ने कहा कि सामाजिक न्याय यात्रा हमारे आंदोलन की नींव है, 19 वर्षों से सरकारों ने हमें अंधेरे में रखा है। अभी तो शांतिपूर्वक समुदाय शांतिपूर्वक ढंग से सड़कों पर उतरा है, लेकिन अगली रणनीति क्या होगी, इसका खुलासा अभी नहीं किया जाएगा।

### थर्ड फ्रंट का फैसला लोगों पर

थर्ड फ्रंट के सवाल पर सौरभ कौंडल ने कहा कि हम अपने अधिकारों की बात कह रहे हैं, न कि थर्ड फ्रंट की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा तो लगता है कि ओबीसी की अनदेखी हो रही है, ऐसे में थर्ड फ्रंट बनाना या नहीं, यह फैसला हम लोगों पर छोड़ेंगे।

### कांगड़ा से चैतड़ू, दाड़ी से धर्मशाला तक पैदल यात्रा

कांगड़ा से शुरू हुई ओबीसी सामाजिक न्याय यात्रा में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के समुदाय के लोगों ने भाग लिया। कांगड़ा से चैतड़ू तक यात्रा पैदल की गई, इसके उपरांत दाड़ी तक यात्रा में शामिल लोग गाड़ियों से पहुंचे, जबकि दाड़ी से धर्मशाला तक समुदाय का हुजूम पैदल यात्रा करते हुए डीसी कार्यालय धर्मशाला पहुंचा।

### 93वें संविधान संशोधन को लागू करे सरकार

ओबीसी संघर्ष समिति के अध्यक्ष सौरभ कौंडल ने कहा हम सरकार से अपने अधिकार मांग रहे हैं। हमारा फोकस एक मुद्दे पर है, जो कि 93वें संविधान संशोधन को लागू करने की है। यह संशोधन वर्ष 2005 में हुआ, जिसे वर्ष 2006 में पूरे देश में लागू किया गया, लेकिन हिमाचल में जो भी सरकारें रहीं, उनके द्वारा उक्त संशोधन को लागू नहीं किया गया, जो कि ओबीसी समुदाय का दुर्भाग्य है। संशोधन के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी समुदाय के बच्चों को 27 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

### गगल में आधे घंटे तक बनी जाम की स्थिति

**अनंत ज्ञान, गगल।** हजारों ओबीसी युवा व महिलाएं रैली में भाग लेने गगल चौक पर एकत्रित हुए। लोगों की संख्या इतनी अधिक थी कि आधा घंटा तक जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस को भी यातायात को बहाल करने में काफी परेशानी हुई। रैली में ज्वाली, नूरपुर, कोटला, शाहपुर, राजोल, ऊना, चिंतपूर्णी, देहरा, ज्वालाजी, नादौन, कांगड़ा, मटौर और गगल में हजारों की संख्या में एकत्रित हुए। कुछ ओबीसी नेताओं ने अपने-अपने विचार भी गगल चौक पर रखे और उसके बाद सभी धर्मशाला के लिए रवाना हो गए।

## नारी सशक्तिकरण और सहकारिता पर विशेष जोर


स्वाभिमान फाउंडेशन की ओर से 'आरोह 2025' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राजकीय** शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में स्वाभिमान फाउंडेशन द्वारा 'आरोह 2025' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक हिमांशु साहू मुख्य अतिथि रहे।

मनु धीमान, मोनिका सिंह और स्नेह लता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मनु धीमान ने प्रतिभागियों को मल्टी स्किल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की गतिविधियों की जानकारी दी, विशेष रूप से इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन कोर्स की, जो नाबार्ड द्वारा प्रायोजित है। स्वाभिमान फाउंडेशन के अध्यक्ष रितेश अग्रवाल ने ग्रामीण उद्यम उत्पादक संगठन की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। मुख्य अतिथि हिमांशु साहू ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत सहकारी साक्षरता शिविर ग्रामीण समुदाय को सशक्त करने में सहायक होंगे।

## साइबर ठगी में उपभोक्ता के खाते से निकले दो लाख पर बैंक ने नहीं की कोई कार्रवाई

### अब बैंक को उपभोक्ता को नौ फीसदी ब्याज सहित लौटाने होंगे दो लाख

**जिला उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

साइबर ठगी के मामले में उपभोक्ता के बैंक खाते से दो लाख रुपए की राशि निकलने के बावजूद बैंक ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब बैंक को उपभोक्ता को 9 फीसदी ब्याज सहित दो लाख रुपए की राशि लौटानी होगी। साथ ही 25 हजार रुपए मुआवजा और 15 हजार रुपए मुकद्दमा फीस भी उपभोक्ता को देनी होगी।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा और सदस्य आरती सूद की अदालत ने वीरेंद्र सिंह गुलेरिया निवासी वरियाल तहसील नगरोटा सूरियां की शिकायत पर सुनाया है। आयोग के समक्ष वीरेंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उन्होंने नगरोटा सूरियां स्थित बैंक में खाता खुलवाया था। 19 जून, 2023 को एसएमएस प्राप्त हुआ कि उनके खाते से आरटीजीएस के माध्यम से 2 लाख रुपए की राशि काट ली गई है। इस दौरान बेंगलुरु में थे और यह सूचना प्राप्त होने पर उन्होंने निकटतम संबंधित बैंक की उलसूर स्थित शाखा में संपर्क किया। बैंक प्रबंधक ने उनकी आईडी को ब्लॉक कर दिया और उसी दिन साइबर टोल फ्री नंबर 1930 पर भी मामले की सूचना दी। इसके बाद उलसूर बैंक ग्राहक सेवा को भी यही मामला रिपोर्ट किया। बैंक के प्रबंधक की सलाह पर शिकायतकर्ता ने उनके आधिकारिक लैंड लाइन नंबर के माध्यम से नगरोटा सूरियां स्थित बैंक शाखा में संपर्क करने का प्रयास किया। इस दौरान बैंक कार्यालय में किसी ने दोपहर तक शिकायतकर्ता का फोन नहीं उठाया, जिसके बाद उन्होंने बैंक प्रबंधक का निजी मोबाइल नंबर प्राप्त किया और राशि निकलने के संबंध में जानकारी दी। इसके अगले दिन लेन-देन की पूरी जानकारी मिली, जिसमें पाया कि 2 लाख की राशि 19 जून 2023 को सुबह 10:27 बजे निजी बैंक रायगंज पश्चिम बंगाल के एक खाता में स्थानांतरित कर दी गई थी। इसके बाद उन्होंने क्राइम पुलिस स्टेशन ईस्ट डिवीजन बेंगलुरु में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत 20 जून 2023 को एक आधिकारिक रिपोर्ट दर्ज कराई। हालाकि, 10 जुलाई, 2023 को नगरोटा सूरियां बैंक शाखा से स्टाम्प जमा करने के लिए एक पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें नुकसान की क्षतिपूर्ति का आश्वासन दिया। आयोग में शिकायत दर्ज होने के बाद बैंक प्रबंधन की ओर से दलील दी गई कि राशि उपभोक्ता की गलती से निकली थी। सभी तथ्यों को जांचने के बाद आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया।

## हैप्पी बर्थडे


पनतेहड़ा (घुमारवीं) की इशिता शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


कौना हल्दरा गांव की याशिका को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### वनाग्नि व अग्नि सुरक्षा के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वनाग्नि एवं अग्नि सुरक्षा के तहत 3 दिवसीय कांगड़ा में कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि यह प्रशिक्षण जिला कांगड़ा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हर वर्ष यहां वनाग्नि की घटनाएं घटित होती हैं, जिनसे जनहानि एवं प्राकृतिक संपदा का नुकसान होता है। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने वनाग्नि प्रबंधन, प्रकार व कारण, वन्य जीवों एवं जैव विविधता पर प्रभाव, तथा सामुदायिक जागरूकता पर जानकारी दी। दूसरे दिन वनाग्नि की रोकथाम, पहचान, दमन और पुनर्स्थापना, विभिन्न प्रकार की आग और प्राथमिक प्रतिक्रिया, अग्निशमन उपकरणों का उपयोग तथा व्यावहारिक प्रदर्शन कराया गया। तीसरे दिन प्रतिभागियों को फायर लाइन व फायर ब्रेक का महत्व, अग्निकांड के दौरान सुरक्षा उपाय, उचित वस्त्र एवं मास्क का उपयोग, तथा ड्रोन की सहायता से निगरानी जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

### बणी के युवक ने लगाया फंदा

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** बणी पंचायत के वार्ड-4 के युवक पंकज कुमार (27) वर्ष पुत्र लक्षपाल सिंह ने बीती रात को अपने घर के पास पेड़ से फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। शनिवार की सुबह मृतक की माता पास की दुकान से सामान लेकर गई, तो उसने सड़क और दुकानों के समीप पेड़ से कुछ लटका हुआ देखा। जब वहां जाकर देखा तो पंकज लटका हुआ था। मृतक की माता के चिल्लाते पर स्थानीय लोग पहुंचे और रक्कड़ पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने माता-पिता के बयान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज भेजा है। डीएसपी देहरा शुमाइला चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कार्रवाई जारी है।

## कुलदीप तीसरी बार चुने निर्विरोध प्रधान

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन की पालमपुर इकाई का चुनाव मुख्य सलाहकार मनोज कुमार सूद, उपप्रधान विनोद कुमार तथा संगठन सचिव नरेंदर कुमार की अध्यक्षता में हुआ। इसमें तीसरी बार कुलदीप चंद को निर्विरोध पालमपुर इकाई का प्रधान चुना गया। इकाई सचिव सुरजीत कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार तथा विभिन्न फैकल्टी के उपाध्यक्ष पंकज, प्यार चंद, शुभम, दिनेश कुमार, सुनील कुमार, राकेश सिंह, अशोक कुमार, सरोज कुमारी, नलनी कुमारी, कुलबीर सिंह, वित सचिव विनोद कुमार, सयुंक्त सचिव गौरव, अनिल कुमार, दीपिका शर्मा, मुख्य सलाहकार संजय, संगठन सचिव सुरजीत कुमार, लेखा परीक्षक कमल सिंह तथा प्रेस सचिव अनवर हुसैन को चुना गया।



हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन की पालमपुर इकाई का चुनाव करवाए गए।

### शिक्षा विभाग के आदेशों से कमजोर हो रहा प्राथमिक शिक्षा ढांचा: सुरिंद्र राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्राथमिक शिक्षक संघ खंड नगरोटा बगवां की बैठक खंड अध्यक्ष सुरिंद्र राणा की अध्यक्षता में हुई। इसमें विभाग द्वारा शिक्षकों को प्रताड़ित करने वाले विभिन्न आदेशों का विरोध किया गया। खंड अध्यक्ष सुरिंद्र राणा ने बताया कि विभाग की ओर से अनेकों ऐसे आदेश आए दिन आ रहे हैं, जिनसे प्राथमिक शिक्षा का ढांचा धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है। प्राथमिक स्कूल के बच्चों और शिक्षकों से उनके अधिकार छीने जा रहे हैं। प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के शारीरिक विकास के लिए आवश्यक खेलों के आयोजन बंद कर दिए गए हैं। क्लस्टर सिस्टम के संबंध में फिर से यह कहा जाने लगा है कि प्रधानाचार्य को ही प्रशासनिक शक्तियां दी जाएंगी। इस निर्णय से प्राथमिक शिक्षकों की विभिन्न पदोन्नतियों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। प्राथमिक शिक्षक संघ खंड नगरोटा बगवां शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के अधीन करने के प्रस्ताव का पूर्ण विरोध करता है। यह प्रस्ताव न केवल प्राथमिक विद्यालयों की स्वायत्तता और स्थानीय पहचान को समाप्त करेगा, बल्कि प्राथमिक शिक्षकों के पदोन्नति मार्ग पर भी सीधा प्रहार करेगा।

## स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन जीने की है संस्कृति: इंदु

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** सेवा पखवाड़ा के तहत बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। सेवा पखवाड़ा के तहत आज अमृत भारत स्टेशन बैजनाथ-पपरोला में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने सहभागिता करते हुए स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की संस्कृति है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिवस पूर्ण रूप से देश की आधी आबादी अर्थात महिला शक्ति को समर्पित रहा। प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिवस पर राष्ट्र को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। स्वच्छता शिविर हो, खेलकूद स्पर्धाएं हों या सफाई अभियान-ये सभी गतिविधियां सीधे तौर पर देशवासियों के स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़ी हुई हैं।


बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## पंडित संत राम कॉलेज में मनाया विश्व शांति दिवस

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**पंडित** संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स रोवर-रेंजर इकाई की ओर से विश्व शांति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शांति के प्रतीक पीस डव के परिचय से हुई।

रोवर लीडर डॉ. विशाल चौधरी एवं रेंजर लीडर डॉ. अंजलि भारद्वाज ने शांति के महत्व पर छात्रों को जानकारी दी और बताया कि शांति जीवन का एक मूल्य है, जो समाज में सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा देता है। सभी छात्रों ने श्वेत वस्त्र पहनकर शांति, पवित्रता और एकता का संदेश दिया, जिससे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने अपने संबोधन में कहा कि कहा कि छात्रों और अध्यापकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। उन्होंने कहा कि विश्व में शांति और भाईचारा स्थापित करना ही सच्ची प्रगति का मार्ग है। जब समाज में आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना प्रबल होगी, तभी एक मजबूत राष्ट्र और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव हो सकेगा।

**मीटिंग** सांसद की अध्यक्षता में हुई दिशा समिति की बैठक, पठानकोट-मंडी फोरलेन निर्माण कार्य में हो रही देरी पर जताई नाराजगी

# मौसम साफ होते ही युद्धस्तर पर शुरू हो फोरलेन कार्य: भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**सांसद** डॉ. राजीव भारद्वाज ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सभागार में आयोजित दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए पठानकोट-मंडी फोरलेन निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई।

उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को चेताया कि यदि मौसम साफ होते ही निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरू नहीं हुआ, तो वे स्वयं जनता के साथ सड़कों पर उतरेंगे। सांसद ने जसूर फ्लाईओवर शीघ्र शुरू करवाने और हाईटेंशन केबल को हटाने के भी निर्देश दिए। एनएचएआई को अगली बैठक में निर्माण कंपनी के अधिकारियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा गया। जौंटा में नाले के पास मलबा डंपिंग को लेकर चिंता जताते हुए उन्होंने इसे केवल चिन्हित स्थानों पर ही करने की हिदायत दी। चक्की से भेडखड्ड तक निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। सांसद ने कार्यों की धीमी प्रगति पर स्पष्ट असंतोष जताया। परौर से बैजनाथ (घट्टा) तक काम क्यों शुरू नहीं हो पा रहा है। इस पर परियोजना निदेशक ने जानकारी दी कि टेंडर लगाया गया था, लेकिन किसी ने रुचि नहीं दिखाई है। अब टेंडर में नियमों में छूट दी गई है और उम्मीद है कि इस बार टेंडर हो जाए। एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंद्रह दिन के भीतर बैठक बुलाकर समीक्षा की जाए। संबंधित एसडीएम व विभागीय अधिकारियों को भी बुलाया जाए।



दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज।

### एम्स की तर्ज पर दिए जाएं वेतन व भत्ते

**टांडा** मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने दिशा समिति की बैठक में चिंता जताई कि एम्स की तर्ज पर वेतन और भत्ते न मिलने से डॉक्टर यहां सेवाएं देने में रुचि नहीं ले रहे। उन्होंने मांग की कि प्रदेश में डॉक्टरों को समान सुविधाएं दी जाएं और 'नो बांड, नो पे' नियम को समाप्त किया जाए। सुपर स्पेशलिटी में चार-चार पद सृजित किए गए हैं और तीन करोड़ के उपकरण भी आ चुके हैं, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण उनका उपयोग नहीं हो पा रहा। कॉलेज में हर साल 5.89 लाख मरीज, 8000 प्रसव और 37000 सर्जरी हो रही हैं। चंबा मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं अधूरी होने के कारण टांडा पर वर्कलोड अत्यधिक बढ़ गया है।

### हैदराबाद की एजेंसी 25 को रेलवे को सौंपेगी डीपीआर

**पठानकोट**-जोगेंद्रनगर रेलवे लाइन को ब्राडगेज किए जाने की डीपीआर हैदराबाद की एजेंसी 25 सितंबर को रेलवे को सौंपेगी। नए व पुराने कुल 34 स्टेशन होंगे, कई कर्व को ठीक किया जाएगा, जिससे ट्रेनों की गति बढ़ेगी। इसके लिए 30 हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे। नवंबर माह में चक्की रेलवे पुल शुरू होने से पठानकोट से जोगिंद्रनगर तक सभी ट्रेनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। वहीं, पांच इंटर पाथ भी बनाए जाएंगे। सांसद ने पपरोला में टपकने लगे अमृत स्टेशन पर भी सवाल उठाए। वहीं, सांसद ने जानकारी दी टांडा के अतिरिक्त कार्य को कम करने के लिए नूरपुर में इसी तरह का संस्थान खोलने के लिए उन्होंने मामला केंद्रीय मंत्री से उठाया है।

### राशन लेने पर नहीं देते संचालक पर्ची, मशीनें खराब

**खाद्य** आपूर्ति विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान सांसद ने सवाल उठाया कि उन्हें दूरभाष पर शिकायतें मिली हैं कि राशन लेने पर उचित मूल्य की दुकानों में संचालक ग्राहकों को कैश मेमो यानी पर्ची नहीं देते हैं। यह एक तरह की भ्रष्टाचार है, इसलिए जिला नियंत्रक अपने इंस्पेक्टरों के साथ निरीक्षण करें और पकड़े जाने पर डिपो संचालकों पर कार्रवाई भी करें।

**अलग से बुलाई जाए स्मार्ट सिटी और नगर निगम के लिए बैठक :** दिशा बैठक में जनचेतना के अधिकारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सांसद ने उपायुक्त और निगम आयुक्त को अलग से बैठक बुलाने के निर्देश दिए। जनचेतना ने कहा कि शहरवासियों को दो कनेक्शनों के बावजूद पानी नहीं मिल रहा। सड़कें खराब हैं और ट्रैफिक व्यवस्था भी खराब है। स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में स्थानीय भागीदारी नहीं रही और बाहरी शहरों के मॉडल थोपे गए। आयुक्त ने बताया कि 80 में से 47 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि 21 में 90 फीसदी कार्य पूरा है। बजट संकट के चलते 20 करोड़ की देनदारी है। मल्टी स्टोरी पार्किंग परियोजना भूस्खलन से प्रभावित है। मर्ज क्षेत्र में सीवरेज और पियूंगल नाला में लेक निर्माण के लिए आर्थिक सहायता मांगी गई है।

**सांसद और विधायक निधि खर्च न होने पर जताई नाराजगी:** सांसद और विधायक निधि के उपयोग न होने पर नाराज दिखे। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद किशन कपूर की तीन करोड़ की निधि अब तक खर्च नहीं हुई। एडीसी ने कारण बताया कि ई-साक्षी सॉफ्टवेयर पर प्रस्ताव न चढ़ने से राशि स्वीकृत नहीं हो रही। सांसद ने कहा कि यदि कोई प्रधान कार्य नहीं कर रहा, तो एजेंसी स्वयं कार्य करे। विधायक काजल व निक्का ने भी निधि खर्च न होने पर सवाल उठा। निक्का ने कहा खन्नी झिकली में पुल निर्माण के पैसा दिया था, लेकिन दो साल हो गए हैं खर्च नहीं हुआ है। सांसद ने सभी एसडीएम, बीडीओ को भी निर्देश दिए कि इस संबंध में वह जल्द बैठक बुलाए।

### माधोपुर हेडवर्क्स का गेट टूटने का मामला

## सिंचाई विभाग ने एक्सईएन एसडीओ व जेई किए निलंबित

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** पंजाब के पठानकोट में बाढ़ के दौरान माधोपुर हेडवर्क्स के गेट टूट जाने के मामले में सिंचाई विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की ओर से एक्सईएन नितिन सूद, एसडीओ अरुण कुमार और जेई सचिन ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

यह जानकारी जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव ने दी। सूत्रों के मुताबिक विभाग के अन्य अधिकारियों पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है। हालांकि, प्रमुख सचिव द्वारा जारी पत्र में इसका कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं, इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बीते दिनों केंद्र सरकार की एक टीम ने भी माधोपुर हेडवर्क्स का दौरा किया और हालात का जायजा लिया था। इसके बाद विभाग ने मामले में एक्सईएन, एसडीओ और जेई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। लापरवाही करने वाले अधिकारियों के निलंबन की अधिसूचना जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा जारी की गई।

### बालकरूपी में आयुर्वेदिक मेडिकल कैंप 23 को

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आयुर्वेदा दिवस पर बालकरूपी क्षेत्र में 23 सितंबर को विशेष मल्टीस्पेशलिटी आयुर्वेदिक मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसका नेतृत्व उपमंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा कर रही हैं। इस कैंप का प्रमुख उद्देश्य आयुर्वेद के सिद्धांत लोग और धरती के लिए आयुर्वेद को व्यवहारिक रूप में लाना है। आम जनता को निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श, स्वास्थ्य जांच और जागरूकता प्रदान की जाएगी, साथ ही पर्यावरण के प्रति आयुर्वेद की भूमिका पर भी प्रकाश डाला जाएगा।

# हिमाचल पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन को बैठक से बाहर रखने पर विरोध

## बैठक दोबारा बुलाने की मांग, गौर न करने पर मुख्यमंत्री से करेंगे मुलाकात

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** हिमाचल पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन ने जिला मुख्यालय बिलासपुर में 17 सितंबर को आयोजित एयरो स्पोर्ट्स की जिला स्तरीय बैठक से बाहर रखे जाने पर कड़ा संज्ञान लिया है। महासचिव अतुल शर्मा के नेतृत्व में एसोसिएशन ने उपायुक्त बिलासपुर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि संस्था पिछले कई वर्षों से बिलासपुर में लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पैराग्लाइडिंग आयोजन कर रही है, इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा बैठक में आमंत्रित न करना न केवल असंवेदनशीलता दर्शाता है, बल्कि खेल और पर्यटन के लिए भी घातक है।

अतुल शर्मा ने बताया कि हिमाचल पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन वर्ष 1996 से पंजीकृत और मान्यता प्राप्त संस्था है। बिलासपुर की बंदला पैराग्लाइडिंग साइट सहित प्रदेशभर में कई साइट्स को


फाइल फोटो

**महासचिव बोले-कुछ लोग प्रशासन को कर रहे गुमराह**

स्वीकृति दिलाने में संस्था ने अग्रणी भूमिका निभाई है।

बंदला साइट का निर्माण, वहां तक पहुंच मार्ग और अन्य सुविधाएं एसोसिएशन ने ही स्थानीय ग्रामीणों को विश्वास में लेकर तैयार करवाई थीं। यही कारण है कि आज बिलासपुर पैराग्लाइडिंग के मानचित्र पर विशेष पहचान बना चुका है। महासचिव ने आरोप लगाया कि कुछ लोग जिला प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं और भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से बिलासपुर के एडवेंचर स्पोर्ट्स को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह की गतिविधियां जारी रहीं तो पर्यटन और स्थानीय व्यापार पर गहरा असर पड़ेगा।

एसोसिएशन ने बैठक में लिए गए निर्णयों का विरोध करते हुए स्पष्ट मांग की है कि इस बैठक को दोबारा आयोजित किया जाए और इसमें संस्था को भी शामिल किया जाए। अतुल शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि मांग पर गौर नहीं किया गया तो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलकर पूरा मामला रखा जाएगा और दोषी अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग की जाएगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान मनोज शर्मा, अंशुल शर्मा, उमेश पावर, विक्रम शर्मा, प्रविंद शर्मा और विशाल जस्सल भी उपस्थित रहे।

### ज्ञापन में क्या कहा

- बैठक से बाहर रखे जाने पर जताया कड़ा विरोध।
- संस्था की 1996 से मान्यता और अब तक आयोजित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का हवाला।
- बंदला पैराग्लाइडिंग साइट को विकसित करने में एसोसिएशन की भूमिका पर जोर।
- भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से खेल और पर्यटन को नुकसान पहुंचाने के आरोप।

## न्यूज ब्रीफ

### गेहड़वीं के नंदपाल को मिला टॉप टीचर का अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** रा.प्रा.के.पा. गेहड़वीं शिक्षा खंड घुमारवीं की पाठशाला में कार्यरत जेबीटी अध्यापक नंदपाल सिंह को संपर्क फाउंडेशन की तरफ से शिक्षा खंड घुमारवीं-2 को टॉप टीचर्स के अवार्ड से सम्मानित किया गया, साथ में रा.प्रा.के.पा. गेहड़वीं को भी शिक्षा खंड घुमारवीं-2 में टॉप स्कूल के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह डाइट जुखाला में हुआ तथा शिक्षा उपनिदेशक (क्वलिटी) निशा गुप्ता तथा प्रधानाचार्य डाइट राकेश मनकोटिया द्वारा नंदपाल सिंह व समस्त पाठशाला को सम्मानित किया। पाठशाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुमित चंदेल ने इसे समस्त इलाका वासियों लिए गौरव की बात कहा तथा सभी को इस उपलब्धि के लिए बधाई प्रेषित की। इस समारोह में समस्त पाठशाला अध्यापक केंद्रीय मुख्य शिक्षक लता कुमारी, अंजना, कुमारी निशा, इंदू बाला आदि उपस्थित रहे।

### झंडूता में पंचायतीराज चुनाव के लिए विशेष ग्राम सभाएं

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** विकास खंड झंडूता की 42 पंचायतों में पंचायतीराज चुनाव के दृष्टिगत 24, 25 और 26 सितंबर को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन सभाओं में सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपनी पंचायतों में पंचायती राज चुनाव की मतदाता सूचियों का अवलोकन करें। विकास खंड अधिकारी संजीव पुरी ने बताया कि यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है या किसी व्यक्ति का नाम सूची में शामिल नहीं है, तो संबंधित दावे और आक्षेप पंचायत सचिव के माध्यम से दर्ज करवाएं। सभी इलाकावासियों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन ग्राम सभाओं में भाग लें। ध्यान रहे, विधानसभा और लोकसभा की मतदाता सूचियां पंचायतीराज चुनाव की मतदाता सूचियों से भिन्न होती हैं। अतः सभी मतदाता पंचायत स्तर पर सूचियों की जांच कर सकते हैं और अपने दावे व आक्षेप पंचायत के माध्यम से खंड कार्यालय को भेज सकते हैं।

### छात्र स्कूल में मनाया किशोर स्वास्थ्य दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सदर ब्लॉक मार्कंड के सौजन्य से किशोर स्वास्थ्य दिवस रावामपा छात्र बिलासपुर में प्रिंसिपल श्याम लाल चौधरी की अध्यक्षता में मनाया गया। हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत के सभी किशोरों को उनके स्वास्थ्य और सेहत के बारे में जागरूक करना और जानकारी से निर्णय लेने के योग्य बनाकर उनकी क्षमताओं को उपयोगी बनाना, जिसके लिए उनकी जरूरतों की स्वास्थ्य सेवाएं और जानकारी को उन तक पहुंचाना है। किशोरावस्था में सही परामर्श की अत्यंत आवश्यकता रहती है, जिससे वे भविष्य में सफल स्वास्थ्य एवं समृद्ध नागरिक बनेंगे और परिवार देश समाज के लिए फलदायक बनकर अपनी भूमिका निभा सकेंगे। डॉ. शुभम गौतम प्राइमरी हेल्थ सेंटर रौडा व डॉक्टर प्रतीक ने तंबाकू तथा तंबाकू के पदार्थ के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम पर भी विस्तार से चर्चा की। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में आकिब ने पहला, अरमान ने दूसरा व सन्नी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### निबंध लेखन में अंकित और अनीता रहे अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलेरा में टाटा बिल्डिंग इंडिया के सौजन्य से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय आत्मनिर्भर भारत रहा। इसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता और लेखन कौशल का विकास करना था। विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के विविध उपायों और विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के लेखन की सराहना की। जूनियर वर्ग कक्षा 6वीं से 8वीं में भारती ने प्रथम स्थान, अंकित ने द्वितीय स्थान तथा राहुल बंसल ने तृतीय स्थान' प्राप्त किया। वहीं, सीनियर वर्ग कक्षा 9वीं से 12वीं में अनीता प्रथम, दीपाली द्वितीय' तथा तनीषा तृतीय स्थान पर रहीं। विजयी विद्यार्थियों को प्रातः सभा के दौरान प्रधानाचार्य नरेश ठाकुर ने मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश ठाकुर ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बढ़ावा देती है। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार व नोडल ऑफिसर डॉ. चित्रेश उपस्थित रहे।

# हिमाचली जोड़ी अर्जुन-रंजना के नाम रही बाड़ू देव भेल मेले की स्टार नाइट

अनंत ज्ञान, कुठेड़ा (बिलासपुर)


गानों से लोगों को नाचने पर मजबूर करते गायक-गायिका।

उपमंडल घुमारवीं के तहत आने वाली कुठेड़ा पंचायत में चल रहे बाड़ू देव भेल मेले की दूसरी एवं अंतिम सांस्कृतिक संध्या हिमाचली जोड़ी अर्जुन गोपाल और रंजना रघुवंशी के नाम रही। जैसे ही हिमाचली जोड़ी मंच पर पहुंची, पूरा पंडाल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। दर्शकों ने उनका स्वागत खड़े होकर किया और देर रात तक उनके गीत-संगीत पर थिरकते रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर बिलासपुर क्षेत्र के विधायक त्रिलोक जम्वाल रहे, जबकि जिला पार्षद अध्यक्षा बिमला देवी विशिष्ठ अतिथि बनी। कुशल मंच संचालन जावेद इकबाल ने किया। उन्होंने अपनी शायरी से चार चांद लगा दिए। हिमाचल की गायिका निशा शर्मा ने अपनी प्रस्तुति दी। इस के बाद इस स्टार नाइट की स्टार गायक हिमाचली जोड़ी ने अपने लोकप्रिय लोकगीतों और नए प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी नाचने पर मजबूर हो गए।

हजारों की संख्या में लोग दूर-दराज से इस सांस्कृतिक संध्या को देखने पहुंचे। लोगों ने कहा कि इस बार की अंतिम संध्या अब तक की सबसे शानदार रही और हिमाचली जोड़ी ने सचमुच मेले की शोभा बढ़ा दी। बांका मुल्क हिमाचल, तू रानी मैहलां दी, नाटी सिरमौर वालिए, ठेकेदारनिये, बोतला शराब दिया, है मेरे बतन के लोगो, भेडां तेरियां, चिट्टे सूटट ते दाग पै गया आदि गाने गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## बरठीं में सांप ने डंसी महिला, मौत

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के गांव सरगल में घर के पास ही 36 वर्षीय महिला प्रवीणा, पत्नी फारूक मोहम्मद, की सांप के काटने से मृत्यु हो गई। परिजनों ने तुरंत उसे उपचार के लिए बरठीं अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस थाना तलाई की टीम मौके पर पहुंची और आगामी कार्रवाई की जा रही है।

बरठीं पंचायत उपप्रधान राकेश मेहता ने बताया कि महिला मक्की की कटाई का कार्य कर रही थी, तब सांप ने उसे काट लिया। वहीं, कार्यवाहक पुलिस थाना प्रभारी तलाई राकेश कुमार ने बताया कि प्रवीणा, पत्नी फारूक मोहम्मद गांव सरगल डाकखाना बरठीं घर के खेतों के समीप मक्की की कटाई का कार्य कर रही थी और अचानक सांप ने उसे काट लिया। बरठीं अस्पताल में डॉक्टरों ने इसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस थाना तलाई की एक टीम मौके पर पहुंची और आगामी कार्रवाई जारी है।

## बरसात से नगर में हुए नुकसान की रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपेगी नगर परिषद : कमल गौतम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

नगर परिषद बिलासपुर की विशेष बैठक शनिवार को नप अध्यक्ष कमल गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बारिश से बिलासपुर शहर में हुए नुकसान की विस्तार से चर्चा की गई तथा नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रशासन को सौंपने का निर्णय लिया, ताकि बजट मिलने के बाद दोबारा से पुनर्निर्माण करवाया जा सके। कमल गौतम ने बताया कि गत दिनों हुई बरसात से शहर में काफी नुकसान हुआ है। कई जगह डंगे गिर गए तथा सड़कें व नालियां क्षतिग्रस्त हो गई।

इसके अतिरिक्त बैठक शहर में लगी स्ट्रीट के रख-रखाव और नई लाइटें लगाने का टेंडर करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में नगर परिषद के कार्यालय की छत्त पर सोलर पावर प्लांट लगाने का भी निर्णय लिया गया। नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम ने बताया कि नगर परिषद का प्रति माह 20 हजार रुपए का बिजली बिल आता है। सोलर पावर प्लांट लगने के बाद नगर परिषद को प्रति महीने 20 हजार रुपए की बचत होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में

**पालतू कुत्तों का पंजीकरण न करवाने पर होगी कार्रवाई**

एक प्रस्ताव पारित कर जलशक्ति विभाग को टूटी सीवरेज लाइन को ठीक करवाने के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि मेन मार्केट नाले में सीवरेज टूट गई है, इससे कभी भी कोई बीमारी फैल सकती है। बैठक में शहर के सभी लोगों से अपने पालतू कुत्तों का पंजीकरण करवाने की अपील की गई तथा ऐसा न करने वाले लोगों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय भी लिया गया।

बैठक में कुछ लोगों द्वारा अपने घरों व दुकानों का बरसाती पानी सीधा सड़क पर फेंकने का मामला भी उठा। संबंधित लोगों के ऐसा करने से सड़कें व रास्ते टूट रहे हैं, जिस पर ऐसे लोगों से अपने घरों व दुकानों के पानी के लिए डाउन पाइपें लगाने के निर्देश दिए गए तथा चेतावनी दी गई कि ऐसा न करने वालों के नगर परिषद चालान करेगी। बैठक में नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी वर्षा चैधरी, नगर पार्षद और सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## छात्रों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों पर मंथन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर के मनोरोग विभाग द्वारा निर्देशक प्रोफेसर डॉ. डीएन शमी के मार्गदर्शन में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्ष की चौम 'चेंजिंग द नरेटिव ऑन सुसाइड, क्रीएटिंग होप थ्रू एक्शन' (आत्महत्या पर सोच बदलें, आशा जगाएं कार्यवाही से) रहीं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों पर चर्चा करना और रोकथाम के उपाय सुझाना था। एम्स के निदेशक प्रो. डॉ. डीएन शर्मा ने आत्महत्या की रोकथाम पर बल देते हुए विद्यार्थियों को एक-दूसरे का सहयोग करने, सकारात्मक सोच विकसित करने और मिलकर बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) भूपेंद्र यादव (सेवानिवृत्त) ने आत्महत्या के प्रारंभिक चेतावनी संकेतों की पहचान, सहानुभूतिपूर्ण संवाद कौशल तथा सामाजिक जुशव, जीवन कौशल, निर्णय क्षमता,


जानकारी देते विशेषज्ञ।

**एम्स बिलासपुर में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यशाला का आयोजन**

समस्या समाधान, सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य और सामना करने की रणनीतियों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने सानसिक रोग से जुड़े कलंक की लोड़ने और उपलब्ध सहयोग सेवाओं के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में एमबीबीएस एवं बीएससी नर्सिंग छात्रों ने भूमिका निभाने (रोल प्ले), कविता-पाठ और वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्री ने आत्मघाती प्रवृत्तियों से जूझ रहे लोगों के संघर्ष, सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण की आवश्यकता और युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे।

क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट शिवरंजनी सिंह एवं सुश्री अर्चना कश्यप ने छात्रों के लिए कविता-पाठ, वाद-विवाद एवं नाट्य प्रस्तुति जैसी गतिविधियों का आयोजन किया ताकि युवा अपने विचार व्यक्त कर सकें और यह समझ सकें कि हर परिस्थिति में आशा और मदद उपलब्ध है। उन्होंने संवेदनशील विषयों पर सुरक्षित संवाद का वातावरण सुनिश्चित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उप निदेशक (प्रशासन) लेफ्टिनेंट कर्नल बिस्वास परांजपे ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. ज्योति गुप्ता (फैकल्टी को-ऑर्डिनेटर, मनोरोग विभाग) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने एम्स प्रशासन के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में शीघ्र हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया।

## न महिलाओं को 1500 रुपए भत्ता मिला, न युवाओं को रोजगार : गर्ग

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार तीन साल के कार्यकाल में जनता से किए गए एक भी वादे पूरे नहीं कर पाई। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावों से पहले कांग्रेस ने महिलाओं को हर माह 1500 रुपए देने, युवाओं को रोजगार देने और किसानों-बागवानों को राहत पहुंचाने की बड़ी-बड़ी घोषणाएं की थीं, लेकिन तीन साल बाद भी जनता केवल ठगा हुआ महसूस कर रही है।

गर्ग शनिवार को भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत औहर और अमरपुर बूथ केंद्रों में बोल रहे थे। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। तीन साल हो गए, लेकिन न महिलाओं को वादा किया गया भत्ता मिला और न ही युवाओं को रोजगार। किसानों और बागवानों को राहत देने की बजाय उन्हें समस्याओं के बीच छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों से पहले 10

**पूर्व मंत्री बोले-3 साल में एक भी गारंटी नहीं हुई पूरी**

गारंटियों का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद एक भी गारंटी पूरी नहीं की। यह जनता के साथ किया गया सबसे बड़ा धोखा है। गर्ग ने कहा कि महिलाओं को सम्मानजनक जीवन देने के नाम पर कांग्रेस ने केवल झूठे वादे किए। बागवानों को राहत देने के नाम पर सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, बल्कि उन्हें हर साल और ज्यादा घाटा झेलना पड़ रहा है।

राजेंद्र गर्ग ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सेवा पखवाड़े के तहत अधिक से अधिक जनसेवा कार्यों में भाग लें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सेवा ही संगठन' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं। इस मौके पर सुरेश ठाकुर, कैप्टन सुरजीत, चैन सिंह, अंजीव चंदेल, अरविंद वर्मा, रमेश संख्यान, अनिता शर्मा, केहर सिंह, प्रदीप शर्मा, भारत भूषण, देव राज, सुरेश वैद्य, रणवीर सिंह, देश राज व सोहन लाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नयना देवी विस क्षेत्र में हुए नुकसान की हो भरपाई


विधायक रणधीर के नेतृत्व में डीसी से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर मांगें रखीं।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख भाजपाइयों के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय विधायक रणधीर शर्मा की अगुवाई में शनिवार को डीसी बिलासपुर राहुल कुमार से मुलाकात की व उन्हें श्री नयना देवी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में कहा गया कि भारी बारिश से हुई तबाही से श्री नयना देवी जी क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा है। इस आपदा में लोगों के 100 से भी अधिक मकान व 200 से भी अधिक पशुशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं।

लगभग सभी सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनमें से कुछ सड़कें अभी तक भी

**विधायक रणधीर के नेतृत्व में डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल**

नहीं खुल पाई हैं। गांव के रास्ते नष्ट हो चुके हैं। कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं है। ज्ञापन में मांग की गई कि जिनके मकान रहने लायक नहीं बचे हैं, उन्हें पूर्णतया क्षतिग्रस्त घोषित किया जाए ताकि उसके अनुरूप पीड़ित परिवारों को राहत राशि मिल सके।

जो मकान मरम्मत कर ठीक हो सकते हैं, उन्हें आंशिक क्षतिग्रस्त घोषित किया जाए ताकि पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा राशि मिल सके। बहुत से घरों के आगे डंगे व सुरक्षा दीवार लगाना जरूरी है ताकि वे क्षतिग्रस्त होने से बचाए जा सकें। इस कार्य हेतु जिला को मिले आपदा फंड में से धनराशि उपलब्ध करवाई जाए, साथ ही लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति विभाग व बिजली विभाग को निर्देश दिए जाएं कि सड़कें, बिजली, पानी व्यवस्था शीघ्र बहाल करें। वहीं, कृषि व बागवानी विभाग अधिकारियों को भी निर्देश दिए जाएं कि वे आपदा में नष्ट हो चुकी फसलों का आकलन तैयार करें ताकि किसानों व बागवानों को उचित मुआवजा मिल सके।

पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो चुके मकानों वाले परिवारों को दूसरे किसी घर में रहने के लिए किराये की राशि तुरंत दी जाए। इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह चंदेल, मंडलाध्यक्ष नंदलाल, बालकृष्ण ठाकुर, बृजलाल ठाकुर, शैलेंद्र भड़ोल, रणजीत ठाकुर, सतदेव शर्मा, जगदीश कुमार, छोटा राम सुरैहली, लेखराम ठाकुर आदि शामिल रहे।

## लखाला में लैंडस्लाइड से बढ़ा खतरा ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार


लैंडस्लाइड से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना, जल्द कार्य करने की अपील।

राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** बैहल पंचायत के अंतर्गत आने वाले लखाला गांव में पिछले दिनों हुई भारी वर्षा के कारण हुए लैंडस्लाइड ने स्थानीय निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने बताया कि यह भूस्खलन खरूनी मार्ग पर स्थित मकानों से महज सात से आठ फुट की दूरी पर हुआ है।

सेवा-निर्मित शिक्षक जोगिंदर पाल शर्मा ने बताया कि लैंडस्लाइड के चलते सड़क किनारे लगाया गया डंगा पूरी तरह से टूट चुका है। इससे आने वाले दिनों में आसपास बने मकानों को भी खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो हालात बिगड़ सकते हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित स्थल पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सड़क और डंगे की मरम्मत करवाई जाए, ताकि भविष्य में किसी तरह की जनहानि या बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## राहुल ने जल निकासी समस्या का हल करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के उपायुक्त राहुल कुमार ने वर्षा प्रभावित लखनपुर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, धौलरा तथा डियारा सेक्टर का दौरा कर जल निकासी की समस्या का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने लखनपुर में बारिश के पानी का लोगों के घरों में आने की समस्या बारे नगर परिषद तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जल निकासी की समस्या का जल्द उचित समाधान करने के निर्देश दिए।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी तथा धौलरा में भी जल निकासी की समस्या के समाधान को लेकर नप को निर्देश दिए। उपायुक्त ने शहर के डियारा सेक्टर का भी दौरा किया तथा जमीन धंसने से प्रभावित क्षेत्र को लेकर उन्होंने एसडीएम सदर को उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर, एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह सहित नप एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**काव्य गोष्ठी** बिलासपुर में साहित्य और संस्कृति का अद्भुत संगम

## कवियों और साहित्यकारों ने बिखेरे रंग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

भाषा एवं संस्कृति विभाग कार्यालय बिलासपुर की ओर से संस्कृति भवन सभागार में भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने शिरकत की। दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

अपने संबोधन में उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि यह गोष्ठी शब्दों और विचारों की शक्ति का अनुभव कराती है। हिंदी भाषा और साहित्य समाज को जोड़ने का माध्यम है तथा इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति और रचनात्मक परंपराओं को संरक्षित करते हैं।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मान :** राजभाषा हिंदी में उल्लेखनीय कार्य के लिए मत्स्य अधिकारी बलजीत सिंह को सम्मानित किया गया। वहीं, कर्मचारियों में मीरा देवी (मत्स्य कार्यालय) को प्रथम, केवल कृष्ण (अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्यालय) को द्वितीय और रामपाल ठाकुर (जिला परिषद


मुख्यातिथि को सम्मानित करती जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल।

कार्यालय) को तृतीय पुरस्कार मिला। उपायुक्त ने सभी को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए।

वहीं, 'साहित्यकार/कलाकार से मिलिए' श्रृंखला के तहत इस बार वरिष्ठ साहित्यकार सुमन चड्ढा और शीला सिंह को सम्मानित किया गया। सुमन चड्ढा का जीवन परिचय रविंदर शर्मा ने प्रस्तुत किया। इस दौरान मंच संचालन साहित्यकार व पत्रकार अरुण डोगरा रीतू ने किया।

**कवि सम्मेलन में गूंजे स्वर :** काव्य गोष्ठी के दूसरे सत्र में प्रदेश भर से आए रचनाकारों ने काव्य-पाठ किया। मंच पर संदेश शर्मा, रविंदर शर्मा, कर्ण चंदेल, सीता जसवाल, डॉ. रविंदर ठाकुर, निर्मला ठाकुर, ईशा गौतम, विवेक शर्मा, शार्वी शर्मा, प्रीति शर्मा, वंदना ठाकुर, अमरनाथ धीमान, सुरेंद्र मिन्हास, सतपाल शर्मा, सुनील कुमार, बृज लखनपाल, डॉ. अनेक राम सांख्यान, केशव शर्मा, हुसैन अली, तृप्ता देवी, रविंदर चंदेल, सुशील पुंडीर, सोनिका देवी, मीनाक्षी, अनीश ठाकुर, रामपाल डोगरा, एसआर आजाद, रविंदर भट्टा, प्रकाश चंद शर्मा, कुलदीप शर्मा, सपना, शीतल, प्रिय, मुनीश कुमार, राकेश कुमार, अंकित कुमार सहित अनेक कवियों ने अपनी-अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

**आभार प्रदर्शन :** जिला भाषा अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया और विशेष रूप से सुमन चड्ढा व शीला सिंह के योगदान की सराहना की।

## नशे से बचाव और ऊर्जा के सदुपयोग का माध्यम हैं खेल : राजेश ठाकुर

अनंत ज्ञान, बरमाणा (बिलासपुर)

वीर बजरंग बली यूथ क्लब लघट (नालग) बरमाणा बिलासपुर की ओर से शनिवार को दो दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इलाके के समाजसेवी एवं युवा नेता राजेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयोजकों की ओर से उन्हें शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में राजेश ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार के आयोजनों से जहां युवा अपनी ऊर्जा का सही दोहन करते हैं, वहीं इस प्रकार की खेलों से आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा व ताकत सभ्य समाज के निर्माण में लगानी चाहिए। ऐसे युवा जो मार्ग भटक गए हैं तथा नशे की ओर बढ़ गए हैं, उन्हें भी साथ जोड़कर खेलों की तरफ लाएं, यह कार्य युवा बखूबी कर सकते हैं। गंभीर नशे की चपेट में आकर दिशाहीन हो रही युवा पीढ़ी को बचाने के लिए खेल ऐसी दवा है जिससे युवाओं के अनमोल जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा

**वीर बजरंगबली यूथ क्लब लघट ने किया वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन**

कि वे समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को करवाते रहें तथा ज्यादा से ज्यादा युवाओं को खेलों से जोड़ने में समाजिक भागीदारी निभाएं। मुख्यातिथि राजेश ठाकुर ने खिलाड़ियों को तीस स्पोर्ट्स किटें व 11 हजार रुपए की नकद राशि बतौर प्रोत्साहन दी।

वहीं वीर बजरंग बली यूथ क्लब लघट (नालग) बरमाणा के संयोजक अमित कुमार ने बताया कि इस टूर्नामेंट में बिलासपुर जिले के विभिन्न स्थानों की 14 टीमें भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को 5151 रुपए की राशि व ट्रॉफी बतौर इनाम जबकि उपविजेता टीम को 4141 रुपए की राशि भेंट की जाएगी। इस अवसर पर वीर बजरंग बली यूथ क्लब लघट (नालग) बरमाणा के प्रधान अमन शर्मा, महासचिव अजय कुमार, उपाध्यक्ष अक्षय कुमार, संयुक्त सचिव सुमित कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार सहित रमेश संध्यार, राजकुमार, प्रदीप ठाकुर, गगन ठाकुर सहित गणमान्य मौजूद थे।

## डॉ. गीताराम ने करवाया सरस्वती विद्या मंदिर गेहड़वीं में दो कमरों का निर्माण

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

उपमंडल झंडूता के कस्बा गेहड़वीं स्थित वैद्य शमशेर सिंह चंदेल सरस्वती विद्या मंदिर गेहड़वीं में शुक्रवार को लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पशुपालन विभाग से उपनिदेशक पद से सेवानिवृत्त कस्बे के सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. गीताराम ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कस्बे के गणमान्य लोगों ने मुख्यातिथि का हार पहनाकर तथा ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा सहित स्वागत किया।

समारोह में स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी पेश कीं। स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. मुल्तान सिंह चंदेल ने बताया कि डॉ. गीताराम शर्मा ने सरस्वती विद्या मंदिर गेहड़वीं के लिए 8 लाख रुपए की राशि से 2 कमरों का निर्माण करवाया है। शुक्रवार को इन दोनों कमरों को मुख्यातिथि द्वारा बच्चों के लिए


वैद्य शमशेर सिंह चंदेल सरस्वती विद्या मंदिर गेहड़वीं में कमरों का लोकार्पण करते डॉ. गीताराम।

लोकार्पित कर दिया गया है। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य तिलकराज द्वारा स्कूल की विभिन्न शैक्षिक तथा अन्य गतिविधियों से अतिथियों को अवगत करवाया गया। मुख्यातिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का दान तथा शिक्षण संस्थान में दिया गया दान सर्वश्रेष्ठ होता है, क्योंकि शिक्षा से ही जीवन प्रकाशित होता है।

अंधकारमय जीवन को नया उजाला मिलता है, इसलिए ऐसे संस्थानों में दान करने का अपना ही महत्व है।

**ये रहे उपस्थित :** इस कार्यक्रम में हिमाचल शिक्षा समिति के जिलाध्यक्ष अमीं चंद शास्त्री, डॉ. मुल्तान सिंह चंदेल, वैद्य देवेंद्र सिंह चंदेल, प्रकाश चंद धीमान, राजेश चंदेल, पवन चंदेल, आचार्य सुभाष शर्मा, नरैण दास शुक्ला, विनोद चंदेल, रमेश भारद्वाज, शंकर दास नड्डा, किशन सिंह चंदेल, बलि राम नड्डा, रतनदेव, मलकियत सिंह चंदेल, जसवंत सिंह चंदेल, हरदेव नड्डा, बलीराम नड्डा, सागर सिंह चंदेल, चंपा देवी, रजनीश चंदेल, विशन दास नड्डा आदि कस्बे के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### आज-कल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 21 और 22 सितंबर को दो दिवसीय प्रवास पर विधानसभा क्षेत्र भटियात में रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी दी कि अपने प्रवास के दौरान विधानसभा अध्यक्ष आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे तथा राहत एवं पुनर्वास कार्यों की स्थिति का जायजा लेंगे। वह इस दौरान लोगों से मिलेंगे तथा उनकी समस्याओं का समाधान भी करेंगे।

### डलहौजी में राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य जारी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** भारी बारिश के कारण डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों परिवारों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है और कई परिवार बेघर हो गए हैं। इस मुश्किल घड़ी में भाजपा के सभी कार्यकर्ता सेवा कार्यों में जुटे हुए हैं और प्रभावित परिवारों तक आवश्यक राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य लगातार जारी है। भाजपा मंडल सलूनी के अध्यक्ष मदन ठाकुर एवं भाजपा मंडल भलेई के अध्यक्ष मनोज भारद्वाज की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ता हर एक जरूरतमंद तक राहत सामग्री पहुंचाने के साथ-साथ उनका कुशलक्षेम जानने और उनकी समस्याओं को सुनने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार और पार्टी की प्राथमिकता है कि किसी भी परिवार को इस आपदा में अकेला महसूस न हो और सभी को समय पर मदद उपलब्ध कराई जाए। राहत अभियान में स्थानीय लोग भी सहयोग कर रहे हैं, जिससे प्रभावितों तक सहायता पहुँचाना और प्रभावी बन पाया है।

### अभिषेक अध्यक्ष व श्वेता चौहान बनी उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय लिल्ह कोठी में आज छात्र केंद्रीय संघ (सीएससीए) का गठन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया द्वारा किया गया। कार्यकारी प्राचार्य अनित ठाकुर ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष अभिषेक कुमार, उपाध्यक्ष श्वेता चौहान, महासचिव काजल कुमारी व सह सचिव अरुण कुमार हैं। इसके अतिरिक्त कॉलेज के विभिन्न क्षेत्रों हेतु प्रतिनिधियों का भी चयन किया गया, जिनमें कक्षा प्रतिनिधि, खेल प्रतिनिधि, एनएसएस प्रतिनिधि, रोड सेफ्टी प्रतिनिधि सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य अनित ठाकुर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि छात्र संगठन कॉलेज की गरिमा, अनुशासन तथा सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### नारा लेखन में कनिका ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में विज्ञान संकाय के रासायनिक एवं भौतिकी विभाग द्वारा ओजोन दिवस मनाया गया। जिसमें भाषण, नारा लेखन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल मुख्यातिथि रहे। इस प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. नरेश चंदेल रासायनिक विभाग अध्यक्ष ने किया। अंकिता एमएससी द्वितीय की छात्रा ने ओजोन दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में नारा लेखन में प्रथम कनिका, द्वितीय हर्षिता, तृतीय पूजा रही। पोस्टर मेकिंग में प्रथम रिशिका, द्वितीय तरुणा, तृतीय वंशिका रहे। भाषण में प्रथम शुभम, द्वितीय अंशिका, तृतीय शिवानी रहे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका सुधीर, लीलावती, इशांत ने निभाई। इस अवसर पर सहायक आर्चय कमलेश, पुष्पेंद्र, शबनम, सुनील राव, लीलावती, कविता, विशाल, इशांत, अर्चना व विजय उपस्थित रहे।

### डिजिटल लेनदेन की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राज्य सहकारी बैंक शाखा चंदेश द्वारा ग्राम पंचायत गहरा के पनयाली गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन शाखा प्रबंधक कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस शिविर में जन साधारण को डिजिटल लेनदेन, एटीएम, आरटीजीऐस, यूपीआई, आईऐमपीएस की जानकारी दी गई। बैंक धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी बताए गए। इस शिविर के माध्यम से विभिन्न प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं जैसे सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना की जानकारी के साथ-साथ बचत एवं ऋण संबंधित योजनाएं भी बताई। इस शिविर में स्थानीय पंचायत के विभिन्न स्वयं सहायता समूह के सदस्यों सहित 42 लोगों ने भाग लिया। शाखा से बैंक कर्मचारी गिरधारी लाल भी उपस्थित रहे।

### महादेव में बिजली-पानी ठप, लोग परेशान

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महादेव गांव और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों बिजली और पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप पड़ी है, जिससे आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली अनुभाग धनोटू और महादेव जल शक्ति विभाग के अधीन आने वाले इस क्षेत्र में न तो बिजली नियमित रूप से मिल रही है और न ही जलापूर्ति सुचारू है। स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों ने कई बार संबंधित विभागों को इस समस्या से अवगत करवाया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि महादेव क्षेत्र में बिजली और पेयजल आपूर्ति के नियमितीकरण के लिए शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि जनता को इस बुनियादी संकट से राहत मिल सके।

### पूर्व सैनिकों ने दिया 51,000 रुपए का योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी के आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता हेतु भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन डेहर ने जिला प्रशासन मंडी को 51,000 रुपए का योगदान दिया। एसोसिएशन के सदस्यों ने यह चेक उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को आज उनके कार्यालय में सौंपा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्नल काली राम वर्मा, सेवानिवृत्त कैप्टन राज कुमार, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट भाग सिंह और प्रेम लाल शर्मा, सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर अशोक कुमार और प्रेम राणा उपस्थित रहे। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने भूतपूर्व सैनिकों के इस सहयोग की सराहना की और कहा कि इस योगदान से आपदा प्रभावित परिवारों तक राहत तेजी से पहुंचाने में मदद मिलेगी।

### प्रभावित किसानों को बांटी चिकित्सा औषधि किट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बाढ़ प्रभावित डेरी किसानों को मिल्क प्लांट चक्कर में आपातकालीन पशु चिकित्सा औषधि किट का वितरण किया गया। इकाई प्रबंधक विश्वकांत शर्मा ने बताया कि यह किट राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की ओर से प्रदेश सहित मंडी जिला के प्रभावित दुग्ध उत्पादक किसानों के लिए भेजी गई हैं। उन्होंने बताया कि आज मंडी तथा कुल्लू जिला की लगभग 150 दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से इन किट का वितरण किया गया।

### पेंशन लेने के लिए 30 तक कराएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला कल्याण अधिकारी मंडी समीर ने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारकों से अपील की है कि वे 30 सितंबर तक अपना ई-केवाईसी सत्यापन अनिवार्य रूप से पूरा करें। यदि निर्धारित समय तक सत्यापन नहीं हुआ तो लाभार्थियों को पेंशन वितरण सूची से बाहर किया जा सकता है। मंडी जिला में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत कुल 1,37,603 पेंशनरों की ई-केवाईसी प्रक्रिया ई-कल्याण मोबाइल ऐप के माध्यम से की जा रही है, जिसमें से अब तक 1,05,669 का सत्यापन हो चुका है। यह कार्य 3,004 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं द्वारा पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, कुष्ठ रोगी और ट्रांसजेंडर पेंशनधारकों से विशेष आग्रह किया गया है कि वे अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर सत्यापन करवाएं।

### आईटीआई सुंदरनगर में स्वच्छता का संकल्प

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** आईटीआई सुंदरनगर में स्वच्छता ही सेवा-2025 और सेवा पर्व के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ से हुई, जिसमें विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे न केवल अपने संस्थान को स्वच्छ बनाए रखेंगे, बल्कि समाज में भी स्वच्छता और सेवा के महत्व का संदेश फैलाएंगे। शपथ उपरांत संस्थान परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें प्रशिक्षुओं और कर्मचारियों ने मिलकर कार्यशालाओं, कक्षाओं और आस-पास के क्षेत्रों की सफाई की। इस पहल ने विद्यार्थियों में श्रम के प्रति सम्मान, सामूहिक कार्य की भावना और समाज सेवा के प्रति जागरूकता को और मजबूत किया। संस्थान के प्रधानाचार्य विजय चौधरी ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता और सेवा केवल एक दिन की गतिविधि नहीं हैं, बल्कि इन्हें जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए

### पंडोह कॉलेज में लगी किताबों की प्रदर्शनी

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** शिक्षा बांटने से बढ़ती है, जितना हो सके पढ़ें। अपनी किताबों को सुरक्षित रखें ताकि आने वाली पिंडियों को इनका लाभ मिलता रहे और उनका उद्धार होता रहे। यह उद्घोष नोबल डीएड कॉलेज पंडोह की प्रिंसीपल प्रीत किरण ने कालेज में लगी किताबों की विशेष प्रदर्शनी के अवसर पर प्रशिक्षु अध्यापकों और नोबल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि किताबें हमारे दुःख सुख की साथी है। इसलिए इनका संवर्धन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि किताबों से ही हमें हर प्रकार की शिक्षा मिलती है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा किताबों से जुड़े और पढ़ी हुई किताबों को एक दुसरे के साथ शेयर करें। हो सके तो अपने अपने घर में पुजा कक्ष की तरह एक छोटा सा पुस्तकालय स्थापित करें जिसमें पुस्तकें सुरक्षित रह सकें और आने वाली जेनरेशन के काम आ सकें। इस अवसर पर बच्चों द्वारा किताबें करती है बातें बीते जमाने की गीत का सुंदर गायन भी किया।

# शलेला बाड़ी में स्थायी पुल न बनने से नाला पार करना बना जानलेवा



**हाशु शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** जिला चंबा की ग्राम पंचायत शलेला बाड़ी में आज तक स्थायी पुल का निर्माण नहीं हो पाया है, जिससे लोगों को लकड़ी और पत्थरों के सहारे नदी-नालों को पार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात में अस्थायी पुल बह जाते हैं और फिर आवाजाही पूरी तरह से बाधित हो जाती है।

स्थानीय निवासी शबीर अरफ हसन, ठाकुर दास, लक्ष्मण, नारायण सिंह और पिंकू शर्मा ने बताया कि वर्षों से यहां पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन हर बार पंचायत प्रतिनिधियों से यही जवाब मिलता है कि अब हम जाने वाले हैं, नए लोग आएंगे तो पुल बनेगा।

लोगों ने पंचायत प्रतिनिधियों पर लापरवाही और उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि अस्थायी पुल भी कुछ महीनों में टूट जाते हैं, जिससे हर साल हजारों लोगों को जान जोखिम में डालनी पड़ती है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि शलेला बाड़ी में स्थायी और मजबूत पुल का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाए।

## बारिश से सड़क क्षतिग्रस्त, छात्रों का कॉलेज आना-जाना हुआ मुश्किल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण गेट से खज्जियार तक की सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे स्थानीय छात्रों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क की खराब स्थिति के कारण इस मार्ग पर बसों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है, जिससे कॉलेज जाने वाले छात्र और आम लोग खासा परेशान हैं। जिला परिषद की अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी की अध्यक्षता में शनिवार को क्षेत्रीय युवाओं ने अतिरिक्त उपायुक्त (एडीएम) चम्बा अमित मेहरा को ज्ञापन सौंपकर इस सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत ओड्डा, खज्जियार, बक्खपुर और राठियार के छात्र रोजाना कॉलेज आने-जाने के लिए लंबी दूरी पैदल तय करते थे। गेट से खज्जियार तक का मार्ग इतनी खराब स्थिति में था कि बड़े वाहन और बसें भी इस मार्ग से गुजरने में असमर्थ थीं। युवाओं ने एडीएम से अपील की कि मार्ग की मरम्मत का कार्य तुरंत शुरू किया जाए। डॉ. नीलम कुमारी ने कहा कि प्रशासन को स्थानीय युवाओं और छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कदम उठाने की आवश्यकता है। स्थानीय लोगों ने भी चिंता व्यक्त की और कहा कि सड़क की मरम्मत जल्द शुरू हो, ताकि क्षेत्र की यातायात समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

## बारिश से बासा गांव में हुए नुकसान का डीएस ठाकुर ने लिया जायजा



बारिश से बासा गांव में हुए नुकसान का जायजा लेते विधायक डीएस ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने शनिवार को ग्राम पंचायत ठाकरी मट्ठी के बासा गांव का दौरा किया, जहां हाल ही में हुई भारी बारिश ने तबाही मचाई है। लगातार बरसात के कारण मकानों को नुकसान पहुंचा है और कई परिवार संकट में आ गए हैं।

विधायक ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर आपदा से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की, उनका दुःख-दर्द सुना और स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ितों को हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी और किसी भी परिवार को परेशानियों का सामना अकेले नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए और क्षति का सही आकलन कर मुआवजे की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे हालात में सरकार और प्रशासन पूरी तरह से लोगों के साथ खड़े हैं।

ठाकुर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करना आसान नहीं है, लेकिन प्रभावित परिवारों को राहत, पुनर्वास और सहायता उपलब्ध करवाना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे आपसी सहयोग और एकजुटता के साथ इस कठिन समय को पार करें।

## मुसलहट्टी गांव में जन सुरक्षा योजनाओं के बारे में दी जानकारी



ककीरा के मुसलहट्टी गांव में जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, ककीरा**

राज्य सहकारी बैंक शाखा ककीरा के तत्वाधान में मुसलहट्टी गांव में शनिवार को जन-सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता शाखा ककीरा के सह प्रबंधक अनिक कौशल ने की।

कार्यक्रम के दौरान कौशल ने ग्रामीणों को विभिन्न जन सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपदा अथवा विपरीत परिस्थितियों में किस प्रकार साधारण लोग भी इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री जीवन-ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना की महत्ता समझाते हुए ग्रामीणों से इनसे जुड़ने का आग्रह किया। साथ ही उपस्थित जनसमूह को एसएमआरवाई योजना के बारे में भी अवगत कराया गया, जिससे लोग भविष्य में सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन सकें।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां समय-समय पर आयोजित की जानी चाहिए, जिससे ग्रामीण समाज अधिक जागरूक हो सके।

## सोशल मीडिया में फर्जी पंचायत रोस्टर हो रहा वायरल

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** आगामी पंचायती राज चुनाव को लेकर जिले में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच जिले के विकास खंड मैहला के तहत हर दिन एक फर्जी पंचायत रोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें पहले दिन राठी पंचायत में ओपन सीट दिखाई गई है। उसके अगले दिन एसटी महिला सीट दर्शाई गई है। इस तरह लोगों को रोज भ्रमित किया जा रहा है। जिसने चर्चाओं का बाजार पूरी तरह गर्म कर दिया है। वायरल रोस्टर में बताया कि एक पंचायत में आरक्षण की श्रेणी 50-50 रखी गई है, जिसे देखने के बाद लोगों में आश्चर्य और हास्य का माहौल बन गया। खंड विकास कार्यालय मैहला को भी इस बारे में सूचना मिली है। जिसके बाद कार्यालय ने इसे झूठा करार दिया और बताया कि सही रोस्टर आगामी सप्ताह जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस साल के अंत में पंचायती राज चुनाव होने हैं। जिले में चुनावी रोस्टर को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। जिला पंचायती राज विभाग रोस्टर तैयार करने में व्यस्त है और इसे जिला प्रशासन की ओर से जारी किया जाएगा।

## एससी/एसटी की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं पात्रः सौरभ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति विकास निगम की ओर से संचालित योजनाओं में अनुसूचित जाति से संबंधित 18-55 आयु वर्ग के लोगों को जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए तक हो उन्हें व्यवसाय के लिए 50 हजार से 1.40 लाख रुपए तक का ऋण 6.50 प्रतिशत ब्याज दर पर तथा 50 लाख रुपए तक का ऋण 8 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है। वहीं उच्च शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत 40 लाख तक का ऋण 6.50 प्रतिशत दर पर नर्सिंग, बी-टेक, आईटीआई, एमबीबीएस, बी-फार्मेसी, एमबीए या कोई भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्राप्त किया जा सकता है।

पीएम अजय योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों जिनकी वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए तक हो, उन्हें 3 से 5 लाख तक का ऋण 8 प्रतिशत की दर पर व्यवसाय के लिए अधिकतम 50 हज़ार रुपय तक पूंजी अनुदान (सब्सिडी) के साथ उपलब्ध करवाया जाता है। अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत व्यवसाय के लिए 2 लाख रुपए तक का ऋण 4 प्रतिशत पर तथा पुरुष वर्ग को लघु व्यवसाय योजना के अंतर्गत 50 हजार से 50 लाख तक का ऋण 6 से 10 प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है। ऋण योजनाओं का लाभ केवल वही लाभार्थी प्राप्त कर सकते हैं जो हिमाचल के स्थाई निवासी हों एवं जिनकी वार्षिक आय 3 लाख से अधिक न हो और लाभार्थी किसी भी सरकारी संस्था या बैंक से ऋण दोषी घोषित न हो।

जिला प्रबंधक सौरभ शर्मा ने जानकारी दी कि निगम द्वारा पात्र लाभार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने, स्व-रोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से कम ब्याज दर पर ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। इच्छुक पात्र लाभार्थी इन ऋण योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालय जिला प्रबंधक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम, चंबा में संपर्क कर सकते हैं।

## नौकरी लेने के लिए 24 को आएं चंबा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय, बालू, चंबा द्वारा 24 सितंबर को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी बारबेक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के लिए 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। यह भर्ती इंटेलेक्ट ग्लोबल रिसर्च एंड सॉल्यूशन कंपनी के माध्यम से की जा रही है। चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में की जाएगी। कुक, वेटर, क्लीनर और हेल्पर के इन पदों के लिए 10वीं/12वीं पास युवा आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को तीन माह की ट्रेनिंग के दौरान 6,000 रुपये मासिक वेतन, साथ में भोजन व आवास की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद वेतन क्रमशः 11,500 से 15,500 रुपये तक मिलेगा। रोजगार अधिकारी ने बताया कि उम्मीदवारों को सुबह 10 बजे अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित रोजगार कार्यालय में उपस्थित होना होगा। प्रदर्शन के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को होटल मैनेजमेंट में डिग्री या डिप्लोमा कोर्स निःशुल्क करने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

## भू-प्रभावितों को मिला मुआवजा

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल घाटी स्थित निर्माणाधीन 25 मेगावाट केयू विद्युत पावर प्रोजेक्ट (लंबाडग) से प्रभावित भू-स्वामियों को 18 सितंबर को मुआवज़े के रूप में लगभग 2.25 करोड़ रुपये की राशि चेकों के माध्यम से प्रदान की गई। यह वितरण तहसीलदार मुल्थान हरीश कुमार की अध्यक्षता में मुल्थान तहसील कार्यालय में संपन्न हुआ। गत वर्ष प्रोजेक्ट के पेन स्टॉक के फटने से मुल्थान गांव के कई किसानों की उपजाऊ भूमि क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसी क्षति के मुआवज़े के रूप में यह राशि प्रदान की गई। मुआवज़े का वितरण आनंद कुमार और अभय कुमार समेत प्रोजेक्ट मुख्यालय से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। प्रोजेक्ट प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि जो भू-स्वामी मुआवज़े से वंचित रह गए हैं, उन्हें भी एक सप्ताह के भीतर धनराशि प्रदान कर दी जाएगी। मुआवजे की राशि भू-स्वामियों को उनकी भूमि के प्रभावित हिस्से के अनुसार प्रदान की गई।

## मिनी सचिवालय परिसर में नवाचार एवं सशक्तिकरण मेले में लगाए 12 स्टॉल

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत शनिवार को नगर के मिनी सचिवालय परिसर में नवाचार एवं सशक्तिकरण मेला का आयोजन किया गया। हर शनिवार को मिनी सचिवालय परिसर में यह मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना, उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाना और उन्हें आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना रहा।

मेले में कुल 12 स्टॉल लगाए गए, जिनमें स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने हाथों से तैयार उत्पाद प्रदर्शित किए। इनमें खाद्य सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, परंपरागत सामान, ऊनी कपड़े और हस्तशिल्पी उत्पाद लोगों को विशेष रूप से आकर्षित करते रहे। स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी कर महिला उद्यमियों का हौसला बढ़ाया। इस मेले में राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय जोगिंद्रनगर की छात्राओं ने भी व्यंजनों का स्टॉल लगाया, जिसमें उन्होंने घर पर तैयार विभिन्न पकवान प्रस्तुत किए। इन व्यंजनों को लोगों ने बड़े चाव से चखा और छात्राओं के उत्साह व मेहनत की सराहना की।

प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ. कौमुदी शर्मा ने बताया आज नवाचार एवं सशक्तिकरण मेला तीसरी बार आयोजित हुआ। जिसमें 12 स्टॉल लगाए गए। उन्होंने कहा कि कुछ महिलाओं ने आज पहली बार मेले में स्टॉल लगाया था। अभी शुरुआती दौर है। लेकिन आने वाले समय में यह मेला महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों, और छात्रों के लिए भी आजीविका कमाने का एक मुख्य मंच बनकर उभरेगा। मेले को सफल बनाने में उन्नत भारत अभियान और नवाचार प्रकोष्ठ की टीम का विशेष योगदान रहा, जिनमें प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ. कौमुदी शर्मा, रिसर्च इंवेस्टिगेटर्स प्रो मंजू, प्रो पूनम, प्रो स्मृति, प्रो कुलदीप, प्रो ममता और प्रो नवीन निश्चल पूरे समय सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## चंडीगढ़-मनाली एनएच 6 घंटे रहा बंद, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राज मार्ग पर ब्लैक प्वाइंट को ग्रीन करने का कार्य शनिवार को पिछले दिनों से ज्यादा तेज गति से चला। क्योंकि कि आज प्रात: 9.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक उपायुक्त मंडी द्वारा सड़क मार्ग बंद रखने के आदेश दिए गए थे। मगर व्यवहारिक रूप से पुरे 6 घंटे सड़क मार्ग बंद रहा। जिससे सबसे ज्यादा कार्य हणोगी के दवाडा फ्लाईओवर की चल रही मरम्मत का किया गया। बेशक अभी यह कार्य पूरा नहीं हो सका है मगर काफी काम वाहनों की बंद आवाजाही के दौरान पूरा किया गया है। इतना ही नहीं लैंडस्लाइड के मलवे और चट्टानों को भी हटाया गया है। ताकि वन-वे प्वाइंट को टू वे किया जा सके। उधर इसी सड़क मार्ग के नो मील के ब्लैक प्वाइंट पर भी काम करते हुए इसे एक साथ दो वाहनों के लायक बना दिया गया है। इसके साथ पडोह डैम, कैंची मोड़, जोगणी मोड़ और झलोगी के साथ बनाला और पनारसा के पास आए मलवे पत्थरो को भी हटाया गया। मगर अभी तक यह सड़क मार्ग पूरी तरह से दो वाहनों के लायक नहीं हो सका है।

## एसपीएस स्कूल का छात्र अक्षत जेएनवी पंडोह के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



**एसपीएस** इंटरनेशनल स्कूल ने एक और उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के मेधावी छात्र अक्षत शर्मा ने कक्षा आठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) पंडोह की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। अक्षत शर्मा अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के लिए विद्यालय में विशेष पहचान रखते हैं। उनकी सफलता ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा दी है।

अक्षत की माता तृपता शर्मा विद्यालय में बतौर टीजीटी सेवाएं दे रही हैं जबकि उनके पिता संदीप शर्मा पंजाब स्थित एक निजी कंपनी में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। माता-पिता के सहयोग और मार्गदर्शन के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों के सतत प्रयासों ने अक्षत को यह उपलब्धि दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र कुमार राणा एवं प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम ने अक्षत को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अक्षत की यह सफलता विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और यह आने वाली पीढ़ी के विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा देगी।

विद्यालय परिवार ने भी इस सफलता पर अक्षत शर्मा का अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## हर पात्र बच्चे तक पहुंचेगी सरकार की कल्याणकारी योजनाएं: एनआर ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सुंदरनगर खंड की 130 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में जिला बाल संरक्षण अधिकारी एन.आर. ठाकुर, बाल विकास परियोजना अधिकारी पूनम चौहान, संरक्षण अधिकारी शैलजा अवस्थी तथा विधिक एवं प्रोबेशन अधिकारी रमा कुमारी बतौर स्त्रोत व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एनआर ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन वात्सल्य, मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना तथा इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना अनाथ और असहाय बच्चों के जीवन में नई उम्मीद लेकर आई हैं। इन योजनाओं से बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानजनक भविष्य सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग के कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पात्र बच्चा इन योजनाओं से वंचित न रहे।बाल विकास परियोजना अधिकारी पूनम चौहान ने प्रतिभागियों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, देई योजना और अन्य विभागीय कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक परिवारों को योजनाओं से जोड़ने का आग्रह किया।

संरक्षण अधिकारी शैलजा अवस्थी ने प्रतिभागियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, स्पॉन्सरशिप योजना, आफ्टर केयर योजना और दत्तक ग्रहण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। वहीं विधिक एवं प्रोबेशन अधिकारी रमा कुमारी ने बाल यौन उत्पीड़न, पॉक्सो अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम पर जानकारी दी प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया तथा बच्चों से जुड़ी योजनाओं पर तैयार प्रचार सामग्री वितरित की गई, ताकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इन्हें प्रभावी ढंग से समाज तक पहुंचा सकें।

## जयराम पर जवाहर ठाकुर के आरोप बेबुनियादः चंदन

**अनंत ज्ञान, मंडी। भाजपा** युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने कहा कि पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर द्वारा भाजपा नेतृत्व और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार और झूठे हैं। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर जी ने ही उन्हें तीन बार टिकट दिलवाया और विधायक तक बनाया, लेकिन टिकट कटते ही उनका असली चेहरा सामने आ गया। राहत कार्यों के दौरान उनके सुपुत्र स्वयं जयराम ठाकुर के साथ मौजूद थे, फिर भी द्रंग में नहीं आए कहना सरासर गलत है। द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर जो अपनी अवस्थता के बावजूद द्रंग विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच सक्रिय थे उनपर भी उन्होंने तीन साल से गायब रहने का आरोप लगाया जो कि सरासर झूठ है। विधायक अस्वस्थ होने के बावजूद प्रशासन और जनता से हर तरह से संपर्क में हैं और अपनी तरफ़ से पूरा सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि द्रंग लावारिस है कहना भी गलत है। सच्चाई यह है कि भाजपा के बिना स्वयं जवाहर ठाकुर लावारिस हो गए हैं।

## संधोल में नहीं हो रहा बाहरी राज्यों के प्रवासियों का सत्यापन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

संधोल तहसील के अंतर्गत बाहरी राज्यों से आने वाले श्रमिकों का सत्यापन नहीं हो रहा है। सूचना के अधिकार के तहत ये बात सामने आई है, जिसमें धलारा ग्राम के निवासी समाजसेवी अर्जुन सिंह ने उपमंडल अधिकारी नागरिक धर्मपुर से जानकारी मांगी थी कि बाहरी राज्यों से आये श्रमिकों व व्यवसाइयों के पतों के सत्यापन की जानकारी उपलब्ध करवाई जाए, जिसमे सूचना अधिकारी ने ऐसी किसी भी जानकारी न होने का हवाला दिया है।

इसके अलावा यह सूचना मांगी गई थी की चौकी में पंजीकृत प्रवासी लोगों के नाम व पते की जानकारी दी जाये और उनके मकान मालिकों के साथ हुए किरया नामे की प्रतियां भी उपलब्ध करवाई जाये जिसमें इन प्रवासी लोगों के नाम पते तो उपलब्ध करवा दिए गए है जबकि इनके किरयानामे की जानकारी पुलिस चौकी में उपलब्ध ही नहीं है। ऐसे में समाजसेवी अर्जुन सिंह ने बताया की जो प्रवासी लोग यहां रह रहे है उनके नाम, पते का सत्यापन और जहां ये लोग रह रहे हैं उन मकान मालिकों की जानकारी पुलिस को होना बहुत जरुरी है। अर्जुन सिंह ने चिंता जताते हुए कहा कि हो सकता है कि अपराधी प्रवृति के कुछ प्रवासी लोग बाहरी राज्यों से यहां आकर रह रहे हैं। उन्होने स्थानीय लोगों से भी अच्छी तरह से जांच परख कर किराये पर मकान या कमरा देने का आग्रह किया है ताकि भविष्य में किसी को कोई परेशानी पेश न आए।

उधर, डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने बताया की जो भी प्रवासी लोग हमारे पास पंजीकृत होते हैं। उनसे से कुछ चुनिंदा और संदिग्ध लोगों का पुलिस सत्यापन भी करवाती है। जिसमें से कुछ तो सत्यापित हुए है, लेकिन बाहरी राज्य की पुलिस की इसमें ज्यादी दिलचस्पी न लेने के कारण कुछ का सत्यापन संबंधी जानकारी नहीं मिल पाई है। उन्होंने जनता से भी जागरूक होकर अगर किसी पर कोई संदेह हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया है।

## अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर में शनिवार को शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या निशा वैद्य मुख्य अतिथि रहीं। कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग, रील मेकिंग, प्रश्नोत्तरी सहित विविध प्रतियोगिताओं में 120 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं अमर जीत** (40वर्ष) सपुत्र श्री प्रकाश चंद निवासी वार्ड न. 1, गांव घोड़ब, डाकघर भदरेड़, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम रिया से बदलकर रिया भाटिया रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें

**जब** हम एक-दूसरे से हंसते हुए, मुस्कुराते हुए मिलते हैं, तो असल में यही प्रेम की शुरुआत होती है। **-मदर टेरेसा**

## संपादकीय

# बदलाव की सुगबुगाहट

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार इस समय अपनी आय के संसाधन बढ़ाने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है। राज्य की वित्तीय स्थिति बीते कुछ वर्षों से काफी तंग रही है। प्राकृतिक आपदाओं ने जहां खजाने पर बोझ डाला है, वहीं बढ़ते वेतनमान और पेंशन का दबाव भी सरकारी खजाने को लगातार खाली कर रहा है। ऐसे में सरकार अब निवेश बढ़ाने और रोजगार सृजित करने के लिए बड़े फैसले लेने को तैयार दिख रही है। इसी कड़ी में सरकार अब धारा-118 के नियम में ढील देने पर गंभीरता से विचार कर रही है। दरअसल, हिमाचल प्रदेश टेनेंसी एंड लैंड रिफॉर्म्स एक्ट, 1972 की धारा-118 वह प्रावधान है, जिसने अब तक राज्य की कृषि और गैर-कृषि भूमि की हिफाजत की है। इसके तहत प्रदेश से बाहर का कोई भी व्यक्ति या गैर-कृषक यहां की कृषि भूमि सरकार की अनुमति के बिना नहीं खरीद सकता। इस प्रावधान का मुख्य उद्देश्य हिमाचल की भूमि को अंधाधुंध खरीद-फरोख्त से बचाना, स्थानीय किसानों की सुरक्षा करना और प्रदेश की पारिस्थितिकी व संस्कृति को संरक्षित रखना था। यही कारण है कि लंबे समय तक धारा-118 को हिमाचलियों की पहचान और स्वाभिमान से जोड़ा गया, लेकिन बदलते वक्त के साथ हालात बदले हैं। उद्योगों और निवेश को लेकर जो सख्ती बरती गई, वह अब विकास के रास्ते में रुकावट बन रही है। खासकर बाहरी उद्योगपतियों के लिए धारा-118 की प्रक्रिया बेहद पेचीदा है। एक बार मंजूरी मिलने के बाद अगर कंपनी का नाम, शेयरहोल्डर या निदेशक बदल जाएं तो पूरी प्रक्रिया फिर से दोहरानी पड़ती है। इसमें महीनों नहीं, सालों तक लग जाते हैं। यही वजह है कि कई बड़े उद्योगपति हिमाचल में निवेश करने से हिचकिचाते हैं।

प्रदेश सरकार का मानना है कि अगर नियमों में थोड़ी ढील दी जाए, तो उद्योगपतियों को राहत मिलेगी और वे हिमाचल में खुलकर निवेश करेंगे। सरकार पहले ही संकेत दे चुकी है कि उद्योगों के लिए बिजली दरों में भी रियायत दी जाएगी। उद्योग जगत के लिए बिजली खपत सबसे बड़ी लागतों में से एक है। अगर यहां उन्हें सस्ती बिजली मिलेगी, तो निश्चित रूप से उनका झुकाव हिमाचल की ओर बढ़ेगा। वास्तव में, हिमाचल में उद्योगों के लिए जमीन नई नहीं है। बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ यानी बीबीएन क्षेत्र इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यहां करीब 5000 से अधिक उद्योग स्थापित हैं, जिनमें अधिकतर बाहरी निवेशकों के हैं। यही नहीं, इन उद्योगों ने हजारों हिमाचलियों को रोजगार भी दिया है। सरकार ने एक प्रावधान रखा है कि उद्योगपतियों को अपने उद्योगों में 70 प्रतिशत हिमाचली युवाओं को नौकरी देनी होगी। इसका लाभ स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से मिल रहा है। यदि धारा-118 में कुछ संशोधन किए जाते हैं और नए उद्योग हिमाचल आते हैं, तो रोजगार के अवसर और अधिक बढ़ेंगे। इससे न केवल प्रदेश की बेरोजगारी घटेगी, बल्कि पलायन की समस्या भी काफी हद तक कम होगी। हिमाचल सरकार की सोच इस समय केवल उद्योग लाना ही नहीं, बल्कि पर्यावरण और परंपराओं को भी सुरक्षित रखना भी है। यही वजह है कि धारा-118 में ढील देने के साथ-साथ कुछ शर्तें जोड़ने की तैयारी है। जैसे कि केवल औद्योगिक उद्देश्यों या बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए ही विशेष अनुमति दी जाए।

इतिहास गवाह है कि जब केंद्र सरकार ने वर्ष 2003 में हिमाचल को विशेष औद्योगिक पैकेज दिया था, तब यहां उद्योगों की बाढ़ आ गई थी। बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ उस समय दवा उद्योग का हब बन गया था। हजारों करोड़ का निवेश हुआ और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली। आज भी वहां से मिलने वाला टैक्स और रोजगार हिमाचल की रीढ़ बना हुआ है। अब सरकार को उम्मीद है कि अगर केंद्र सरकार से फिर औद्योगिक पैकेज मिल जाए तो प्रदेश की आर्थिक स्थिति में क्रांतिकारी सुधार आ सकता है। हालांकि, धारा-118 में ढील का विरोध करने वालों की संख्या भी कम नहीं है। उनका कहना है कि अगर बाहरी लोगों को पूरी तरह से जमीन खरीदने की छूट दे दी गई, तो हिमाचल की पहचान और संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। बाहरी लोग यहां जमीन खरीदकर रिजॉर्ट और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स खड़े करेंगे, जिससे स्थानीय लोग हाशिए पर चले जाएंगे। साथ ही, पर्यावरणीय दबाव भी बढ़ेगा। इसलिए सरकार को बेहद सोच-समझकर कदम उठाना होगा।

सवाल यह भी उठता है कि क्या हिमाचल केवल उद्योगों पर ही निर्भर रह सकता है? प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि, बागवानी और पर्यटन भी हैं। धारा-118 ने अब तक इन क्षेत्रों को बाहरी दखल से बचाए रखा है। अगर उद्योगों के नाम पर बिना शर्त ढील दी गई, तो भविष्य में हिमाचल का पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ सकता है। यह बात भी उतनी ही सच है कि मौजूदा आर्थिक हालात में हिमाचल के पास निवेश बढ़ाने के अलावा और कोई बड़ा विकल्प नहीं है। सरकार अगर उद्योगपतियों के लिए सुविधाएं बढ़ाती है और साथ ही कड़े पर्यावरणीय व रोजगार संबंधी नियम बनाती है, तो संतुलन कायम किया जा सकता है। आखिरकार, यह संतुलन ही तय करेगा कि धारा-118 में ढील हिमाचल के लिए वरदान साबित होगी या अभिशाप। ■


### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारतीय सिनेमा की ख्याति प्राप्त अभिनेत्री



नूरजहां
जन्म : 21 सितंबर, 1926
मृत्यु : 23 दिसंबर, 2000

**'नूरजहां'** भारतीय सिनेमा की ख्याति प्राप्त अभिनेत्री और पार्श्वगायिकाओं में से एक थीं। उनका वास्तविक नाम 'अल्ला वसई' था। दक्षिण एशिया की महानतम गायिकाओं में शुमार की जाने वाली 'मल्लिका-ए-तरन्नुम' नूरजहां को लोकप्रिय संगीत में क्रांति लाने और पंजाबी लोकगीतों को नया आयाम देने का श्रेय जाता है। उनकी गायकी में वह जादू था कि हर उदयमान गायक की प्रेरणा स्रोत स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने भी जब अपने करियर का आगाज किया तो उन पर नूरजहां की गायकी का प्रभाव था। नूरजहां अपनी आवाज़ में नित्य नए प्रयोग किया करती थीं। अपनी इन खूबियों की वजह से ही वे ठुमरी गायिकी की महारानी कहलाने लगी थीं। नूरजहां का जन्म ब्रिटिश भारत में पंजाब के 'कसूर' नामक स्थान पर एक मुस्लिम परिवार में हुआ था। नूरजहां ने अपने आधी शताब्दी से अधिक के फिल्मी करियर में उर्दू, पंजाबी और सिंधी आदि भाषाओं में कई गाने गाए। उन्हें मनोरंजन के क्षेत्र में पाकिस्तान के सर्वोच्च सम्मान 'तमगा-ए-इम्तियाज' से सम्मानित किया गया था। ■



कविता

### इंसान भगवान तो नहीं!

अभिसार ठाकुर, हिम अकादमी हमीरपुर

*भगवान तो नहीं, पर सपने सच कर सकता है,*
*श्रम से हर मुश्किल को, आसान कर सकता है।*
*उसके पास दया है, मगर चमत्कार नहीं,*
*प्यार से दिल जीत सकता है, पूरा संसार नहीं।*
*इंसान भगवान तो नहीं, पर उम्मीद जगाता है,*
*टूटे दिल में साहस भर, राह नई दिखाता है।*
*उसके पास आंसू भी हैं, मुस्कान भी है,*
*गलतियां भी हैं उसके साथ, पहचान भी है।*
*भूलों से सीखकर आगे बढ़ना ही उसका धर्म है,*
*सत्य और करुणा से जीना ही उसका कर्म है।*
*भगवान नहीं, मगर भगवान की छवि वही,*
*इंसान अगर इंसान बने, तो कमी नहीं।*

अनंत ज्ञान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# एनसीसी : अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की पाठशाला



विद्यालय शिक्षा का दायरा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होता, बल्कि इसका असली उद्देश्य ऐसे नागरिक गढ़ना है, जो अनुशासन, जिम्मेदारी, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र हित के प्रति समर्पण की भावना से संपन्न हों। इसी लक्ष्य की पूर्ति में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण मानी जाती है। यह संस्था छात्रों के लिए केवल गणवेश और परेड तक सीमित अभ्यास नहीं है, बल्कि जीवन मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता का वास्तविक प्रशिक्षण है। 'एकता और अनुशासन' इसका आदर्श वाक्य है, जो केवल दीवारों पर लिखा नारा नहीं बल्कि कैडेट्स के व्यक्तित्व का स्थायी संस्कार है।



**रजनीश रांगड़ा**
प्रधानाचार्य, टौणी देवी

विद्यालय स्तर पर एनसीसी विद्यार्थियों को अनुशासनप्रिय बनाता है। नियमित परेड, अभ्यास और प्रशिक्षण उन्हें समय की पाबंदी और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाते हैं। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर विद्यालयों में एनसीमी परेड विद्यार्थियों में गर्व और देशप्रेम की भावना जगाती है। कैडेट्स के मन में यह भाव अंकुरित होता है कि व्यक्तिगत हित में ऊपर राष्ट्र हित है।

यही कारण है कि एनसीसी को सही मायनों में राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला कहा जाता है। हिमाचल प्रदेश का परिदृश्य इस संदर्भ में आशाजनक भी है और चुनौतीपूर्ण भी। पूरे राज्य में लगभग 314 विद्यालयों और 64 कॉलेजों में एनसीसी इकाइयां संचालित हैं, जिनसे करीब 24,681 कैडेट्स जुड़े हुए हैं। यहां तीन बटालियन, सात कंपनी यूनिट्स, एक एयर स्क्वॉड्रन और एक नेवल यूनिट सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। हाल ही में राज्य सरकार ने मंडी जिले के बाल्ह क्षेत्र में 17 बीघा भूमि एनसीसी अकादमी की स्थापना हेतु शिक्षा विभाग को हस्तांतरित की है। यह पहल स्पष्ट संकेत है कि हिमाचल सरकार भी इस संस्था की उपयोगिता को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिवद्ध है।

हिमाचल के कैडेट्स राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परिचय देते रहे हैं। गणतंत्र दिवस शिविर में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और चंडीगढ़ डायरेक्टोरेट से चुने गए 93 कैडेट्स में 23 हिमाचल के थे। धर्मशाला में आयोजित 'हिमट्रेक 2025' में देशभर में आई 510 महिला कैडेट्स के बीच हिमाचल की बालिकाओं ने विशेष पहचान बनाई। कुल्लू में एयर स्क्वॉड्रन एनसीसी द्वारा आईआईटी मंडी और एनआईटी हमीरपुर के सहयोग से आयोजित ड्रोन प्रशिक्षण कोर्स इस बात का प्रमाण है कि एनसीसी आधुनिक तकनीक और समय की मांगों के साथ कदमताल कर रही है। मंडी और सोलन में हुए वार्षिक प्रशिक्षण शिविरों में प्रदेशभर के विद्यार्थियों ने नेतृत्व, अनुशासन, सेवा और टीम भावना के अद्वितीय अनुभव प्राप्त किए।

अनंत ज्ञान

यह भी उल्लेखनीय है कि जिन विद्यालयों में एनसीसी गतिविधियों गंभीरता और नियमितता से कराई जाती हैं, वहां के विद्यार्थी केवल बेहतर अनुशासित ही नहीं, बल्कि समाजसेवी भी बनते हैं। वह रक्तदान, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण और आपदा प्रबंधन जैसी गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। कोरोना महामारी के दौरान भी हिमाचल के एनसीसी कैडेट्स ने राहत कार्यों, जागरूकता अभियानों और प्रशासन की महायता में योगदान दिया था। यह अनुभव उन्हें किताबों से परे जीवन की असली शिक्षा देता है। फिर भी, इस उजले पक्ष के साथ जमीनी चुनौतियां भी मौजूद हैं। कई बार विद्यालयों में एनसीसी इकाई स्थापित तो कर दी जाती है, लेकिन प्रशिक्षण औपचारिकता तक सीमित रह जाता है।

प्रशिक्षित अधिकारियों की कमी, संसाधनों का अभाव और विद्यार्थियों की शैक्षणिक व्यस्तताएं गतिविधियों की नियमितता पर असर डालती हैं। परिणामस्वरूप, कुछ विद्यालयों में कैडेट्स केवल नाम के सदस्य बनकर रह जाते हैं और उन्हें वास्तविक अनुभव नहीं मिल पाता। कई विद्यालयों में एएनओ (एसोसिएटेड एनसीसी ऑफिसर) का प्रशिक्षण अधूरा रहता है या फिर उन्हें इसे केवल अतिरिक्त कार्य समझा जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो कई बार एनसीसी इकाई कागजों में ही दर्ज होती है। संसाधनों की कमी भी एक बड़ी समस्या है। वर्दी, हथियार, परेड ग्राउंड और कैंप की सुविधाएं सभी विद्यालयों तक नहीं पहुंच पातीं। परिणामस्वरूप कैडेट्स को केवल सीमित गतिविधियों में हिस्सा लेने का मौका मिलता है। कई छात्र केवल प्रमाणपत्र पाने के लिए एनसीसी से जुड़ते हैं, जिससे संस्था का वास्तविक उद्देश्य पीछे छूट जाता है। यदि एनसीसी को केवल बायोडाटा मजबूत करने का साधन मान लिया गया तो इसका मूल चरित्र कमजोर होगा।

फिर भी, यह नहीं भूलना चाहिए कि एनसीसी का उद्देश्य केवल रक्षा सेवाओं में करियर बनाना नहीं है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह विद्यार्थियों को टीमवर्क, समय प्रबंधन, नेतृत्व, आपदा प्रबंधन, सामाजिक मेवा और राष्ट्रीय एकता से संबधित जीवन कौशल सिखाता है और यही कारण है कि एनसीसी कैडेट्स समाज में आदर्श नागरिक बनकर उभरते हैं। भविष्य की दृष्टि से यदि हम एनसीसी को केवल रिपोर्टों और वार्षिक आंकड़ों तक सीमित न रखकर वास्तविक प्रशिक्षण और अवसरों से जोड़ दें, तो यह निश्चित रूप में युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण में क्रांतिकारी योगदान कर सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि विद्यालय स्तर पर ईमानदारी से परेड और प्रशिक्षण मुनिश्चित हों. कैडेट्स को राष्ट्रीय कैंपों और विशेष अभियानों में अधिक अवसर दिए जाएं और सरकार व समाज दोनों इसकी गतिविधियों को प्रोत्साहन दें।

आज जब राष्ट्र को अनुशासित, जागरूक और राष्ट्र भक्ति से परिपूर्ण युवाओं की आवश्यकता है, तब एनसीसी जैसी संस्था का महत्व और भी बढ़ जाता है। हिमाचल जैसे छोटे राज्य में हजारों कैडेट्स यदि सही प्रशिक्षण और अवसर प्राप्त करें तो यह संस्था भविष्य में ऐसे युवा तैयार करेगी जो न केवल राज्य बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाएंगे। आवश्यकता इस बात की है कि सरकार, विद्यालय प्रशासन और समाज तीनों मिलकर इसे कागजों की औपचारिकता से बाहर निकालें और विद्यार्थियों के जीवन का जीवंत अनुभव बनाएं। तभी एनसीसी की असली भूमिका सामने आएगी और यह संस्था राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी पूर्ण क्षमता से योगदान दे पाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# धर्मांतरण पर संतुलित व दूरदर्शी नीति अपनाने की जरूरत

भारत एक बहुधार्मिक, बहुसांस्कृतिक देश है, जहां धर्म की आजादी संविधान द्वारा सुनिश्चित है, लेकिन हाल ही में मतांतरण (धर्म परिवर्तन) की घटनाओं में वृद्धि और उनसे जुड़े विवादों ने इस विषय को हवा दे दी है। हाल के दिनों में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जिसमें लोग अपने धर्म को छुपाकर या गलत तरीके से दूसरे धर्म के व्यक्तियों के साथ शादी करते हैं तथा शादी के बाद ऐसे दूसरे व्यक्ति को अपने धर्म में परिवर्तित करने के लिए मजबूर करते हैं।



**लालजी जायसवाल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पिछले दिनों राजस्थान विधानसभा में राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 पारित कर दिया गया। अवैध रूप से धर्मांतरण रोकने के लिए विधानसभा ने दूसरी बार विधेयक को मंजूरी दी है। वर्तमान विधेयक में जबरन व प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने वाली संस्थाओं की अवैध संपत्तियों को बुल्डोजर से ध्वस्त करने का प्रावधान है।

राजस्थान में किसी भी धर्म के व्यक्ति को अन्य धर्म में शादी करने या किसी अन्य उद्देश्य से धर्म परिवर्तन करने के लिए कलेक्टर को 90 दिन पहले सूचना देकर स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन का घोषणा पत्र देना होगा। ऐसा नहीं करने पर जबरन धर्म परिवर्तन मानते हुए राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस विधेयक के आधार पर बनने वाला कानून सभी धर्मों पर समान रूप से लागू होगा लेकिन मूल धर्म में वापसी को धर्म परिवर्तन नहीं माना जाएगा।



यह सही है कि संविधान ने हमें किसी भी धर्म को मानने का अधिकार दिया है। यह भी सही है कि स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन को कानूनन गलत नहीं ठहराया जा सकता है, लेकिन देखना यह होगा कि क्या वाकई धर्म परिवर्तन स्वेच्छा से हो रहा है? क्या किसी लोभ के कारण इस तरह की घटनाएं नहीं हो रहीं क्योंकि लोभ, भय, ब्लैकमेल आदि के कारण कराया जाने वाला धर्म परिवर्तन अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए इस पर राजनीति से हटकर सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

अनंत ज्ञान

देश में अगर धर्मांतरण निरोधक सख्त कानून होता तो देश के कोने-कोने में जबरन हो रहे धर्मांतरण की खबरें सामने नहीं आती। ये बात सही है कि कुछ राज्यों में इसे रोकने के लिए विधेयक पारित कर कानून जरूर बनाए गए हैं, किंतु केवल कानून बनाना ही पर्याप्त नहीं। बनाए गए कानून का कड़ाई से पालन होना भी उतना ही जरूरी है। किसी की इच्छा के विरुद्ध जाकर उसे दूसरा धर्म अपनाने को मजबूर करना गंभीर अपराध है। आदिवासी बहुल क्षेत्र के लोगों को प्रलोभन देकर या जबरन धर्मांतरण करा दिया जाता है। न जाने कितने लोग ऐसे ही जबरन धर्मांतरण की बलि चढ़ा दिए जाते हैं। अनेक राज्यों ने धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून बनाए हैं, के बावजूद धर्मांतरण पर रोक नहीं लग सकी है। गौरतलब है कि राज्य में जो कानून बने हैं, वह जबरन धर्म परिवर्तन पर कार्रवाई के हैं, जबकि स्थानीय लोगों का मानना है कि धर्म परिवर्तन कराने के लिए लोग एक मिशन के तहत इलाके में आते हैं।

बाकायदा केंद्र बनाकर धर्म का प्रचार करते है। वे लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हैं। मतांतरण का मुद्दा भारत जैसे विविधता वाले देश में संवेदनशील है, इसलिए इस पर संतुलित और दूरदर्शी नीति अपनाए जाने की जरूरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**सर्दियों** में ठंड से बचाव के लिए विशेष सावधानियां बरतनी चाहिएं। सबसे पहले गर्म कपड़े जैसे स्वेटर, जैकेट, टोपी और मोजे पहनना जरूरी है, ताकि शरीर का तापमान बना रहे। सुबह-शाम बाहर निकलते समय खुद को अच्छे से ढकें। ठंडे पानी से बचें और गुनगुना पानी पीने और नहाने के लिए इस्तेमाल करें। खानपान में गरम और पौष्टिक चीजों को शामिल करें, जैसे सूप, ड्राई फ्रूट्स, हल्दी वाला दूध आदि। नियमित व्यायाम करें ताकि शरीर सक्रिय रहे। बुजुर्गों और बच्चों को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। हीटर का प्रयोग सावधानी से करें ताकि दम घुटने या आग लगने का खतरा न हो। सर्दी में खुद को स्वस्थ और सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है।

**-हरि सिंह ठाकुर, सुलह**

# जोखिमों से भरे फोरलेन पर टोल वसूलना कहां तक उचित ?

सड़कों का निर्माण और उनका बेहतर होना किसी भी देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति का प्रतीक है, क्योंकि यह व्यापार, परिवहन को सुगम बनाकर विकास को बढ़ावा देती हैं, परंतु यह कहना बिलकुल ठीक है कि हिमाचल प्रदेश में फोरलेन सड़क की वर्तमान स्थिति बहुत ही चिंताजनक बनी हुई है। जहां बरसात के मौसम में भारी भूस्खलन होने की वजह से जगह-जगह सड़क मार्ग अवरुद्ध हुए हैं, वहीं जो पत्थर व मलबा पहाड़ों से सड़क पर गिर रहा है, उससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ है।



**लकेश चंदेल**
जिला बिलासपुर (हिप्र)

सड़क पर कुछ स्पॉट 90 डिग्री ऊर्ध्वाधर कटाई के कारण तो ऐसे बने हुए हैं, जो कि मौत का कुआं साबित हो रहे हैं। उधर, टोल फीस प्लाजा वाले सड़क की हालत खस्ता होने के बावजूद भी लोगों से इस मौत के कुएं रूपी सड़क पर जाने के लिए पैसे ले रहे हैं। इस जोखिम भरी सड़क के लिए जिम्मेदार फोरलेन निर्माण वाली कंपनियां, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता है तथा इसके लिए एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस बात के लिए स्थानीय लोग बार-बार विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं। फोरलेन निर्माण करते समय सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर 90 डिग्री के ऊपर ऊर्ध्वाधर कटाई करके सड़क निर्माण किया गया, जो कि बहुत ही खतरनाक है। आए दिनों पहाड़ों से 90 डिग्री कटाई होने की वजह से जगह-जगह पत्थर और मलबा सड़क पर गिर रहा है।

ऐसी घटनाओं से कई लोगों की जान भी जा चुकी है। हद तो इस बात की है कि जहां फोरलेन एक सुख सुविधा व आरामदायक सफर के लिए बनाई जाती थी, वह एक चिंता का विषय बनकर रह गई है। आज के समय में अगर कोई इंसान अपने घर से सफर के लिए निकलता है तो जब तक वह अपनी मंजिल पर न पहुंच जाए, तब तक उसके घर वाले चिंता में रहते हैं और जो यात्री सफर करता है, वह भी खुद इसी चिंता में डूबा रहता है कि पता नहीं वह सुरक्षित अपनी मंजिल पर पहुंचेगा भी की नहीं, क्योंकि दोनों तरफ पता है कि यह सफर मौत के कुएं से होकर जाएगा।



सरकार तथा विभाग को ऐसी कंपनियों को काम देना चाहिए जो अपने सड़क निर्माण परियोजनाओं को सही तथा सुरक्षा नियमों के तहत ही पूरा करे, अन्यथा ऐसी कंपनियों को तुरंत प्रभाव से ब्लैक लिस्ट कर देना चाहिए जो नियमों के विरुद्ध कार्य करें ताकि भविष्य में अन्य कंपनियों को भी सबक मिले। ऊर्ध्वाधर कटाई के कारण भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए चट्टानों व पहाड़ों की स्थिरता के अनुसार कटाई करना महत्वपूर्ण है। कटाई करते समय और उसके बाद ढलानों को स्थिर करना बहुत जरूरी है। फोरलेन सड़क के लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने के लिए इसमें भू-तकनीकी सर्वेक्षण, पर्यावरणीय प्रभाव आकलन, सड़क के डिजाइन इत्यादि को सही रूप से करना चाहिए। फोरलेन पर एक तरफ तो पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर सड़क पर गिरते हैं तथा दूसरी तरफ सैकड़ों किलोमीटर गहरी खाई होती है।

अनंत ज्ञान

सही और स्पष्ट रूप में बोलें तो एक तरफ कुआं तो दूसरी तरफ खाई वाला परिदृश्य देखने को मिलता है। इंसान करे तो करे क्या, जाए तो जाए कहां? सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अपनी जारी वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, भारत में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है, जो लगभग 63.45 लाख किलोमीटर लंबा है। किसी भी देश में सड़कों के होने से बहुत फायदे भी हैं, जैसे बेहतर सड़कों से पर्यटक किसी भी देश की प्राकृतिक और ऐतिहासिक स्थलों तक आसानी से पहुंच सकते हैं, जिससे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलता है।

अच्छी सड़कें व्यापार, उद्योग और कृषि को बढ़ावा देती हैं। परिणाम स्वरूप वस्तुओं को बाजार तक पहुंचाना आसान होता है, जिससे अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। सड़कें व्यक्तियों के लिए यात्रा की स्वतंत्रता प्रदान करती हैं, जो स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी आवश्यक सेवाओं तक पहुंच में सुधार करती हैं। अतः हम निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण में ढलानों को स्थिर करना, भूस्खलन के जोखिम को कम करना और उचित कटाई नियमों का पालन करना महत्वपूर्ण है, जिसमें स्थानीय भू-वैज्ञानिक स्थितियों पर विचार किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जहां विज्ञान चूक जाता है, वहां टिटहरी पहले ही दे देती है चेतावनी

टिटहरी कोई साधारण पक्षी नहीं, बल्कि प्रकृति का मौन प्रहरी है। किसान उसके अंडों की संख्या, स्थान और समय देखकर बारिश, बाढ़ या अकाल का अनुमान लगाते रहे हैं। विज्ञान भी मानता है कि ऐसे पक्षी 'इकोसिस्टम इंडिकेटर' होते हैं, जो पर्यावरणीय बदलावों का पहले से संकेत दे देते हैं।



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज शहरीकरण और रसायनों के प्रयोग से इनका आवास खतरे में है। यदि हम टिटहरी जैसे पक्षियों की चेतावनी अनसुनी कर देंगे, तो भविष्य में आपदाओं के प्रति हमारी संवेदनशीलता और भी घट जाएगी। इसलिए जरूरी है कि हम इन्हें बचाएं और इनके संदेश को गंभीरता से सुनें। भारत का ग्रामीण जीवन सदियों से प्रकृति के साथ गहरे संवाद में रहा है। खेत, मौसम और जीव-जंतु मिलकर किसान की दिनचर्या और भविष्य दोनों को प्रभावित करते हैं। इन सबके बीच टिटहरी एक ऐसा छोटा सा पक्षी है, जो सामान्य आंखों से मामूली दिखता है, लेकिन किसानों और लोक जीवन की स्मृतियों में यह मौसम की सटीक भविष्यवाणी करने वाला प्रहरी माना जाता है।

यह केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि धरती और आकाश के बीच संवाद का माध्यम है, एक मौन दूत है जो संकट और समृद्धि दोनों की आहट पहले ही दे देता है। ग्रामीण अनुभव बताते हैं कि टिटहरी का व्यवहार मौसम और कृषि की दिशा तय करने में अहम संकेत देता है। यदि वह चार अंडे देती है तो चार महीने अच्छी वर्षा होने का विश्वास किया जाता है। जब वह ऊंचाई पर अंडे देती है, तो लोग मानते हैं कि सामान्य से अधिक वर्षा होगी। यदि कभी वह मजबूरी में छत या पेड़ पर अंडे दे, तो यह भीषण बाढ़ का संकेत माना जाता है। वहीं, यदि वह अंडे न दे तो यह सबसे डरावनी स्थिति होती है, क्योंकि लोग इसे अकाल का दूत मानते हैं।



किसान कहते हैं कि जिस खेत में टिटहरी अंडे देती है, वह खेत खाली नहीं रहता। वहां फसल जरूर होती है। इस तरह यह पक्षी न केवल वर्षा और मौसम से जुड़े संकेत देता है बल्कि उपजाऊपन और अकाल जैसी चरम स्थितियों की चेतावनी भी बन जाता है। लोकजीवन में एक और मान्यता है कि टिटहरी का मृत शरीर कुरुक्षेत्र के अलावा कहीं दिखाई नहीं देता।

अनंत ज्ञान

चाहे यह तथ्य हो या प्रतीकात्मक कल्पना, लेकिन यह विश्वास उसे जीवन और अस्तित्व की रक्षा का प्रतीक बना देता है। टिटहरी को देखने वाला किसान समझ जाता है कि यह पक्षी उसकी मिट्टी, फसल और भविष्य का पहरेदार है। यही कारण है कि ग्रामीण लोक गीतों और कहावतों में भी टिटहरी का उल्लेख मिलता है। यह उन जीवों में से है, जिनकी गतिविधियों पर पीढ़ियां भरोसा करती रही हैं। अब सवाल उठता है कि जब विज्ञान मौसम की भविष्यवाणी के लिए उपग्रह, राडार और कंप्यूटर मॉडल जैसे अत्याधुनिक साधन लेकर आया है, तब टिटहरी जैसे पक्षियों की भूमिका क्या रह जाती है। वास्तव में इसका उत्तर यही है कि विज्ञान और लोकअनुभव एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो टिटहरी जैसे पक्षी पर्यावरणीय परिवर्तनों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। हवा की नमी, तापमान का उतार-चढ़ाव, भूमि की नमी, जल स्तर का बढ़ना या घटना, इन सबका असर उनके व्यवहार पर पड़ता है। यही कारण है कि वैज्ञानिक भाषा में इन्हें 'इकोसिस्टम इंडिकेटर' कहा जाता है। यानी ऐसे जीव जो अपने आचरण के माध्यम से हमें पर्यावरणीय बदलावों की समय रहते जानकारी दे देते हैं।

आज की स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न संरक्षण का है। यदि टिटहरी जैसे पक्षी हमारे बीच से लुप्त हो जाएंगे तो न केवल लोक विश्वास टूट जाएगा, बल्कि पर्यावरणीय चेतावनी प्रणाली का एक अहम हिस्सा भी खो जाएगा। इसके संरक्षण के लिए हमें खेतों में अत्यधिक कीटनाशकों का उपयोग कम करना होगा, प्राकृतिक आवासों को सुरक्षित रखना होगा और जलस्रोतों को बचाना होगा। यह केवल एक पक्षी का संरक्षण नहीं होगा, बल्कि अपने भविष्य और अस्तित्व की रक्षा भी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जिला परिषद, पंचायत समिति और पंचायत स्तर पर वार्डबंदी पूरी : चौहान

## वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के लिए 26 सितंबर तक होंगी विशेष ग्राम सभाएं

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश में पंचायती चुनावों का बिगुल बज चुका है। इन चुनावों को प्रभावी ढंग से संपन्न करवाने के लिए विभाग ने भी कमर कस ली है। वहीं प्रदेश में जिला परिषद, पंचायत समिति और पंचायत स्तर पर वार्ड बंदी का कार्य पूरा होने के बाद नोटिफाई कर दिया है। इसके उपरांत चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण कार्य वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन शुरू किया गया है। इसको लेकर प्रदेश में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन 26 सितंबर तक किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर विवेक चौहान ने कहा कि वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन को लेकर आयोजित ग्राम सभा में सभी लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और संबंधित पंचायत की वोटर लिस्ट का गहन अध्ययन कर अपने आपत्ति और दावे दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसमें किसी व्यक्ति का वोट से छूटना, मृत्यु होना, स्थान परिवर्तन और शादी होने के कारण स्थान बदलने को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि इसको लेकर आपत्तिकर्ता को साक्ष्य भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा और इसके आधार पर वोटर लिस्ट को संशोधित कर अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके उपरांत प्रदेश निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशानुसार नए वोट बनाने और अन्य सभी प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

### केवल 30 पंचायतें, 2 जिप और 16 समिति वार्ड तक सीमित हुआ विकास खंड सुंदरनगर



**विवेक** चौहान ने कहा कि पंचायती राज चुनाव-2024 में सुंदरनगर एक बड़ा क्षेत्र होता था जिसके अंतर्गत कुल 66 पंचायतें थी। लेकिन निहरी और धनोटू विकास खंड के बनने से सुंदरनगर के अंतर्गत केवल 30 पंचायतें ही अब शामिल हैं। इससे कुछ पंचायतों के क्षेत्राधिकार में भी बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि विकास खंड सुंदरनगर की कुल 30 पंचायतों को 2 जिला परिषद और 16 पंचायत समिति वार्ड में विभाजित किया गया है।

### डबल वोट पर कड़ी नजर

**बीडीओ** विवेक चौहान ने कहा कि विकास खंड सुंदरनगर में डबल वोट को लेकर अभी कोई मामला सामने ना ही आया है और ना ही लाया गया है। अगर इस प्रकार का कोई मामला सामने आने पर डबल वोट की आपत्ति करने वाले व्यक्ति को वैध प्रमाण और जानकारी भी देनी होगी। इसमें डबल वोट के स्थान की जानकारी सीरियल नंबर के साथ देनी होगी। उन्होंने कहा कि इस आक्षेप पर पूरी वेरिफिकेशन करने के उपरांत डबल वोट को हटाया जाएगा।

# 336 ग्राम चरस सहित युवक पकड़ा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी पुलिस थाना टीम ने शनिवार को चरस माफिया के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई गई है। ताजा मामले में पुलिस टीम ने सुंदरनगर-मंडी हाईवे पर शुकदेव वाटिका के समीप हरियाणा रोडवेज की मनाली से चंडीगढ़ जा रही बस में सवार युवक से 336 ग्राम चरस बरामद की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी की टीम नाकाबंदी के दौरान सुंदरनगर-मंडी हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान शुकदेव वाटिका के समीप मौजूद थी। इसी दौरान मंडी से सुंदरनगर की ओर आ रही हरियाणा रोडवेज की बस की चेकिंग के दौरान उसमें बैठे युवक अंकेश (26) पुत्र भुवनेश्वर निवासी गांव सिगारी डाकघर कुन्नू तहसील पधर जिला मंडी के कब्जे से 336 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगामी प्रक्रिया जारी है। पुष्टि करते हुए डीएसपी भारत भूषण ने कहा कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और न्यायालय के समक्ष पेश करने को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# डोडवां बस स्टॉप में चिट्टे के साथ दो गिरफ्तार

## चार्जर के अंदर छिपा रखा था 11.3 ग्राम चिट्टा, 3600 रुपए नकदी भी बरामद

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

सुंदरनगर। पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने हेरोइन माफिया के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई अमल में लाई है। डीएसपी सुंदरनगर के दिशा-निर्देशानुसार सुंदरनगर थाना के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल हंसराज सैनी, कांस्टेबल कुलदीप और सतीश ने किरतपुर-मनाली फोरलेन पर डोडवां बस स्टॉप पर बैठे दो युवकों को 11.03 ग्राम हेरोइन और 3600 रुपए नकद बरामद कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किरतपुर-मनाली फोरलेन पर शनिवार को पुलिस थाना के हेड कांस्टेबल हंसराज सैनी की अगवाई में कांस्टेबल कुलदीप और सतीश डोडवां क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थे। इस दौरान बस स्टॉप डोडवां पर बैठे दो युवक पुलिस को देखकर घबरा गए और उनके पास मौजूद बैग को छिपाने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने शक के आधार पर बैग की तलाशी के दौरान उससे टूटे हुए चार्जर के अंदर से 11.03 ग्राम हेरोइन और 3600 रुपए नकद बरामद किए हैं।

आरोपियों की शिनाख्त रमन (27) पुत्र हेम राज निवासी गांव मलोंग, डाकघर पाली तहसील पधर जिला मंडी और विनोद कुमार(32), पुत्र सुंदर लाल निवासी गांव मसेरन डाकघर पाली तहसील पधर जिला मंडी के तौर पर हुई है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने कहा कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सुंदरनगर पुलिस नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि किसी व्यक्ति पर नशे का व्यापार करने का शक होने पर पुलिस को सूचित करें।



डोडवां बस स्टॉप में चिट्टे व नकदी सहित पकड़े युवक।

# न्यूज ब्रीफ

## जोगिंद्रनगर-1 में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत उपमंडल जोगिंद्रनगर-1 के तहत आने वाले क्षेत्रों में 21 सितंबर को बिजली गुल रहेगी। विद्युत उपमंडल जोगिंदर नगर-1 के सहायक अभियंता ने जारी बयान में इस बात की जानकारी दी है। सहायक अभियंता के अनुसार, 11 केवी लाइन की जरूरी मरम्मत के चलते आज जोगिंद्रनगर बाजार, ढेलू, मकड़ैना, काथला, टटानका और आसपास के इलाकों में सुबह 9:30 बजे से लेकर काम खत्म होने तक बिजली पूरी तरह से बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि यदि मौसम खराब होता है, तो यह काम अगले कार्य दिवस में किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## आयुर्वेद दिवस पर लगेगा फ्री स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुष विभाग की ओर से 23 सितंबर को जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय परिसर मंडी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कुमार कालिया ने बताया कि इस शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग पद्धति के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की स्वास्थ्य जांच करेंगे और आवश्यक परामर्श देंगे। लोगों को निःशुल्क औषधियां भी इस दौरान उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि विभाग की इस पहल का उद्देश्य लोगों को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जोड़ना और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

## महादेव व्यापार मंडल चोरी को लेकर चिंतित

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विस क्षेत्र के महादेव क्षेत्र में हाल ही में हुई चोरी की वारदात को लेकर महादेव व्यापार मंडल ने गहरी चिंता व्यक्त की है। अरनव एंटरप्राइजेज के मालिक बिहारी लाल की दुकान से लाखों की चोरी होने के बाद व्यापार मंडल ने थाना प्रभारी धनोटू को पत्र लिखते हुए डीएसपी सुंदरनगर व मीडिया को भी प्रतिलिपि भेजी है। व्यापार मंडल के प्रधान प्रकाश चंद गुप्ता द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि चोरी की घटनाओं में शामिल असामाजिक तत्वों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। साथ ही, धनोटू-नौलखा कस्बों तथा महादेव मार्किट में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता जताई गई है। मंडल ने सुझाव दिया है कि रात्रि गश्त को नियमित किया जाए और पुलिस थाना व चौकी के माध्यम से चाक-चौबंद निगरानी सुनिश्चित की जाए। व्यापारियों ने कहा कि ऐसे कदम उठाकर ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सकता है।

## सफाई मित्रों व उनके परिवार का जांचा स्वास्थ्य

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष इंजी. मनोज त्रिपाठी और सदस्य सिंचाई बीएस नारा के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत और स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बीएसएल परियोजना पर स्थित बीबीएमबी अस्पताल में परियोजना के सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें लगभग 104 सफाई मित्र और उनके परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य जांच की गई। बीबीएमबी अस्पताल सुंदरनगर में इस शिविर का उदघाटन परियोजना के उप मुख्य अभियन्ता/मुख्यालय, बीएसएल, इंजी. कश्मीर सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। इंजी. कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि परियोजना स्टाफ को स्वस्थ रखने की दृष्टि से पूर्व में भी ऐसे शिविर आयोजित किए गए हैं और आने वाले समय में भी ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्र पांडे, अस्पताल के अन्य डॉक्टर और स्टाफ तथा परियोजना के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों ने रचनात्मक पोशाकों से मोहा मन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** यूरो किड्स स्कूल में दो दिवसीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में छोटे-बड़े सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी मनमोहक पोशाकों से सभी का दिल जीत लिया। बच्चों ने महात्मा गांधी, रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, डॉक्टर, शिक्षक, पुलिस अधिकारी, अंतरिक्ष यात्री जैसे लोकप्रिय किरदारों के साथ-साथ बिल्ली, कुत्ता, यूनिकॉर्न, ड्रैगन और सेब, आम, केला जैसे फलों की पोशाकों में शानदार प्रस्तुति दी। जजों के रूप में पूनम, रिया, रितु और अंजू उपस्थित रहीं। सभी बच्चों का प्रदर्शन इतना शानदार था कि वे सभी प्रथम प्रतिभागी के रूप में नजर आए। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी ठाकुर, संचालिका विनय कुमारी और सभी अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। अंत में सभी प्रतिभागियों और उनके माता-पिता को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया।

## ईवीएम भंडार कक्ष का त्रैमासिक सत्यापन कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मंडी जिले के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के भंडार कक्ष का त्रैमासिक सत्यापन 22 सितंबर को किया जाएगा। भंडार कक्ष को राजनैतिक दलों की उपस्थिति में खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है और उनसे अपेक्षा है कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से ईवीएम वेयर हाउस, भ्यूली मंडी में उपस्थित होकर सत्यापन प्रक्रिया का निरीक्षण सुनिश्चित करें।

## प्राचीन बावड़ी की सफाई से दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान मंडी द्वारा लोहारा पंचायत में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में उपकेंद्र लोहारा की महिलाओं, महिला मंडल की सदस्यों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और जन शिक्षण संस्थान के स्टाफ ने मिलकर भाग लिया। अभियान के अंतर्गत लोहारा गांव स्थित प्राचीन बावड़ी की सफाई की गई। इस ऐतिहासिक बावड़ी का विशेष महत्त्व रहा है। स्थानीय जनमान्यता के अनुसार, पूर्व काल में जब किसी व्यक्ति को 'घेंघा' नामक रोग हो जाता था, तो इस बावड़ी के जल का सेवन करने अथवा इससे स्नान करने से रोग में लाभ होता था। इस अवसर पर ग्राम पंचायत लोहारा के प्रधान पन्नालाल, वार्ड सदस्य रेखा देवी, जन शिक्षण संस्थान मंडी के निदेशक इंचार्ज गुलाब ठाकुर सहित संस्थान के अन्य सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## अंडर-14 बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतर राज्य 34वीं अंडर-14 बास्केटबॉल प्रतियोगिता राजकीय विजय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडी आरम्भ हुई। शुभारंभ प्रधानाचार्य जयश्री कपूर ने किया। इसमें लड़के व लड़कियों की 19 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के प्रथम दिन 14 मैच खेले गए। मंडी ने शिमला को 47-4 से हराया। शिमला बॉयज ने कुल्लू को 48-20 से हराया। कांगड़ा ने जीएनपीएस पांवटा साहिब को 40-33 से हराया। सोलन गर्ल्स न दक्षाई को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

## सीनियर व सब जूनियर बैडमिंटन टीमों का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# खिलाड़ियों ने सीखा खेल का कौशल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



71वीं सीनियर पुरुष व महिला तथा 44वीं सब जूनियर लड़कों और लड़कियों की राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिताओं के लिए हिमाचल प्रदेश की बाल बैडमिंटन टीमों का आठ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 13 से 20 सितंबर तक बाल बैडमिंटन ग्राउंड नबाही देवी तहसील सरकाघाट में कोच नरेंद्र ठाकुर, राजेंद्र कुमार व वेद प्रकाश शर्मा के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में खिलाड़ियों ने बाल बैडमिंटन के बारिकियों को समझा और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की। कोच नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों ने शिविर के दौरान अपने खेल कौशल को बेहतर बनाने के लिए समर्पण के साथ अभ्यास किया और खेल की तकनीकी जानकारी प्राप्त की, जिससे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

समापन समारोह की अध्यक्षता बीएल गोयल अध्यक्ष व आरके भारद्वाज कोषाध्यक्ष बॉल बैडमिंटन संघ ने की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी।

### ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर में दिखाएंगे दम

सीनियर वर्ग की पुरुषों की टीम में वैभव ठाकुर, दिनेश, आयुष, साहिल धीमान, अभिनंदन व विरेंद्र शर्मा मंडी से, मुकंद शुक्ला व अखिलेश शर्मा बिलासपुर से तथा अनिरुद्ध शारदा व आर्यन राणा ऊना से शामिल हैं। महिलाओं की टीम में आकांक्षा, अमिता, आंचल, सुरिधि, ऋतिका, कामना व निशा मंडी से, कन्नू प्रिया व पुष्पा लता बिलासपुर से तथा स्मृति शिमला से चयनित हुईं। सबजूनियर वर्ग की लड़कों की टीम में शिवांश ठाकुर, आदर्श, साहिल, शौर्या, ध्रुव व साहिल मंडी से, आतिश शर्मा ऊना से, पूर्वांश चौहान व सार्थक शिमला से शामिल हैं। लड़कियों की टीम में निकिता, अर्चिता, प्रांजुल, अनवी, मानशी राणा मंडी से तथा अक्षिता ऊना से चयनित हुईं। यह सभी खिलाड़ी 71वीं सीनियर राष्ट्रीय तथा 44वीं सब-जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए तमिलनाडु डिंडीगुल में 24 सितंबर से 28 सितंबर तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# नशे से परिवारों में बढ़ती कलह व रिश्तों में कड़वाहट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नेरचौक स्थित अभिलाषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी मे गेस्ट लैक्चर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप मे दिनेश कुमार डीएसपी हेड आफिस मंडी ने शिरकत की। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉक्टर राजेंद्र गुलेरिया ने स्वागत किया।

छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि नशा आजकल के युवाओ के लिए स्टाइल स्टेटस बन गया है। समाज में मॉडर्न दिखने के लिए आजकल के युवा नशे की ओर अग्रसर हो रहे हैं। वहीं उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव समझाते हुए बताया कि नशा करने से हृदय रोग, फेफड़ों की समस्याएं, कैंसर, मानसिक बीमारियां, और आकस्मिक मृत्यु हो सकती हैं। यह न केवल शारीरिक क्षति पहुंचाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को कमजोर बना देता है। नशा परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। परिवारों में कलह, आर्थिक समस्याएं, और रिश्तों में कड़वाहट बढ़ती है।

उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ मन लगाने के लिए कहा तथा जीवन मे नेक इंसान बनने के प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि अगर समाज में आपको नशा करते दिखता है तो पुलिस प्रशासन को अवगत करवाए तथा समाज से नशे को दूर रखने में सहयोग करे। इस अवसर पर संजय कुमार एस एचो बल्ह, डॉ अभिषेक सोनी, सुशीला शर्मा, प्रताप सिंह, स्वाति शर्मा सहित सभी स्टाफ मौजूद रहा।

# माता भैरवा मंदिर पंडोह में नवरात्र की तैयारी, कल से हवन-पाठ शुरू

**अनंत ज्ञान, बालक राम**

**पंडोह।** पांडवों की भूमि पंडोह के तीन पीपल में स्थित राज माता बूढ़ी भैरवा के प्राचीन मंदिर में नवरात्र पूजा-पाठ आरंभ हो रहे हैं। मंदिर के प्रधान नरेश शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता के मंदिर में अश्विन नवरात्र के उपलक्ष्य में सर्व शांति और सुरक्षा के लिए हवन-पाठ किया जा रहा है। इसका शुभारंभ प्रथम नवरात्र 22 सितंबर से विधिवत शुरू होगा और 1 अक्तूबर को माता रानी के अटूट भंडारे के साथ समापन होगा। उन्होंने आम जनमानस से इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस दौरान माता भैरवा रथ के रूप में भी मंदिर में अपने भक्तों को साक्षात दर्शन देंगी। निश्चित रूप से इन नवरात्र में माता के भगतों का मंदिर में तांता लगा रहता है। हर कोई माता रानी के दर्शनों के लिए आतुर रहते हैं।

बता दें कि पंडोह का यह मंदिर एक एतिहासिक मंदिर है। इसकी देखरेख में माता की युवा कमेटी निष्ठा और लग्न के साथ दिन रात जुटी रहती है, जिसके परिणामस्वरूप माता का भव्य मंदिर निर्माण हो सका है। जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।



**1 अक्तूबर को भंडारे के साथ होगा महायज्ञ का समापनः नरेश शर्मा**

# हमीरपुर मोर्थ कार्यालय को शिमला शिफ्ट करने से समस्याएं और बढ़ेंगीः भूपेंद्र सिंह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**जिला प्रशासन की अधूरी जांच कमेटियों व मलबे की अनदेखी पर उठाए सवाल**

एनएच-003 के निर्माण कार्य का मुद्दा पिछले कुछ समय से विवादों के कारण सुर्खियों में है। इस साल के शुरू से जहां हिमाचल किसान सभा ने सड़कों पर निरंतर धरना, प्रदर्शन व रैलियां आयोजित की और जब सुनवाई नहीं हुई तो अब हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर दी है।

इसी दौरान धर्मपुर के विधायक ने अवाहदेवी चौक पर आठ दिन कथित आमरण अनशन किया जो तीन दिन पहले समाप्त कर दिया गया है। उसके बाद आज केंद्र सरकार ने मोर्थ विभाग के हमीरपुर में खोले गए सड़क प्रोजेक्ट क्रियान्वयन ऑफिस को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है और अब सड़क का काम भी शिमला पिआईयु ऑफिस से होगा और परियोजना निदेशक व इंजीनियर भी शिमला ऑफिस से ही काम करेंगे।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए माकपा नेता व पूर्व जिला ने कहा कि कार्यालय को बंद करना और सारा काम शिमला से होने से उच्च मार्ग निर्माण कार्य में सुधार होने के बजाए और ज्यादा कमियां आएंगी। इसलिए कार्यालय बंद करना सही नहीं है और जो स्वागत कर रहे हैं वे किस बात का स्वागत कर रहे हैं ये सब समझ से परे है? जबकि होना तो ये चाहिए था कि इसके घटिया किस्म के निर्माण कार्य करवाने वाली कंपनी और मोर्थ के अधिकारियों तथा क्वालटी कंट्रोल के लिए कार्यरत एलएन मालवीय कंपनी पर एक्शन होता जो नहीं किया गया है और उल्टा ऑफिस ही यहां से शिफ्ट कर दिया गया है जिससे समस्या और बढ़ेगी। इसी कड़ी में जिला मैजिस्ट्रेट मंडी ने भी तीन कमेटियां गठित कर दी हैं जो लोक निर्माण, जलशक्ति और बिजली बोर्ड की संपति को हुए नुकसान का जायजा लेगी, लेकिन जो आम जनता की भूमि, मकानों व अन्य संपति को जो नुकसान हुआ है उसके लिए कोई कमेटी नहीं बनाई गई है और ये नुकसान ही ज्यादा हुआ है। राजस्व, वन, माइनिंग व अन्य विभागों से सबंधित नुकसान का भी आकलन करना जरूरी है। इसके अलावा निर्माण कंपनी ने जो अवैध डंपिंग, ब्लास्टिंग, स्टीप कटिंग, खनन किया है और लोगों के रास्ते, लिंक रोड, प्राकृतिक जल स्त्रोत नष्ट कर दिए हैं उसकी जांच करना और डैमेज रिपोर्ट तैयार करना बहुत जरूरी है।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अब इन मुद्दों को हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान उठाएंगे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन व जिला प्रशासन से सवाल किया है कि गासियां खड्ड में सात महीने तक हजारों टिप्पर मलबे के बिना अनुमति के कंपनी द्वारा डाले गए थे और बाद में वे सारा मलबा बरसात में बह कर धर्मपुर होता हुआ ब्यास नदी में चला गया, लेकिन उस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# महापुरुषों के अभिनय में दिखी बाल प्रतिभा की चमक

## डीएवी के छात्रों ने किया कबीर, प्रेमचंद, जैसे महान साहित्यकारों का सजीव मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत कक्षा छठी और सातवीं के विद्यार्थियों के बीच सदनवार कवि और लेखक अभिनय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि विद्यालय में 14 से 28 सितंबर तक हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए विविध गतिविधियों के साथ हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। शनिवार को आयोजित इस विशेष गतिविधि में विद्यार्थियों ने हिंदी साहित्य के महान कवियों और लेखकों कबीर, मुंशी प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन, सुभद्रा कुमारी चौहान, रामधारी सिंह दिनकर, सरोजिनी नायडू, रवींद्र नाथ टैगोर, मीरा आदि का रूप धारण कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की सजीव अभिनय प्रतिभा और भेष-भूषा ने कार्यक्रम को और अधिक रोचक व आकर्षक बना दिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों से कक्षा छठी और सातवीं के प्रतिभागियों ने भाग लिया और शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा छठी में तिलक सदन के आयन ठाकुर ने प्रथम, गांधी सदन के नैतिक ने द्वितीय तथा टैगोर सदन के चार्विक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा सातवीं में गांधी सदन के कार्तिकेय मरवाह ने प्रथम, तिलक सदन की कैरवी ने द्वितीय और नेहरू सदन के वैभव ने तृतीय स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम के उपरांत प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने अपने प्रेरक संदेश में कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के गौरव, समृद्धि और प्रचार-प्रसार के लिए सदैव प्रयासरत रहने तथा इस भाषा को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।




डीएवी स्कूल जवाहर नगर मंडी के छात्र कवि लेखक अभिनय प्रतियोगिता के दौरान।

**कवि-लेखक अभिनय प्रतियोगिता में आयन ठाकुर व कार्तिकेय प्रथम**

# हमीरपुर श्रमिक कल्याण बोर्ड कार्यालय का कल घेराव करेगी मजदूर यूनियन



**धर्मपुर खंड से सैकड़ों मनरेगा मजदूर घेराव में होंगे शामिल**

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन, जो सीटू से संबंधित हैं, 22 सितंबर को हमीरपुर स्थित राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड कार्यालय का घेराव करेगी। यूनियन के ब्लॉक प्रधान करतार सिंह चौहान ने बताया कि इस आंदोलन में धर्मपुर खंड से सैकड़ों मजदूर भाग लेंगे। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए यूनियन ने ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया और पर्चे वितरित किए।

सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गठित वर्तमान बोर्ड ने पिछले चार वर्षों से 1.31 लाख मजदूरों की करीब 500 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता रोक रखी है, जो गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि बोर्ड में पंजीकृत साढ़े चार लाख मजदूरों में से केवल 50% सक्रिय हैं, और उनमें से भी आधे को लाभ नहीं मिल रहा।

भूपेंद्र सिंह ने यह भी बताया कि बोर्ड के पास 1300 करोड़ रुपए बैंक खातों में जमा हैं, फिर भी मजदूरों की सहायता नहीं दी जा रही। यूनियन ने चेतावनी दी कि यह मजदूर विरोधी रवैया सरकार के लिए राजनीतिक नुकसानदायक हो सकता है।

**कार्यक्रम** खयोड़ मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी व पंजाबी गानों से मचाया धमाल

# 'मैं निकला गड्डी लेके' गाने पर थिरके श्रोता

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** जिला स्तरीय ख्योड़ नलवाड़ मेला की तीसरी संध्या रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम में संगीत का जादू दर्शकों पर छाया रहा। पंडाल में बैठे लोग पंजाबी फिल्मी और पहाड़ी गानों की मधुर धुनों पर झूमने को मजबूर हो गए। कर्मा बैंड की दिलकश प्रस्तुति कर्मा बैंड का तालमेल सांस्कृतिक संध्या को चार चांद लगा रहा है। लंबे समय से विभिन्न बैंड पार्टीयों की नकारा प्रस्तुति की वजह से अच्छे कलाकार होने के बावजूद संध्याऐं पिटती रही हैं, मगर इस बार कर्म बहन की दमदार प्रस्तुति ने संस्कृत संध्याओं को चार चांद लगाए हैं।

तीसरी सांस्कृतिक संध्या में खंड विकास अधिकारी गोहर सरवन कुमार कौण्डल ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। मेला कमेटी की ओर से कार्यकारी प्रधान तरुण शर्मा ने समस्त सदस्यों की मौजूदगी में मुख्यातिथि को शॉल टोपी भेंट की। इस मौके पर कांगड़ा के स्टार कलाकार सुनील मस्ती और सेमी स्टार कुलदीप तथा सुरेश सोहल ने पहाड़ी गीतों की सुरीली प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। पंडाल में उपस्थित दर्शक संगीत की लय पर थिरकते नजर आए। इसके साथ ही इनसे पूर्व अन्य कलाकारों आदर्श कलामंच चैल चौक के कलाकार, पुष्प राज, डांसर देवांश, नीरज कुमार, हितेश कुमार म्यूजिकल ग्रुप, ईश्वर ठाकुर, मीनू और महेश कुमार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे क्षेत्रीय संस्कृति को बढ़ावा मिला।

कार्यक्रम के स्टार कलाकार रहे सुनील मस्ती ने जैसे ही मंच पर अपनी उपस्थिति दी, पंडाल में बैठे श्रोताओं ने उनका हुटिंग से स्वागत किया। उन्होंने बंगड़िया, बिंदलू, नाच मेरी घूंघरिए, नाचणे दा च.., कदी ते हस बोल वे, मैं निकला गड्डी लेके और ओ मेरे दिल के चैन जैसे गीतों की झड़ी लगा दी।

वहीं सेमी स्टार कुलदीप ने तेरे हवाले, तू इस तरह से मेरी, सोचेंगे तुम्हें प्यार, मेरे रश्के कमर, तुम्हें दिलगी भूल जानी, पोषा माघा री रातड़ी, नाटी रा चस्का बुरा आदि गानों के अलावा दूसरे सेमी स्टार सुरेश सोहल ने हाल क्या है दिलो का ना पूछो सनम, आने से उसके आए बहार, जमेदारनीय लाना घड़ोलुए जो बाल, तेरा मेरा प्यार अड़िए बचपनो रा, कुत्थू ते आया मेरा रुंगुनुया, मेरया सरवानुआ बुरा मत लंदा तू, खाई के पान बनारस बाला और मैं जाट यमला पगला दीवाना गीतों की प्रस्तुतियां पेश की मगर क्षेत्र के मशहूर शहनाई वादक स्वर्गीय उस्ताद सुरजमणी की शहनाई की मंगल ध्वनि जिससे हर शाम का शुभारंभ होता था की कमी श्रोताओं को अखर रही है।




ख्योड़ नलवाड़ मेले की तीसरी संध्या में प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

## न्यूज ब्रीफ

### गगरेट-ऊना रोड पर वाहनों की आवाजाही बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गगरेट से ऊना मुख्य सड़क पर सीवरेज संबंधी कार्यों को लेकर मुख्य रोड 26 सितंबर से 24 अक्टूबर तक यातायात के लिए बंद रहेगा। इस दौरान गगरेट से ऊना रोड पर गगरेट में डाकघर के नजदीक, गगरेट चौक के समीप गणेश हलवाई से पुराना अंब रोड, ठाकुर इलेक्ट्रिकल वर्कशॉप ऊना रोड गगरेट, कलोह चौक के समीप कृष्णा मेडिकल स्टोर और अशोका शटरिंग के समीप पक्का परो के पास मुख्य मार्ग पर मोड़ा जाएगा। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस संबंध में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 व 116 के तहत आदेश जारी किए हैं। इस दौरान यातायात को शिवबाड़ी से कलोह वायपास वैकल्पिक मार्ग पर मोड़ा जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि यह आदेश सीवरेज संबंधी कार्यों को त्वरित और सुचारू रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

### चौकीमन्यार में सर्वसम्मति से पीटीए का गठन

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की आम बैठक महाविद्यालय के प्राचार्य एवं पीटीए संरक्षक डॉ. बलविंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निवर्तमान पीटीए प्रधान संजय कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक की कार्यवाही सचिव डॉ. रामकुमार नेगी ने आरंभ की। बैठक में सर्वप्रथम वर्ष 2024-25 में छात्रों के हित में लिए गए निर्णयों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। तत्पश्चात वित्तीय वर्ष 2024-25 के पीटीए फंड की आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे आमसभा द्वारा अनुमोदित किया गया। डॉ. नेगी ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों की विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नए सत्र 2025-26 के लिए सर्वसम्मति से डिंपल को पीटीए प्रधान चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में उपप्रधान सुरेश कतलेरिया, सचिव डॉ. रामकुमार नेगी, संयुक्त सचिव सीमा, मुख्य सलाहकार अनीता शर्मा तथा कोषाध्यक्ष राकेश कुमार शामिल हैं। वहीं प्रो. कविता कौशल, डॉ. राम सिंह, डॉ. शगुन डोगरा, प्रो. नवीन शर्मा, देवराज, रमेश चंद और सिद्धेश्वर कुमार सदस्य चुने गए।

### धर्म और संस्कारों से ही जीवन सार्थक : राम कुमार

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के दौरान कथावाचक आचार्य राम कुमार कौल ने धर्म, संस्कार और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव जीवन तभी सफल है जब वह धर्म के मार्ग पर चलता है। उन्होंने प्रवचन में कहा कि शास्त्रों में स्पष्ट उल्लेख है कि जो व्यक्ति धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है और जो धर्म का नाश करता है, धर्म स्वयं उसका नाश कर देता है। इसलिए हर किसी को अपने जीवन में सत्य, ईमानदारी और सदाचार को अपनाना चाहिए। कौल ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए घर का वातावरण सकारात्मक होना चाहिए। यदि माता-पिता और बड़ों का आचरण आदर्श होगा तो वही भावनाएं बच्चों में भी उतरेंगी। बुजुर्गों की सेवा और सम्मान से घर में पुण्य का वातावरण बनता है तथा आगली पीढ़ी भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाती है।

### डंगोह खुर्द में वित्तीय साक्षरता पर लगाया विशेष शिविर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय अभियान के तहत शनिवार को वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सोनम टशी के नेतृत्व में डंगोह खुर्द पंचायत (पिरथीपुर) में वित्तीय समावेशन (एफआई), पुनः-केवाईसी और स्वच्छता ही सेवा पर विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में स्थानीय निवासियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान बैंक खातों से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत शून्य बैंक खाते खुलवाने और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित उपस्थित ग्राहकों के लिए पुनः-केवाईसी प्रक्रिया पर जागरूक किया गया। सोनम टशी ने बताया कि यह शिविर वित्तीय समावेशन को गहन बनाने, नियामक आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने और सभी वर्गों को निर्बाध बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

### वीरेंद्र कंवर ने अस्पताल में मरीजों को बांटे फल



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अखिल भारतीय बॉलीबॉल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के सिविल अस्पताल बंगाणा और थानाकलां अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और कुटलैहड़ सेवा संगठन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित किया गया। फल वितरण के उपरांत वीरेंद्र कंवर ने कहा कि सेवा, समर्पण और सुशासन के प्रतीक प्रधानमंत्री मोदी ने बीते 11 वर्षों में देश की राजनीति को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में केंद्र सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा, जो भारतीय राजनीति में एक मिसाल है। इस मौके पर चरणजीत शर्मा,मदन राणा, मास्टर रमेश शर्मा , राजेंद्र रिंकू,कुलदीप राणा ,जोगेंद्र देव आर्य,मदन गोपाल शर्मा, अजय राणा,शशि राणा,विपिन राणा के अलावा दर्जनों युवा मोर्चा सदस्य एवं गणमान्य मौजूद रहे।

### आयुर्वेदिक अस्पताल में कल लगेगा चिकित्सा शिविर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आयुष विभाग ऊना इस वर्ष 23 सितम्बर को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाएगा। थीम 'आयुर्वेद फॉर पीपल्स एंड प्लेनेट' है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. किरण शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद प्राचीन काल से मानव जीवन और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में मार्गदर्शक रहा है। वर्ष 2025 में यह दिवस 10वें संस्करण के रूप में मनाया जा रहा है और अब यह हर साल 23 सितंबर को आयोजित होगा। पहले इसे धन्वंतरि जयंती (धनतेरस) पर मनाया जाता था। उन्होंने कहा कि 17 से 23 सितंबर तक जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनमें पौधारोपण अभियान, स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार के तहत स्त्री स्वास्थ्य कार्यक्रम और आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता अभियान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 22 सितंबर को जिला आयुर्वेदिक अस्पताल ऊना में बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में नाड़ी रोग, पंचकर्म, स्त्री रोग, बाल रोग, क्षार-सूत्र सहित विभिन्न आयुर्वेदिक विशेषज्ञ मरीजों की जांच और परामर्श देंगे।

### बिरला ओपस पेंट्स के बारे में दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की खरयालता पंचायत के ठाकुर हार्डवेयर एवं सेनेटरी वर्कशॉप में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रिय सेल अधिकारी सौरभ कालिया ने विभिन्न स्थानों से पहुंचे पेंटरों को बिरला ओपस पेंट्स के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई गई। बताया गया कि उपभोक्ता के लिए आकर्षक ऑफर हैं।

### गगरेट के कपड़ा व्यापारी रितेश पुरी का निधन

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** गगरेट कस्बे के प्रमुख कपड़ा व्यापारी बिल्ले दी हट्टी के प्रोपराइटर रितेश पुरी का शनिवार सुबह देहांत हो गया। रितेश पुरी 46 वर्ष के थे। शनिवार सुबह तबियत बिगड़ने पर उन्हें सिविल अस्पताल गगरेट ले जाया गया। यहां उपचार प्राप्त करने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। रितेश पुरी बिल्ले दी हट्टी का संचालन करने वाले तीसरी पीढ़ी के थे। मूलरूप से सलोह गांव के रहने वाले बिल्ला पुरी व्यापार के सिलसिले में वर्ष 1948 के करीब गगरेट में आए थे। यहां उन्होंने कपड़े का व्यापार शुरू किया। उनकी मेहनत से बिल्ले दी हट्टी कपड़ा व्यापार में ऐसा ब्रांड बना कि उनकी दुकान पर लाइन लगाकर लोग कपड़ा खरीदते थे। उनके बाद उनके पुत्र विजय पुरी ने व्यापार संभाला। उनकी मृत्यु के बाद उनके बेटे व्यापार संभाल रहे थे कि इस परिवार को ऐसी बुरी नजर मिली कि बाप के बाद पहले छोटा बेटा इस दुनिया से चला गया तो अब बड़े बेटे रितेश पुरी ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। रितेश के दो बेटे, पत्नी व मां ही अब घर में हैं। रितेश के निधन पर विधायक राकेश कालिया, पूर्व विधायक राजेश, नगर पंचायत गगरेट के प्रधान अनिल नीलू, व्यापार मंडल के तमाम पदाधिकारियों ने शोक प्रकट किया।

---

#### विधायक विवेक शर्मा ने हटली, अरलू आदि पंचायतों में नुकसान का लिया जायजा, कहा–

# प्रभावित परिवारों को नहीं छोड़ा जाएगा अकेला

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शनिवार को हटली पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांवों का दौरा कर भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने गांव हटली सुल्तानू ब्राह्मणा में कृष्ण कांत शर्मा, सुपुत्र श्री लेखराज शर्मा के घर पर जाकर उनकी समस्याओं को सुना। भारी बारिश और भूस्खलन के चलते कृष्ण कांत शर्मा का मकान गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। मौके पर स्थिति का निरीक्षण करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने पीड़ित परिवार को तुरंत 5000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

उन्होंने कहा कि ऐसे मुश्किल समय में सरकार और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों। मेरा कुटलैहड़, मेरा परिवार के नारे को दोहराते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी प्रभावित परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

विधायक विवेक शर्मा ने हटली पंचायत के अलावा अरलू तथा आसपास के अन्य गांवों का भी दौरा किया। भारी बारिश से कई जगहों पर ग्रामीण मार्ग और संपर्क सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। कई



अरलू गांव में पहुंचे विवेक शर्मा प्रभावितों की मदद करते हुए।

खेतों में भूस्खलन से मिट्टी खिसकने के कारण खेती योग्य भूमि पर भी गहरी मार पड़ी है। ग्रामीणों ने विधायक विवेक शर्मा के सामने अपनी परेशानियां रखते हुए जल्द से जल्द पुनर्निर्माण कार्य शुरू करने की मांग उठाई।

इस पर विधायक विवेक शर्मा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सड़कों और मार्गों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उन्होंने कहा कि आपदा के समय विकास कार्यों को तेज गति से अंजाम देना बेहद आवश्यक है ताकि लोगों को रोज़मर्रा की आवाजाही में परेशानी न उठानी पड़े।

विवेक शर्मा ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा तय दिशा–निर्देशों के अनुसार सभी प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में इस वर्ष प्राकृतिक आपदा ने भारी नुकसान पहुंचाया है, लेकिन राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से हर पंचायत और गांव का दौरा कर रहा हूं। किसी भी पीड़ित को दर–दर भटकना न पड़े, यही हमारी कोशिश है। सभी योग्य परिवारों को सहायता मिलेगी और जिनके मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

गांव हटली सुल्तानू में कृष्ण कांत शर्मा और उनके परिजनों ने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपदा की घड़ी में उनका साथ मिलना हौंसला बढ़ाने वाला है। ग्रामीणों ने बताया कि पहली बार कोई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचकर तुरंत मदद लेकर आया है। इससे क्षेत्र के अन्य प्रभावित परिवारों में भी उम्मीद जगी है।

### विधायक ने लोनिवि और बिजली विभाग से ली रिपोर्ट

कुटलैहड़ में नुकसान का निरीक्षण के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग और पंचायत अधिकारियों से मौके पर ही रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि जिन मार्गों पर मलबा गिरा है, उन्हें जल्द से जल्द साफ किया जाए। साथ ही, जिन गांवों में बिजली व्यवस्था प्रभावित है, वहां भी शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को चेतावनी दी कि राहत और मरम्मत कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने यह भी कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर पीड़ितों की सूची तैयार की जाए, ताकि सहायता राशि समय पर उनके खातों में डाली जा सके। इस दौरान कोई भी प्रभावित परिवार सहायता राशि से वंचित न रहे।

## बसातर गांव में आपदा प्रभावित परिवार और घर के सदस्य की मृत्यु पर राजनीति शुरू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की सोलहसिंगी धार के गांव बसातर में एक तरफ घटी आपदा के बाद बेघर हुए परिवार और दूसरी तरफ प्रकाश चंद की मृत्यु पर माहौल गरमाया हुआ है, स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि विपत्ति के समय जब उन्हें तत्काल राहत और सहयोग की आवश्यकता थी, तब कुछ राजनीतिक दल केवल सोशल मीडिया पर सक्रिय रहे।

वहीं अब बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पदाधिकारियों द्वारा मृतक परिवार के नाम पर राजनीति करने के प्रयासों ने विवाद को और गहरा कर दिया है। गांव बसातर के वार्ड पंच प्रकाश चंद पुत्र लाभू राम, जो पिछले तीन माह से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे, का हाल ही में निधन हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से उनका इलाज पीजीआई चंडीगढ़ तक कराया गया, मगर तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जीवन रक्षा संभव न हो सकी।

इस घटना के बाद क्षेत्र में राजनीति तब गरमा गई जब कुटलैहड़ के बहुजन समाज पार्टी के कुछ पदाधिकारियों ने परिवार को गुमराह करने और पंचायत पर आरोप मढ़ने की कोशिश की। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि प्रकाश चंद के परिवार की हर संभव मदद की जा रही है। वहीं, मृतक की पत्नी व परिजनों ने भी बसपा नेताओं द्वारा सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे ट्रोल की निंदा की और इसे दुख की घड़ी में असंवेदनशीलता बताया।

आपदा के चलते जब प्रशासन ने क्षेत्र का दौरा किया, तो पाया कि प्रकाश चंद का घर पूरी तरह असुरक्षित हो गया है। तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार ने स्थिति का जायजा लेने के बाद परिवार को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि परिवार की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए उन्हें तुरंत असुरक्षित ढांचे से बाहर निकालना आवश्यक था। वहीं मौके पर पहुंचे स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने भी परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन मृतक परिवार को हर संभव मदद देंगे।

परिवार के लिए सुरक्षित स्थान पर पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा ताकि भविष्य में उन्हें ऐसी कठिनाई का सामना न करना पड़े। विधायक विवेक शर्मा ने यह भी कहा कि इस कठिन घड़ी में राजनीतिक बयानबाजी करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## पूर्व सैनिक ने बेटी और दामाद पर लगाया धोखाधड़ी करने का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हरोली क्षेत्र के 75 वर्षीय पूर्व सैनिक ने दामाद और बेटी पर उनसे धोखधड़ी करने का मामला दर्ज कराया है। पूर्व सैनिक गुरदेव सिंह ने बेटी हरजिंद्र कौर, दामाद मुकेश कुमार और अन्य के खिलाफ बैंक लोन मामले में धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया है।

अदालत के आदेश के बाद ऊना पुलिस ने बैंक प्रबंधक समेत चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरदेव सिंह का आरोप है कि वर्ष 2015 में उनकी बेटी, दामाद और एक बैंक मैनेजर ने साजिश रचकर उनके नाम पर लोन ले लिया। आरोप है कि उन्होंने ऋण दस्तावेजों पर धोखे से उनके हस्ताक्षर करवाए, लेकिन लोन सीधे उनके नाम पर स्वीकृत कर दिया गया और उनकी संपत्ति गिरवी रख दी गई। लोन की राशि दामाद मुकेश को दी गई।

पूर्व सैनिक का कहना है कि 2018 में उन्हें बैंक से रिकवरी नोटिस मिलने पर धोखे का पता चला था। 2020 में मुकेश ने लिखित में लोन अपने नाम स्वीकार किया, लेकिन बाद में उन्हें जान से मारने की धमकी दी। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस मामले की जांच शुरू कर चुकी है।

## भाजपा ने सफाई अभियान चलाकर मनाया सेवा पखवाड़ा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा मंडल ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े पर शनिवार को बंगाणा स्थित श्मशानघाट में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रमदान करते हुए परिसर की सफाई की और समाज को संदेश दिया कि स्वच्छता ही सेवा का सर्वोत्तम रूप है।

कार्यक्रम की अगुवाई कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन ने 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक पूरे देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया है। इस क्रम में कुटलैहड़ भाजपा मंडल ने भी





सफाई अभियान के दौरान मौजूद पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो और अन्य।

सक्रिय भागीदारी निभाते हुए श्मशानघाट पर सफाई कर जन–जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज देश में गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सैकड़ों योजनाएं चल रही हैं। दविंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल विकास की गाथा लिखी है बल्कि देश की सुरक्षा को भी मजबूत किया है। शनिवार को हुए कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से झाड़ू लगाया, घास–पात हटाए और श्मशानघाट के चारों ओर जमा कचरे को नष्ट किया। इस अवसर पर भुट्टो ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, राज कुमार, सुदर्शन शर्मा, सूरम सिंह, सुमित वशिष्ठ, पंकज शर्मा, विनय शर्मा, रोहित रॉकी, अभय सिंह राणा सहित आदि मौजूद रहे।

## पंजावर दंगल में 50 युवाओं को पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिला के निकटवर्ती गांव पंजावर में लखदाता पीर को समर्पित दो दिवसीय विशाल वार्षिक दंगल 24 सितंबर से शुरू होगा । ओर 25 सितंबर को दंगल की माली होगी । इस दंगल मेले में 24 सितंबर को पहले दिन गांव के 50 युवाओं को दंगल कमेटी की ओर से बेहतर प्रदर्शन करने पर पुरस्कार दिए जाएंगे।

समाजसेवी रणजीत राणा ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों व इलाका वासियों के सहयोग से दो दिवसीय दंगल मेला होगा । उन्होंने बताया कि इस शुभ अवसर पर दंगल मेले में शिक्षा, खेल व हर क्षेत्र में अग्रणी रहे स्थानीय 50 युवाओं को प्रतिभा सम्मान पुरस्कार दिया जाएगा।

## नवरात्र मेले पर माता चिंतपूर्णी में विशेष व्यवस्था रहेगी लागू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में अश्विन नवरात्र मेले के दौरान लोगों की सुविधा और सुचारू कानून व्यवस्था के लिए 22 सितंबर से 1 अक्तूबर तक विशेष व्यवस्था लागू रहेगी। इसे लेकर जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक मेले के दौरान कानून व्यवस्था में तैनात जवानों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा हथियार लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी।

जतिन लाल ने बताया कि नवरात्र के दौरान ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए मंदिर न्यास को छोड़कर अन्यों के लाउड स्पीकर के इस्तेमाल करने पर पूर्ण मनाही रहेगी। मेले के दौरान ब्रास बैंड, ड्रम, लंबे चिमटे इत्यादि के लाने पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। यदि कोई व्यक्ति इन वस्तुओं को अपने साथ लाता है तो उन्हें पुलिस द्वारा स्थापित बैरियर पर ही जमा करवाना होगा। साथ ही इस दौरान पॉलीथीन के इस्तेमाल पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। खुले में और सड़क किनारे लंगर लगाने पर भी प्रतिबंध रहेगा।

## महिलाओं और किशोरियों को पोषण के प्रति रहना चाहिए जागरूक



जागरूकता शिविर के दौरान मौजूद महिलाएं व अन्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से खंड विकास अधिकारी कार्यालय हरोली में पोषण अभियान और आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) पर विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम हरोली विशाल शर्मा ने की। इस मौके पर एसडीएम हरोली विशाल शर्मा ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य अकाउंट (आभा आईडी) और पोषण अभियान दोनों ही लोगों के स्वास्थ्य सुधार और भविष्य की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

डिजिटल हेल्थ आईडी के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर अपने सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड उपलब्ध रहेंगे, जिससे इलाज की प्रक्रिया आसान होगी। कार्यक्रम में सीडीपीओ हरोली शिव सिंह वर्मा ने सही पोषण के महत्व और आयुषमान भारत डिजिटल स्वास्थ्य अकाउंट पर विस्तार से जानकारी दी।

संतुलित आहार, स्वच्छता, समय पर टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य और शिक्षा के माध्यम से कुपोषण को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। बच्चों, महिलाओं और किशोरियों को विशेष रूप से पोषण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। शिविर के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा एक पोषाहार प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस प्रदर्शनी के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि कम नमक, कम चीनी और कम तेल का सेवन, नियमित व्यायाम और संतुलित आहार सेहतमंद जीवन जीने के लिए आवश्यक है।

## हरोली की ग्राम पंचायत रोड़ा में बनेगा सैनिक सदन : अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के सतत प्रयासों से ऊना जिले के पूर्व सैनिकों को बड़ी सौगात मिली है। लंबे समय से प्रतीक्षित सैनिक सदन का निर्माण अब हकीकत बनने जा रहा है। जिला प्रशासन ने हरोली उपमंडल की ग्राम पंचायत रोड़ा में इस उद्देश्य के लिए 4 कनाल भूमि सैनिक कल्याण विभाग को हस्तांतरित कर दी है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए इसे तेजी से सिरे चढ़ाया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सैनिक देश की सीमाओं पर हमारे लिए खड़े रहते हैं। उनकी सेवा और सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



सैनिक सदन न केवल पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं के समाधान का केंद्र बनेगा, बल्कि यह उनके सम्मान का प्रतीक भी होगा। वहीं, उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जिला प्रशासन सैनिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सदन का निर्माण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, ताकि पूर्व सैनिक जल्द इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

जिला सैनिक कल्याण के उप निदेशक कर्नल एसके कालिया ने बताया कि सैनिक सदन का नक्शा पूर्व सैनिकों की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किया जा रहा है। इस दिशा में काम शुरू कर दिया गया है, इसमें सभागार, ठहरने की सुविधाओं के साथ अन्य जरूरी व्यवस्थाएं भी होंगी।

## डनस्टन स्कूल में स्वच्छ भारत अभियान के तहत निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

डनस्टन पब्लिक स्कूल टकारला में स्वच्छ भारत अभियान के उपलक्ष्य में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। यह रैली स्कूल के प्रधान संजय शर्मा, सचिव सुनीता शर्मा तथा प्रधानाचार्य निशा शर्मा की अध्यक्षता में निकाली गई।

रैली में स्कूली बच्चों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और हाथों में तख्तियां व पोस्टर लेकर स्वच्छता संबंधी संदेश दिए। स्वच्छता अपनाओ – बीमारी भगाओ, स्वच्छ गांव, सुंदर गांव जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। बच्चे उत्साह से भरे हुए नजर आए और पूरे जोश के साथ लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाते दिखे।

यह रैली स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर बड़ूही बाजार तक निकाली गई। रैली का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ वातावरण में रहने के लाभों के बारे में बताना था। रैली में न केवल स्कूली बच्चों ने बल्कि स्कूल के अध्यापक–अध्यापिकाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। अध्यापकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और खुद भी लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य निशा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता सिर्फ स्कूल तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे अपने घर, गांव और समाज में भी अपनाना जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गंदगी फैलाने से बचें और कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालें।

स्कूल प्रधान संजय शर्मा और सचिव सुनीता शर्मा ने भी लोगों से स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की अपील की।

**सुरक्षा** | सुरक्षित भोजन के लिए नियमों का पालन करना बेहद जरूरी

# फूड लाइसेंस बनवाना अनिवार्य, स्वच्छता पर दें विशेष ध्यान

**विवेक शमा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** नगर पंचायत सचिव हर्ष गुप्ता ने बताया कि नगर पंचायत अम्ब द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंगीकार अभियान के तहत आयोजित लोक कल्याण मेले के दूसरे दिन फूड वेंडिंग से संबंधित विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य शिक्षक राजेश शर्मा ने रेहड़ी–फड़ी चालकों, पी एम आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमों और फूड लाइसेंस की अनिवार्यता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि स्ट्रीट फूड की रेहड़ी लगाने के लिए फूड लाइसेंस होना जरूरी है। इसके बिना खाद्य पदार्थों की बिक्री नियमों के विपरीत है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। खाद्य विक्रेताओं और रेहड़ी–फड़ी चालकों से अपील की कि वे अनिवार्य रूप से अपना फूड लाइसेंस बनवाएं, खाद्य सुरक्षा के नियमों का पालन करें और नगरवासियों को सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराएं।

इस अवसर पर नगर पंचायत, अम्ब की अध्यक्ष इंदु धीमान ने फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी सुरक्षित फूड के लिए 12 सुनहरे नियम अपनाने की अपील की, जिनमें स्वच्छता बनाए रखना, सुरक्षित पानी का उपयोग करना, भोजन को ढककर रखना, ताज़ा सामग्री का प्रयोग करना, हाथों की नियमित सफाई करना, बीमार होने पर भोजन न बनाना और खाने–पीने की वस्तुओं को सही तापमान पर स्टोर करना शामिल है।



फूड वेंडिंग पर लगे जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लेती नगर पंचायत की अध्यक्ष व अन्य।

### योजनाओं की लोगों को दी जानकारी

**प्रधानमंत्री** स्वनिधि योजना के तहत आयोजित लोक कल्याण मेले के मुख्य वक्ता के कैनरा बैंक के प्रतिनिधि वरिंद्र कुमार ने रेहड़ी फड़ी चालकों को पीएम स्वनिधि योजना 2.0 के बारे में जानकारी दी। योजना का दायरा अब शहरी क्षेत्रों से बढ़ाकर जनगणना कस्बों एवं पेरी-शहरी क्षेत्रों तक विस्तारित किया गया है। सेंट्रल बैंक के प्रतिनिधि गगनदीप ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं होम लोन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### स्ट्रीट वेंडर्स प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का उठाए लाभ

**अर्बन** प्लानर अंजू सोनी ने आवास योजना के तहत लाभार्थी पात्रता और आवेदन प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। नगर निगम क्षेत्र के निवासी जिनके पास पक्का घर नहीं है, कच्चा या अधकच्चा घर है, वे आवेदन कर सकते हैं। नगर पंचायत अम्ब के सचिव हर्ष गुप्ता ने उपस्थित स्ट्रीट वेंडर्स से अपील की कि वे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ उठाएं।

## टैक्सी ड्राइवर ने सड़क के गड्ढे को भरकर अधिकारियों की अनदेखी पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

चिंतपूर्णी में नया बस स्टैंड चौक पर मुख्य सड़क मार्ग पर एक टैक्सी ड्राइवर सुखदेव सिंह ने सड़क पर पड़े गड्ढे को अपने हाथों से भर दिया। यह गड्ढा पिछले काफी दिनों से पड़ा हुआ था और इससे कई बाइक सवार और गाड़ियों को नुकसान पहुंचा था। हैरानी की बात है कि 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि के आयोजन के बावजूद किसी भी विभाग ने इस गड्ढे को भरने की कवायद नहीं की।



### गड्ढे को भरने की नहीं उठाई जहमत

**चिंतपूर्णी** मंदिर न्यास करोड़ों की आय वाले इस मंदिर के अधिकारी और हजारों लोग रोजाना इस सड़क से गुजरते हैं, लेकिन किसी ने भी इस गड्ढे को भरने की जहमत नहीं उठाई। सुखदेव सिंह ने कसी लेकर उन्होंने स्वयं ही गड्ढे को भर दिया।

### समाज के सामने पेश किया एक उदाहरण

**सुखदेव** की इस पहल से वाहन चालकों का नुकसान बचाया। यह घटना समाज के सामने एक उदाहरण पेश करती है कि कैसे एक जिम्मेदारी समझकर समाज के लिए कुछ कर सकता है। अब देखना यह है कि मंदिर प्रशासन और अधिकारी इस घटना से कोई सबक लेते हैं या नहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### 26 को होगा विशेष कैंपस ड्राइव का आयोजन

**अनंत ज्ञान पतलीकूहल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पतलीकूहल में आईटीआई पास युवाओं के लिए 26 सितंबर को विशेष कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का नेतृत्व सोनालिका (इंटरनेशनल) ट्रेक्टर लिमिटेड कंपनी होशियारपुर, पंजाब प्लांट के लिए कर रही है। कैंपस ड्राइव में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, वायरमैन, मैकेनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, वेल्डर जैसे विभिन्न ट्रेडों के 18 से 28 वर्ष आयु वाले पुरुष उम्मीदवार भाग ले सकेंगे। चयन प्रक्रिया में साक्षात्कार एवं मूल्यांकन शामिल होगा। प्राचार्य ई. अर्पित आनंद ने बताया कि यह अवसर उम्मीदवारों को ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग तथा करियर विकास के बेहतरीन मौके प्रदान करेगा। इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे 26 सितंबर को फोटो एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ संस्थान पहुंचें।

### लाहौल-स्पीति टीम बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए मंडी रवाना

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** लाहौल-स्पीति बास्केटबॉल टीम सब जूनियर राज्य स्तरीय (अंडर-14) बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने मंडी रवाना हुई। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल स्पीति के चेयरमैन एवं प्रदेश बास्केटबॉल संघ के सह सचिव मदन बौद्ध ने बताया कि यह प्रतियोगिता जिला मंडी के पड्डल मैदान में 20 से 22 सितंबर तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर चेयरमैन ने सूरज और नेहा के साथ टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। जिला बास्केटबॉल संघ अध्यक्ष संजय अंगरूप ने बताया ने बताया कि यह लाहौल स्पीति टीम के लिए खुशी की बात है कि बच्चे लगातार खेलों में रुचि दिखा रहे है। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के महासचिव अंकुर राणा ने बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल टीम के लिए बल्कि युवा खिलाड़ियों के लिए भी सुनहरा अवसर है, जो राज्य स्तर पर प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका प्राप्त करेंगे।

### पेंशनर्स नवीनतम जानकारी का करवाएं सत्यापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला कल्याण अधिकारी लाहौल स्पीति ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अन्तर्गत जिला लाहौल एवं स्पीति के सभी 2839 सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों का ई -केवाईसी कार्य ई कल्याण मोबाइल एप के माध्यम से करवाया जा रहा है। इस हेतु जिला, तहसील एवं पंचायत स्तर पर विशेष सत्यापन अभियान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से चलाया जा रहा है। इस अभियान में सभी पेंशनरों के आधार कार्ड, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर एवं पूर्ण पता सहित आवश्यक दस्तावेज़ों का सत्यापन किया जा रहा है। अब तक अधिकांश पेंशनरों का सत्यापन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। शेष अप्रमाणित पेंशनरों से विभाग ने आग्रह किया है कि वे अपनी नवीनतम जानकारी का सत्यापन अवश्य करवा लें। ऐसा न करने की स्थिति में विभाग द्वारा नए पोर्टल पर सत्यापन न होने वाले पेंशनरों की पेंशन राशि वितरण सूची से बाहर कर दी जाएगी।

### आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना के तहत करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल स्पिति की अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 हेतु स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने की आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला प्रबंधक हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास विकास निगम केलांग कंवलजीत ठाकुर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग में आने वाली महिलाओं को 50,000 से 2,00,000 की सीमा तक ऋण केवल 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर प्रदान किया जाएगा। जिससे वे अपना स्वयं का रोजगार स्थापित अथवा उसका विस्तार कर सकें। आवेदन करने के लिए महिला की आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है, साथ ही वार्षिक आय 3,00,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### कांग्रेस पदाधिकारियों ने 50 परिवारों को बांटा राशन

**अनंत ज्ञान, मनाली।** प्राकृतिक आपदा से मनाली का पर्यटन कारोबार बुरी तरह से पिट जाने के पश्चात नगर परिषद मनाली से अपना कांट्रेक्ट खत्म कर चुके सफाई कर्मचारी, कृड़ा बीनने वाली प्रवासी महिलाओं तथा गरीब परिवारों को अपना गुज़ारा बसर करना मुश्किल हो गया है। 100 परिवारों की महिलाओं ने कांग्रेस नेता तथा लाइफ लाइन एनजीओ के मुख्य संरक्षक गौतम ठाकुर से मदद की गुहार की थी। कांग्रेस नेता गौतम ठाकुर की संस्था लाइफ लाइन एनजीओ पिछले दो महीनों से मंडी के थुनाग से लेकर मनाली तक बाढ़ पीड़ितों की लगातार मदद करती आ रही है। मनाली के कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला परिषद कुल्लू अध्यक्ष हरी चंद शर्मा, कांग्रेस पार्टी के पूर्व महासचिव जोगिंदर ठाकुर, राजेन्द्र सिंह नेगी, एमपी सिंह, इक़बाल शर्मा, विजय सोहल, सुरेश कुमार लारजे, हरी चंद, अनिल कुमार जोगी, नगर परिषद मनाली की उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, पार्षद जगदीश कुमार, पार्षद धर्मपाल रुडिग्वा, अमरनाथ कटोच, रणबीर सिंह सागर, हरी चंद, संतोष कुमार, राकेश कुमार सोनी ने 50 परिवारों को राशन घर छोड़ कर दिया। इसी कड़ी में लाइफ़ लाइन एनजीओ के सक्रिय युवा सदस्य अंकिता आहूजा, आकाश आहूजा, अदिति सोहल और अजय सोहल ने भी 50 गरीब परिवारों को राशन वितरित किया।

### गो बैक के नारे लगाना व पुतला जलाना निंदनीय

**अनंत ज्ञान, मनाली ।** मनाली भाजपा महिला महामंत्री चंपा शर्मा ने कहा है कि यूथ कांग्रेस के चंद कार्यकर्ताओं ने पतलीकुहल में सांसद कंगना के विरुद्ध गो बैक के नारे लगाना और पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर का पुतला जलाना जो युवाओं के लिए निंदनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि क्या घर में आए मेहमानों का इस तरह से स्वागत करना शर्मनाक कार्य दर्शाता है । उन्होंने कांग्रेस के बड़े नेताओं पर आरोप लगाया कि कांग्रेस के बड़े नेता आपदा ग्रस्त इलाकों में स्वयं अभी तक नहीं पहुंचे हैं । हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू भी हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण कर के वापस लौट गए। धरातल पर लोगों के प्रति उनका योगदान भी शून्य है। शर्मा ने कहा कि कुल्लू मनाली के बीच आज भी बागवान अपने सेब की फसल को सब्जी मंडियों तक समय से नहीं पहुंचा पा रहे हैं जबकि सेब सीजन अंतिम चरण पर है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर स्वयं पैदल चल कर गांव गांव आपदा प्रभावित क्षेत्रों और लोगों से मिले व राशन भी वितरित किया। साथ ही गोविंद सिंह ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग को सड़कों और पुलों की मुरम्मत के लिए केंद्र सरकार से धनराशि भी उपलब्ध करवाई। चंपा शर्मा ने बताया कि जनता को राहत नारों से नहीं बल्कि इस आपदा की घड़ी में राज्य सरकार को केंद्र सरकार से मिल कर काम करना चाहिए इस वक्त यह समय राजनीति का नहीं बल्कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को हर संभव सहायता देने की जरूरत है।

### विधायक अनुराधा ने एनडीएमए सदस्य से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग ।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य कृष्ण एस. वत्स अपने हिमाचल दौरे के दौरान शिमला में लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा से मिले। इस अवसर पर विधायक ने जिला लाहौल-स्पीति के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति से उन्हें अवगत करवाते हुए समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और एक ज्ञापन भी सौंपा। विधायक अनुराधा राणा ने केंद्रीय दल से आग्रह किया कि वह शीघ्र ही जिला के आपदा एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करें और जनजातीय जिला होने के कारण यहां आपदाओं से निपटने के लिए विशेष बजट का प्रावधान किया जाए। अनुराधा राणा ने बताया कि हालिया प्राकृतिक आपदा ने लाहौल-स्पीति में सड़कों, पुलों, सिंचाई योजनाओं को क्षतिग्रस्त कर दिया है और करोड़ों रुपये की नगदी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस पर वत्स ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 12 अक्तूबर से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रनायक स्वामी विवेकानंद के विचारों, आदर्शों एवं ज्ञान के प्रति जागरूकता पैदा करना और उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना है। एबीवीपी के विभाग संयोजक सारांश बौद्ध ने यह जानकारी शनिवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अधिक से अधिक विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लें उन्होंने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता के लिए 22 सितंबर से 6 अक्टूबर तक पंजीकरण प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद सभी पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए परीक्षा निर्धारित तिथि पर आयोजित की जाएगी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और सम्मान प्रदान किया जाएगा।यह प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान को परखेगी बल्कि उन्हें स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन और उनके आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा भी देगी।

# आपदा में समाजसेवी प्रेम का प्रेम आया नजर

## पांच आपदा प्रभावितों को घर बनाने के लिए नि:शुल्क देंगे 2-2 विस्बा भूमि व खेतीबाड़ी के लिए बगीचा

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू ।** एक ओर जहां हिमाचल प्रदेश में आपदा से प्रभावित हर व्यक्ति इस इंतजार में है कि सरकार उन्हें किसी सुरक्षित स्थान पर भूमि मुहैया करवाएगी, ताकि वे फिर से अपना आशियाना बसाने की कवायद शुरू कर सकें, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से इस दिशा में कोई उचित कदम नहीं उठाए गए हैं ऐसे में लगता है कि प्रभावितों को इसके लिए अभी और लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

वहीं, आपदा की इस घड़ी में एक शख्स ऐसा भी है जिसने प्राकृतिक आपदा में अपना सब कुछ खो चुके प्रभावित परिवारों की मदद करने के लिए ऐसा कदम उठाया है जोकि अकल्पनीय है। जी हां, जिला कुल्लू की सैंज घाटी की कनौन पंचायत के नियाही गांव के समाजसेवी प्रेम ठाकुर ने आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों की मदद करने का अनूठा निर्णय लिया है। पेशे से ठेकेदार और पूर्व में पंचायत समिति सदस्य रहे प्रेम ठाकुर ने निर्णय लिया है कि वह किन्हीं पांच आपदा प्रभावित परिवारों जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है उनके नाम 2-2 विस्बा भूमि दान करेंगे। उन परिवारों की आर्थिकी के लिए 2-2 बीघा के बगीचे भी देंगे। यह बगीचे जब तक उन्हें देंगे जब तक उनके पास कमाई का कोई और साधन न हो। पांच अन्य परिवारों को रहने के लिए वह नि:शुल्क आवास की सुविधा भी देंगे और उसका बिजली व पानी का खर्चा भी वह स्वयं देंगे। बकौल प्रेम आपदा ने पूरे प्रदेश सहित कुल्लू जिला में कई परिवारों का सब कुछ छीन लिया और लोग आज खुले आसमान के नीचे टेंट में रहने को मजबूर हैं। ऐसे में दानी सज्जन इन लोगों की मदद कर रहे हैं लेकिन सिर पर से छत और जमीन जायदात जिन लोगों का मिट्टी बन गया है उनकी मदद के लिए हमें कुछ सहयोग करना चाहिए। इसके चलते मैंने यह निर्णय लिया है कि किन्हीं पांच आपदा प्रभावित परिवारों को अपनी भूमि से 2-2 विस्बा भूमि हमेशा के लिए दान देंगे, साथ ही जब तक उन परिवारों की कमाई का कोई अन्य साधन नहीं होगा तब तक उन्हें बगीचा लगाने के लिए 2-2 बीघा अलग से भूमि देंगे। पांच अन्य परिवारों के रहने के लिए घर देंगे जहां वह लोग जब मर्जी तब तक रह सकेंगे। वहीं बिजली, पानी का खर्च भी वह खुद देंगे। जिन लोगों को वह घर बनाने के लिए भूमि दान देंगे अगर उनके पास भूमि की रजिस्ट्री व इंतकाल करवाने के लिए पैसे नहीं होंगे तो वह खुद अपने पैसों से रजिस्ट्री भी करवाएंगे।

**पांच अन्य परिवारों को रहने के लिए देंगे घर, बिजली-पानी का उठाएंगे खर्च**

अनंत ज्ञान स्पैशल



नियाही गांव के समाजसेवी प्रेम ठाकुर।

### प्रेम ठाकुर ने पेश की मिसाल, बने प्रेरणास्रोत

**आपदा** प्रभावित अन्य परिवारों की वह जितना हो सकेगा सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि आपदा का दर्द क्या होता है यह तो उन्हीं परिवारों को पता है जिनके खून पसीने की कमाई से बनाए सपनों के आशियाने और उनका सब कुछ आपदा पलभर में बहा कर ले गई है। उस दर्द को तो हम बांट नहीं सकते लेकिन जितना हो सकेगा उतनी मदद तो कर ही सकते हैं। उन्होंने प्रदेश व कुल्लू जिला के लोगों से भी आपदा प्रभावित परिवारों की मदद के लिए हाथ बढ़ाने की अपील की है ताकि वह फिर से अपनी जिंदगी को शुरू कर सकें। लिहाजा, 22 वर्ष की आयु में समाजसेवा का जज्बा रखने वाले प्रेम ठाकुर ने आपदा प्रभावित परिवारों की मदद करने के लिए इस तरह का निर्णय लेकर एक मिसाल पेश की है और वह युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं।

# भीषण सड़क हादसे में 23 वर्षीय बास्केटबॉल खिलाड़ी की मौत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पतलीकूहल थाना क्षेत्र में डोहलुनाला के पास देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवा बास्केटबॉल खिलाड़ी राहुल की जान चली गई। राहुल की स्कूटी अनियंत्रित होकर ब्यास नदी में गिर गई, जिससे यह घटना हुई। यह हादसा रात करीब 2 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार राहुल अपनी स्कूटी (एचपी34एफ-0379) को तेज रफ्तार से चला रहा था, जिस कारण वह अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे ब्यास नदी में जा गिरी।

पुलिस ने बताया कि राहुल का शव सड़क से करीब 20 मीटर की दूरी पर मिला, जबकि स्कूटी नदी में लगभग 50 मीटर नीचे गिरी हुई थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पतलीकूहल पुलिस मौके पर पहुंची और घायल राहुल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, उसे क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### राहुल की खेल प्रतिभा और व्यक्तित्व


**राहुल** जो कटराईं गांव, जिला कुल्लू के रहने वाले थे एक प्रतिभाशाली बास्केटबॉल खिलाड़ी थे। उन्होंने छोटी उम्र से ही बास्केटबॉल खेलना शुरू कर दिया था और अपनी खेल प्रतिभा और जज्बे से सभी को प्रभावित किया था। जिला लाहौल स्पीति की बास्केटबॉल टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में कई मैच जिताने में उनकी भूमिका है। उनके निधन से प्रदेश के खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

### बास्केटबॉल संघ ने व्यक्त की संवेदनाएं

**जिला** बास्केटबॉल संघ ने राहुल के असमय निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। संघ के प्रधान संजय, महासचिव अंकुर, चेयरमैन मदन, और सभी कोचों तथा खिलाड़ियों ने राहुल के परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ हैं और उन्हें हिम्मत व शक्ति मिलने की कामना करते हैं।

# शाच-तांदी सड़क बहाल करने की मांग

**अनंत ज्ञान, बंजार**



बंजार उपमंडल की ग्राम पंचायत के तांदी गांव में साल 2025 की शुरुआत में ही भीषण अग्निकांड की भेंट चढ़ा था और इसमें लगभग 36 परिवार प्रभावित हुए थे। मुख्यमंत्री ने स्वयं यहां आकर इस गांव को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र राहत और पुनर्वास के निर्देश प्रशासन को दिए थे, लेकिन हालात यह है कि पिछले लगभग एक माह से यह गांव सड़क सुविधा से वंचित है। ऐसे में ग्रामीणों की घरों की निर्माण सामग्री नहीं पहुंच पा रही है और लोगों के पास अभी भी अपनी छत रहने को नहीं है।

अब क्योंकि मौसम खुल गया है तो भी ग्रामीणों के बार -बार आग्रह करने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क खुलवाने का कार्य अभी तक नहीं कर पाया है। एक -दो दिन के लिए मशीन लगाई जाती है और फिर उसे दूसरी संपर्क सड़कों को खोलने के लिए लगाया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी बार आग्रह करने पर भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सितंबर, अक्टूबर और नवंबर महीने ही काम करने के लिए उपलब्ध हैं जिससे सर्दियां शुरू होने से पहले ग्रामवासी अपने घर में रहना शुरू कर सकते हैं। ग्रामीणों ने आग्रह किया है। ग्रामीणों ने विभाग से आग्रह किया है कि जेसीबी की बजाए एलएनटी मशीन को इस सड़क की बहाली के लिए तुरंत लगाया जाए ताकि सड़क जल्दी बहाल हो सके और लोग अपने घरों के बचे काम को जल्दी पूरा कर सकें। अब प्रशासन और लोक निर्माण विभाग इस मामले पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

# राहत व पुनर्वास कार्य शुरू नहीं होना प्रशासन की लापरवाही : शौरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बंजार विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावित इलाकों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों को गति देने के लिए विधायक सुरेंद्र शौरी लगातार क्षेत्रीय प्रवास कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बजौरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत न्यूल का दौरा किया। ग्राम पंचायत न्यूल का शोघी-सुजैहनी क्षेत्र एक माह से अधिक समय से सड़क सुविधा से पूरी तरह कटा हुआ है।

पेयजल व बिजली की आपूर्ति भी पिछले एक माह से ठप है, जिससे ग्रामीणों का जीवन बेहद कठिन हो गया है।विधायक शौरी ने प्रभावित परिवारों से मुलाक़ात कर उनकी पीड़ा साझा की। ग्रामीणों ने उनसे सड़क, बिजली व पेयजल आपूर्ति को तुरंत बहाल करने की मांग उठाई। शौरी ने कहा कि पिछले दो सप्ताह से मौसम राहत व पुनर्वास कार्यों के लिए पूरी तरह अनुकूल है, फिर भी सरकार और विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

इस लापरवाही को चिंता का विषय बताया और कहा कि राहत पहुंचाने के नाम पर अब तक केवल सरकार की अनदेखी ही दिखाई दी है। विधायक ने कहा है कि दो गांवों में करीब 15 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं व प्राथमिक पाठशाला शोघी का भवन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। विधायक शौरी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे स्वयं इस मुद्दे को सरकार और प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाएंगे तथा क्षेत्र में राहत व पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

# मूरिंग गांव में लगाया जन सुरक्षा शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** वित्तीय साक्षरता केंद्र लाहौल के तत्वाधान में ग्राम पंचायत मूरिंग के गांव मूरिंग में जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को बैंक के नाम से होने वाली धोखाधड़ी व बैंक की विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में अवगत करवाया गया। इस शिविर में वित्तीय साक्षरता केंद्र लाहौल से सुलक्षणा शर्मा ने लोगों को जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर लगाने से लोगों को बैंकिंग की योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होती है। और समय-समय पर शिविरों का आयोजन किया जाता है। बैंक की ओर से विभिन्न प्रकार की योजना चलाई जा रही है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह ऐसे शिविरों में जरूर हिस्सा लेकर योजनाओं का लाभ उठाएं।

# हेरोइन सहित दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** थाना मनीकर्ण के अंतर्गत पुलिस ने हेरोइन तस्करी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

नशा तस्करी का मामला पुलिस चौकी जरी के अंतर्गत शनिवार को उस दौरान सामने आया जब पुलिस टीम द्वारा यातायात चैकिंग के दौरान बगयान्दा के समीप एक स्कूटी नं. एचपी 34 ई -1445 को चैकिंग हेतु रोका गया तथा नियमानुसार चैकिंग के दौरान स्कूटी सवार पूर्ण चंद (27) पुत्र बलराम निवासी गांव व डाकघर मनीकर्ण व गुरपाल सिंह (29) पुत्र इकवाल सिंह निवासी गांव व डाकघर जरी जिला कुल्लू के कब्जा से 12.660 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन ने बताया कि उक्त आरोपियों के विरूद्ध पुलिस थाना मणिकर्ण में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21, 25, 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। नशे संबंधी गहनता से पुछताछ की जाएगी, कि ये चिट्टा उन्होंने किससे प्राप्त किया है। नशा करने व बेचने वालों को किसी भी किमत में बख्शा नहीं जाएगी, उनके ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस नेताओं के दावे और धरातल की स्थिति में जमीन-आसमान का फर्क : गोविंद

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**



**मनाली।** पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह ठाकुर ने मंडलगढ़ पंचायत के डोभी गांव स्थित डोभी बिहाल के तिब्बतन कालोनी के आपदा प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित करते हुए कांग्रेस सरकार पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी में आई तबाही से दलाई लामा जी के अनुयायियों और भक्तों के घरों में पानी भर गया था,लेकिन आज तक सरकार और प्रशासन का कोई प्रतिनिधि उनकी सुध लेने तक नहीं पहुंचा।

यह कांग्रेस सरकार की असंवेदनशीलता और नाकामी का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रभावितों के घरों में रखा राशन, बर्तन, बिस्तर और कपड़े सब बह गए और मजबूरन इन परिवारों को रातों-रात अपनी जान बचाकर घर छोड़ना पड़ा। इस विकराल स्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़कर 85 राशन किटें, बाल्टियां और मग वितरित किए। गोविंद सिंह ठाकुर ने याद दिलाया कि 25 और 26 अगस्त को जब यह आपदा आई थी तो वे स्वयं दो दिन बाद मौके पर पहुंचे थे। उस समय की भयावह स्थिति में घरों से मलबा निकालना एक बड़ी चुनौती थी। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि उसके बाद से आज तक न तो सरकार और न ही प्रशासन का कोई अधिकारी यहां पहुंचा।

गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि धरातल पर स्थिति कुछ और है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार इस सोच से काम कर रही है कि यहां दलाई लामा के भक्त और तिब्बत से जुड़े लोग रहते हैं, जिनका वोट नहीं है, इसलिए इनके हालचाल पूछने की आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस नेताओं के दावे और धरातल की स्थिति में जमीन-आसमान का फर्क है। कांग्रेस केवल सोशल मीडिया और भाषणों तक सीमित है, जबकि पीड़ित परिवार आज भी अपने हाल पर छोड़ दिए गए हैं।

# संस्कृति को सहेजने में गायक इंद्रजीत का अहम योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल की संस्कृति को सहेजने वाले प्रसिद्ध लोक गायक इंद्रजीत ने शनिवार को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल से कई अहम मुद्दों पर भी चर्चा की।

उन्होंने बताया कि वह हिमाचल की संस्कृति को सहेजने का शुरू से प्रयास करते आ रहे हैं। गीत संगीत के साथ-साथ हिमाचल की मिट्टी, उसकी बोली, टोपी और संस्कृति को हमेशा संजोने का कार्य किया है।जब भी वह किसी स्टेज पर जाते हैं तो संस्कार, सभ्यता, कला, भाषा, वस्त्र व जीवन दर्शन उसकी संस्कृति कहलाती है। इसी झलक को वह हमेशा आगे लाने का प्रयास करते हैं। इंद्रजीत ने बताया कि पहले उन्होंने अपनी संस्कृति में पहनावे से लोगों को रू-ब-रू करवाया। हालांकि कुल्लवी टोपी देश दुनिया में प्रसिद्ध है लेकिन इसकी अलग अलग पहचान को भी लोगों के बीच में लाया। बीच में टोपी पर लगी मोर की कलगी को हटाने के लिए एक चांदी की कलगी लाई। हर गीत में संस्कृति को सहेजने का प्रयास किया। इस सब बातों को सुनकर राज्यपाल प्रसन्न हुए।

गौर रहे कि हिमाचल ही नहीं अन्य राज्यों में भी जब संस्कृति को सहेजने की बात होती है तो इंद्रजीत का नाम पहले आता है। उन्होंने विलुप्त होती जा रही लोक संस्कृति को एक नया जीवन दिया। अपने शब्दों और सुरों के माध्यम से इस पर कार्य किया। 2016 में आया उनका सुपरहिट गीत 'हाड़े मेरे मामुआ', जिसने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई।



लोक गायक इंद्रजीत ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

# आपदा प्रभावितों को दिया जरूरत का सामान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



केयर हिमालय टीम ने कुल्लू जिला की लग (लौग) घाटी के दली वो कड़ौन गांव के स्थानीय युवाओं द्वारा चिन्हित आपदा प्रभावित परिवारों को राहत सामाग्री वितरित की।

केयर हिमालय टीम से विवेक शर्मा, सीता राम, केवल गिरि, युव राज, जय राम आदि उपस्थित थे। साथ ही स्थानीय युवा रोहित, हीरा लाल, डीणे राम आदि ने सहयोग दिया। केयर हिमालय टीम सभी सहयोग करने वालों का भी आभार व्यक्त किया। केयर हिमालय टीम विशेष रूप से आल इंडिया आईआईएचटी एसोसिएशन, ताओ फैमली सिंगापुर, पासंग डोलमा अमेरिका आदि का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया जिनकी मदद से प्रभावित परिवारों की मदद की गई।

**राहत** आनी बस स्टैंड की पाइप में आया पानी, एचआरटीसी की मोटर अब भी खराब

# आनी बस अड्डे के शौचालय के 20 दिन बाद खुले ताले

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

**आनी।** उपमंडल मुख्यालय आनी स्थित एचआरटीसी के बस स्टैंड में बने सुलभ शौचालय आखिरकार बीस दिनों बाद खुल गए हैं। शुक्रवार रात को जलशक्ति विभाग ने बस स्टैंड को पानी की आपूर्ति बहाल कर दी, जिसके बाद शनिवार से शौचालय आम यात्रियों और स्टाफ के लिए खोल दिए गए। गौरतलब है कि वीरवार को अंनत ज्ञान ने 'आनी बस अड्डे में सुलभ शौचालय बंद, यात्री परेशान' शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद विभाग हरकत में आया। हालांकि बस स्टैंड की पानी आपूर्ति अभी भी सुचारू नहीं हो पाई है। एचआरटीसी द्वारा लगाए गए ट्यूबवेल की मोटर पिछले चार माह से खराब पड़ी है, जिसे अब तक ठीक नहीं किया गया है। ऐसे में बस स्टैंड में फिलहाल केवल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ही पानी पहुंच रहा है। यह व्यवस्था भी रोटेशनल है, जो बस स्टैंड जैसी भीड़भाड़ वाली जगह के लिए पर्याप्त नहीं है। यदि एचआरटीसी प्रबंधन ने मोटर दुरुस्त नहीं की तो शौचालयों में जल्द ही फिर से ताले लटक सकते हैं। ऐसे में हजारों यात्रियों को झेलनी पड़ रही है।





आनी बस अड्डे पर सुलभ शौचालय बंद, यात्री परेशान

आनी बस स्टैंड के खुले शौचालय और (नीचे) 'अनंत ज्ञान' में प्रकाशित समाचार।

### ट्यूबवेल ठीक होने पर ही होगी पानी की व्यवस्था

**जलशक्ति** विभाग आनी के सहायक अभियंता पुष्प राज ने बताया कि उनकी मेन लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे अब ठीक कर दिया गया है। लेकिन बस स्टैंड की स्थायी पानी आपूर्ति केवल तभी संभव है जब एचआरटीसी प्रबंधन ट्यूबवेल की मोटर को दुरुस्त करेगा।

### ट्यूबवेल की मोटर चार माह से बंद : अजय


**सुलभ** इंटरनेशनल के रामपुर जोनल इंचार्ज अजय सिंह का कहना है कि वे हर माह एचआरटीसी प्रबंधन को 1000 रुपए बिजली और 500 रुपए पानी शुल्क के रूप में देते हैं। इसके बावजूद प्रबंधन ने ट्यूबवेल की खराब मोटर को चार माह से ठीक नहीं किया। उनका कहना है कि यदि मोटर समय रहते दुरुस्त की जाती तो बस अड्डे पर पानी की समस्या उत्पन्न ही नहीं होती।

### सुलभ इंटरनेशनल की है जिम्मेदारी : अतुल गुप्ता

**एचआरटीसी** रामपुर डिपो के रीजनल मैनेजर अतुल गुप्ता ने कहा कि बिजली और पानी की व्यवस्था करना सुलभ इंटरनेशनल की जिम्मेदारी है। ऐसे में बस स्टैंड में पानी की समस्या को लेकर विभाग और प्रबंधन के बीच जिम्मेदारी को लेकर खींचतान जारी है।

# कुल्लू की पहाड़ियों में ईटीएफ ने शुरू किया सामुदायिक हरित अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



133 इको टास्क फोर्स (ईटीएफ) की बी कंपनी ने शनिवार को भरौली पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से कुल्लू वन प्रभाग के जोगनिधार क्षेत्र में बड़े स्तर पर सामुदायिक वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की।

यह कार्यक्रम यूनिट रेजिंग डे समारोह के अंतर्गत आयोजित किया गया। अभियान में लगभग 50 ग्रामीणों एवं ईटीएफ के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक रूप से करीब 800 पौधे रोपे। हिमालयी भू-भाग के अनुकूल पौधों का चयन किया गया, जिससे स्थानीय जैव विविधता को सुदृढ़ करने तथा मृदा संरक्षण पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान ईटीएफ कर्मियों ने वनीकरण के महत्व पर जागरूकता व्याख्यान भी दिया। इसमें वृक्षारोपण के जलवायु परिवर्तन नियंत्रण, जलस्रोत संरक्षण एवं पर्वतीय समुदायों की आजीविका बनाए रखने में योगदान पर प्रकाश डाला गया।

ग्रामीणों ने भी पारंपरिक संरक्षण पद्धतियों पर अपने विचार साझा किए। एक वरिष्ठ ईटीएफ अधिकारी ने इस अवसर पर कहा, यह सामूहिक प्रयास हमारी 'नेशन फर्स्ट' की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो सशस्त्र बलों और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के बीच सामंजस्य स्थापित करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### नाहन और आसपास के क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन शहर और आसपास के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को रविवार 21 सितंबर 2025 को दिनभर बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। बिजली विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि रविवार 21 सितंबर को सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक 11 केवी सब-स्टेशन दो-सड़का पर आवश्यक मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते नाहन नं. 1, नाहन नं. 2, नाहन नं. 3, सराहां-बागथन, आईटीआई, बोगरिया घाट और शम्भुवाला फी डरों से जुड़े सभी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। नाहन शहर के विभिन्न मोहल्लों सहित सराहां, बागथन, आईटीआई परिसर, बोगरिया घाट, शम्भुवाला और आसपास के अधिकांश इलाकों में दिनभर बिजली ठप रहेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मौसम खराब रहने की स्थिति में शटडाउन की तिथि व समय में परिवर्तन संभव है। वहीं, उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील भी की गई है।

### श्री जगदंबा रामलीला मंडल का मंचन आज से

**अनंत ज्ञान, सोलन।** श्री जगदंबा रामलीला मंडल द्वारा इस वर्ष 45वें रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 20 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। मंडल के निर्देशक हरीश मारवा ने शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 45 वर्षों से यह रामलीला मंचन निरंतर रूप से हो रहा है और इसमें नगर के सभी सामाजिक संगठनों का सहयोग मिलता रहा है। इस बार भी आयोजन में स्थानीय कलाकारों की अहम भूमिका रहेगी। इस बार विशेष रूप से नए कलाकारों को मंच देने का निर्णय लिया गया है, जिनकी तैयारी में काफी मेहनत की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत 20 सितंबर को दोपहर 3 बजे मॉल रोड पर झांकी के साथ की जाएगी। रामलीला का मंचन 21 सितंबर से प्रतिदिन रात 9:30 बजे शुरू होगा। इस अवसर पर प्रधान धार्मिन्द्र ठाकुर, महासचिव सुमित खन्ना, उप प्रधान कुलदीप रावत, पर्व प्रधान मुकेश गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।

### बच्चों का आधार बायोमैट्रिक अपडेट करवाना जरूरी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** 5 व 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का आधार बायोमैट्रिक अपडेट करवाना तथा 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनवाना भी अति आवश्यक है, जिन बच्चों ने 5 व 15 वर्ष पूर्ण होने पर अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं करवाया है उनका आधार कार्ड निष्क्रिय हो सकता है। यह जानकारी उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि 5 व 15 वर्ष के पश्चात बच्चों के चेहरे की फोटो, मोबाइल नंबर, हाथों के फिंगरप्रिंट व पता इत्यादि आधार में अपडेट करना आवश्यक है। बैठक में यूआईडीएआई से आए राज्य परियोजना प्रबंधक विजय शंकर तथा सहायक प्रबंधक अभिषेक कुमार ने यूडीआईएसई पोर्टल पर उपलब्ध अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट, आधार पंजीकरण अथवा अपडेट के अमान्य होने संबंधी सभी आवश्यक बदलावों व निर्देशों पर विस्तृत जानकारी दी।

### कालाअंब कॉलेज ऑफ लॉ में मनाया शिक्षक दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश कॉलेज ऑफ लॉ (एचपीसीएल), काला अंब, सिरमौर में 19 सितंबर को शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह आयोजन भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हुआ, जो शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संबद्ध यह कॉलेज सिरमौर के ग्रामीण क्षेत्र में विधि शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। 5 सितंबर को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा भारी बारिश और रेड अलर्ट के कारण घोषित अवकाश के चलते शिक्षक दिवस का आयोजन नहीं हो सका। इस कमी को पूरा करने के लिए कॉलेज ने 19 सितंबर को यह समारोह आयोजित किया।कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे सभागार में दीप प्रज्वलन और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने अपने उद्घाटन भाषण में शिक्षकों को उनकी समाज निर्माण में भूमिका को रेखांकित किया।

### वॉलीबॉल में युवा क्लब दाड़लाघाट का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राज्य स्तरीय सायर मेले अर्की में आयोजित तीन दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में युवा क्लब दाड़लाघाट की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता स्थान प्राप्त किया। टीम ने शुरुआती मैच में पिछले पांच वर्षों से लगातार विजेता रही,टीम को 2-1 से हराकर सभी को चौंका दिया। सेमीफाइनल में युवा क्लब दाड़लाघाट की टीम ने पट्टा बरोरी को 2-0 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला परमाणु टीम के साथ खेला गया। बेस्ट ऑफ थ्री प्रारूप में हुए इस मैच का तीसरा सेट बेहद रोमांचक रहा और स्कोर 31 तक पहुंचा। परमाणु टीम विजेता बनी और युवा क्लब दाड़लाघाट की टीम उप-विजेता रही। टीम के कप्तान चेतन ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ मैच खेले। दर्शकों ने दोनों टीमों की खेल भावना की सराहना की। उपमंडलाधिकारी अर्की निशांत तोमर ने उपविजेता टीम युवा क्लब दाड़लाघाट को सम्मानित किया।

### नुक्कड़ नाटक से योजनाओं के प्रति लोग किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश सरकार विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत 2 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है। यह जानकारी आज विकासखंड नाहन की ग्राम पंचायत आंबवाला-सेनवाला के सेनवाला तथा कटोला के महोलिया खटोला में फोक मीडिया कार्यक्रम आयोजित कर कलाकारों ने उपस्थित जनसमूह को दी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ावर्ग, अल्प संख्यक समुदायों की महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनों के उत्थान व समाज में इन वर्गों को समान अवसर प्रदान करने के उदेश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों को सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे फोक मीडिया विशेष प्रचार अभियान के माध्यम से सिरमौर जिला में आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान आंबवाला-सेनवाला पंचायत के उपप्रधान संजीव कुमार, वार्ड सदस्य कविता देवी, बेबो देवी, पंचायत कटोला की प्रधान अनिता देवी, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### कोटला मांगन स्कूल में चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** बड़ू साहिब एटरनल यूनिवर्सिटी और कोटला मंगन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त स्वच्छता अभियान का आयोजन स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के उपलक्ष्य में एटरनल यूनिवर्सिटी, बरू साहिब के अकाल कॉलेज ऑफ इकोनॉमिक्स, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट ने ग्राम पंचायत और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कोटला मंगन, राजगढ़, के सहयोग से 'जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी है' रखा गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय और विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल देना था। कॉलेज के लगभग 50 स्नातक छात्र-छात्राओं ने संकाय सदस्यों डॉ. काजल चौधरी, डॉ. पवन दुबे, डॉ. नेहा, नीविया, उर्वशी एवं डॉ. देशराज के मार्गदर्शन में सक्रिय भागीदारी की। अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर, रास्तों एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई, जिससे सामुदायिक जिम्मेदारी का एक व्यवहारिक उदाहरण प्रस्तुत हुआ।

### छात्रों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** डिग्री कॉलेज राजगढ़ के निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा 18 से 20 सितंबर 2025 तक तीन दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत क्लब द्वारा निर्मित लघु फिल्म 'पंचायतें' का प्रदर्शन किया गया, जिसे विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सराहा। फिल्म का मुख्य उद्देश्य युवाओं और समाज को मतदान के महत्व से अवगत कराना तथा लोकतंत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना था। फिल्म का निर्देशन अंशुल ठाकुर (कला स्नातक तृतीय वर्ष) ने किया,जबकि संपादन का दायित्व दिव्यांश पुंडीर (कला स्नातक तृतीय वर्ष) ने निभाया। इसमें कार्तिक ठाकुर तथा वंशिका शर्मा की भूमिका रही। फिल्म में अभय चंदेल, अखिल ठाकुर, ममता चौहान एवं राजेश्वर शर्मा ने नेताओं की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। शगुन पुंडीर ने जिला कलेक्टर का सशक्त किरदार निभाया, जिसने गांववासियों की समस्याओं को दूर कर उन्हें जागरूक किया।

### नारग स्कूल में करवाया छात्रवृति वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पीएम श्री पंडित दुर्गा दत्त राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारग में एक कार्यक्रम में छात्रवृति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। ये छात्रवृत्ति डॉ वी के गुप्ता ट्रस्ट द्वारा अपने प्रियजनों स्वर्गीय ओम प्रकाश गुप्ता, प्रेमलता गुप्ता और मनोहरी देवी गर्ग की स्मृति में विद्यालय के चार मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और 2-2 हज़ार की नकद राशि के रूप में वितरित की गई।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार ,विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष और सदस्य मौजूद रहे। इस ट्रस्ट के माध्यम से विद्यालय के 30 विद्यार्थियों को निःशुल्क ऑनलाइन स्किल डेवलपमेंट कोर्स भी करवाया जा रहा है। इस नेक कार्य के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित वर्मा ने डॉ वी के गुप्ता व ट्रस्ट का आभार जताया और विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन से अध्ययन करने की प्रेरणा दी।

# जीएसटी के नए स्लैब में आमजन को राहत

## राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार बोले–मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार

- कहा-भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है
- देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत और आत्मनिर्भर के सपने को लेकर आगे बढ़ रहा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से तरक्की कर रहा है। देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत के सपने को लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था के व्यापक सुधार किए जा रहे हैं।

यही कारण है कि पिछले 11 वर्षों में देश के 25 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा से बहार आए हैं। डॉ. सिकंदर ने सोलन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि 22 सितंबर से जीएसटी के नए स्लैब लागू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। जीएसटी के चार स्लैब में से दो स्लैब समाप्त कर दिए गए हैं। नए स्लैब में 28 प्रतिशत जीएसटी में आने वाले 90 उत्पाद अब 18 फीसदी जीएसटी की रेंज में आएंगे। जानलेवा बीमारियों में उपयोग में लाई जा रही 31 दवाओं को जीएसटी से मुक्त रखा गया है।

डा. सिकंदर ने प्रेसवार्ता में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। वर्ष 2013 में भारत अर्थव्यवस्था में 11 वें पायदान पर था जो अब चौथे स्थान पर पहुंच चुकी है।



### कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को मिलेगी अहम राहत

**डॉ.** सिकंदर ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार आ रहा है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं को जाता है। अभी 3 सितंबर को जीएसटी काउंसिल की बैठक में ऐतिहासिक फैसले लिए गए और जीएसटी के चार स्लैब में से दो स्लैब पूरी तरह से समाप्त कर दिए गए हैं। राज्य सभा सांसद ने कहा कि जीएसटी के नए स्लैब में लोगों को बड़ी राहत दी गई है। देश में पहले 90 उत्पाद ऐसे थे जिन पर 28 प्रतिशत जीएसटी वसूल किया जाता था लेकिन अब इसमें सीधे तौर पर 10 प्रतिशत की कटौती की गई है। इसके साथ ही 99 प्रतिशत उत्पाद ऐसे हैं जिन्हें 5 प्रतिशत के दायरे में रखा गया है इससे आम लोगों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। नए जीएसटी स्लैब में सबसे अहम राहत उन रोगियों के लिए हैं जो कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों से ग्रस्त है।

### नुकसानदायक उत्पाद पर जीएसटी दर 40 फीसदी रखी

**सांसद** ने कहा कि जीएसटी में गंभीर बीमारी की दवाइयां के दाम में भी कटौती की गई है। अब सरकार ने कैंसर, थैलेसीमिया समेत अन्य 31 गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए इस्तेमाल हो रही जीवन रक्षक दवाओं को जीएसटी दायरे से पूरी तरह बाहर रखा गया है। इसी तरह दूध, पनीर जैसे खाद्य पदार्थ को भी जीएसटी से बाहर रखा गया है। लेकिन जो उत्पाद सेहत के लिए नुकसानदायक है उन पर जीएसटी दर 40 फीसदी रखा गया है। एक सवाल के जवाब में सिकंदर ने कहा कि देश के तेजी से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है इसमें कोई संदेह नहीं है। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजीव सैजल, जिला सोलन अध्यक्ष रतन सिंह पाल, जिला प्रवक्ता अभिषेक ठाकुर और मीडिया प्रभारी संजीव मोहन भी उपस्थित रहे।

# नालागढ़ के आशीर्वाद अस्पताल में डिलीवरी के दौरान महिला की मौत

- मृतक महिला के भाई ने अस्पताल पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

न्यू नालागढ़ कॉलोनी में स्थित आशीर्वाद अस्पताल में एक महिला की डिलीवरी के दौरान मौत का मामला सामने आया है, जिसने परिवार और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। दीप कौर नामक महिला के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर पंकज शर्मा पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सर्जरी के बाद सुबह दर्द होने पर दिए गए इंजेक्शन के मात्र 10–15 मिनट बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अस्पताल प्रशासन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए शिमला के आईजीएमसी भेजा है जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतक महिला के पति विक्रम सिंह ने बताया, 'हमारे दो बेटियां हैं, और तीसरी डिलीवरी के लिए हमने डॉक्टर की सलाह पर गुरुवार शाम को अस्पताल में भर्ती किया। सर्जरी से बेटा पैदा हुआ, रात ठीक रही, लेकिन सुबह 5 बजे दर्द शुरू हुआ। डॉक्टर ने इंजेक्शन दिया, लेकिन हालत बिगड़ गई और उसकी मौत तो आशीर्वाद अस्पताल में ही हो गई थी लेकिन अस्पताल ने सरकारी अस्पताल रेफर किया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विक्रम ने आरोप लगाया कि समय पर रेफर न करने और लापरवाही से उनकी पत्नी की जान गई। दूसरी तरफ विक्रम सिंह

मृतक महिला के भाई सुखविंद्र सिंह ने कहा, 'डॉक्टर ने दर्द को सामान्य बताया और इंजेक्शन दिया, लेकिन हालत बिगड़ी तो चंडीगढ़ रेफर करने की बात कही। अस्पताल ने न तो एंबुलेंस दी और न ही तुरंत टेस्ट किए। सुखविंद्र ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से डॉक्टर पंकज के खिलाफ कार्रवाई और लाइसेंस रद्द करने की गुहार लगाई और उन्होंने कहा कि आशीर्वाद अस्पताल के डॉक्टर पंकज शर्मा की लापरवाही के कारण उनकी बहन की मौत हुई है उनके ऊपर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि आगे से किसी के साथ ऐसा न हो सके ।

डीएसपी नालागढ़ भीष्म ठाकुर ने बताया परिजनों की शिकायत पर अस्पताल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच आगे बढ़ेगी। हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे है जांच जारी है।

# एसवीएन स्कूल में स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, सराहां**

एसवीएन पब्लिक हाई स्कूल सराहा में स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण शिविर नेशनल स्काउट एंड गाइड के सचिव पुष्प राज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को एसवीएन स्कूल के प्रबंधक महोदय द्वारा एसवीएन स्कूल के प्रांगण में किया गया, जिसमें एसवीएन स्कूल और ग्लोबल विजडम पब्लिक स्कूल नैना टिक्कर के छात्रों ने भाग लिया। शिविर में बच्चों ने स्काउट एंड गाइड के नेशनल सेक्रेटरी मिस्टर पुष्पराज शर्मा, स्काउट एंड गाइड जिला कमिश्नर सोलन वरुण मिन्हास, स्काउट एंड गाइड सिरमौर सेक्रेटरी मिस्टर वीरेंद्र कपूर ने बच्चों को तरह-तरह की जानकारियां दी। समापन समारोह में ग्लोबल विजडम पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य गौरव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

समापन समारोह में एसवीएन स्कूल प्रबंधक महेंद्र पाल नेहरू ने अपने संबोधन में स्काउट एंड गाइड के सभी पदाधिकारी का एसवीएन स्कूल में प्रशिक्षण शिविर लगाने के लिए धन्यवाद किया। स्कूल की उपप्रधानाचार्य संजना शर्मा स्काउट एंड गाइड इंचार्ज सविता शर्मा सहित अध्यापक मौजूद रहे।

# ब्रेस्ट कैंसर से बचाव के महिला होमगार्डों को दिए टिप्स

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र कोटली में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला होमगार्ड अधिकारियों को विभिन्न गंभीर एवं जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक करना तथा उनके स्वास्थ्य को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकता रस्तोगी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार शांडिल, काउंसलर एचआईवी काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सर्विसेज, अर्की जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश



ने उपस्थित महिला होमगार्ड अधिकारियों को एचआईवी/एड्स, टीबी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, एनीमिया और ब्रेस्ट कैंसर जैसी बीमारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

विशेषज्ञ जानकारी के दौरान डॉ. शांडिल ने बताया कि एचआईवी/एड्स अभी भी समाज के लिए चुनौती है, परंतु समय पर जांच और उचित इलाज से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। ब्रेस्ट कैंसर से बचाव हेतु आत्म-परीक्षण और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की जानकारी देकर सभी महिला होमगार्डों को जागरूक किया गया। इस जागरूकता अभियान में महिला होमगार्ड अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विभिन्न जिज्ञासाएं दूर की।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स 30 तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत सभी 60,079 सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों की ई-केवाईसी, कल्याण मोबाइल ऐप के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही है, जिसमें सभी पेंशनरों के आधार कार्ड, जन्मतिथि, मोबाइल नं. तथा पूर्ण स्थाई पते सहित नवीनतम जानकारी दस्तावेजों के आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा सत्यापित किया जा रहा है। जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा ने ई-केवाईसी से शेष रहे पेंशनरों से आग्रह किया है कि वह 30 सितंबर से पूर्व सत्यापन करवा लें ताकि लाभ समय से मिल सके।

# राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के 7 छात्र एनडीए के लिए चयनित

**प्रेम कश्यप, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के सात छात्रों का एनडीए के 155वें कोर्स के लिए चयन हुआ है। हाल ही में हुए एसएसबी साक्षात्कार को कैडेट ऋषि गौतम, कैडेट गर्वित, कैडेट राहुल, कैडेट शिवांशु, कैडेट किशन, कैडेट हर्षित पाण्डेय, और कैडेट प्रेम राज सफलता से उत्तीर्ण किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विमल कुमार गंगवाल जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एनडीए, एसएसबी के साक्षात्कार में शारीरिक क्षमता और मानसिक सहनशक्ति की कड़ी परीक्षा ली जाती है। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के कैडेट्स ने इस चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विमल कुमार चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं भी दी और अन्य विद्यार्थियों को भी इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि इन परिक्षाओं को पास करने के लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करनी होती है।

# हेल्थ कैंप में 250 मरीजों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच



- हेल्थ कैंप में डॉ. राजीव बिंदल ने की शिरकत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सेवा पखवाड़ा के तहत हिमाचल प्रदेश में सेवा के कार्यक्रम लगातार जारी हैं। सिरमौर जिला की पंजाहर पंचायत में एक मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 250 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई।

शिविर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित किया गया था और इसमें साईं हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम ने सेवाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए शिविर का शुभारंभ किया। डॉ. बिंदल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पूरे प्रदेश में 17 सितम्बर को 1900 यूनिट रक्तदान किया गया। 18 सितंबर को 171 स्थानों पर स्वच्छता अभियान आयोजित हुए और 18 से 25 सितंबर के बीच विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 2023, 2024 और 2025 में भारी वर्षा के कारण प्राकृतिक आपदाएं आईं, जिनमें प्रधानमंत्री मोदी निरंतर हिमाचल के साथ खड़े रहे। डॉ. बिंदल ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 2023 से 2025 के बीच प्रदेश को आपदा राहत, पुनर्वास और विकास कार्यों के लिए 5300 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। हाल ही में पीएम मोदी ने हिमाचल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण भी किया और धर्मशाला में प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका दुख साझा किया।

# लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करें : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजस्व, बागवानी और जनजातीय विकास मंत्री, जगत सिंह नेगी ने शनिवार को किन्नौर जिले में लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागों द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा करना था।

मंत्री ने अधिकारियों को लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए और केंद्रीय वित्तपोषित योजनाओं की रिपोर्ट भी मांगी। उन्होंने विशेष रूप से बरसात से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत में तेजी लाने और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया, ताकि आम लोगों को हो रही असुविधा को दूर किया जा सके।

मंत्री जगत सिंह नेगी ने आगामी सर्दी के मौसम को देखते हुए जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को पाइपलाइनों की समय पर मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन सिंचाई, पेयजल और मल निकासी योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने पर भी जोर दिया। मंत्री ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उनका मानना है कि गुणवत्तापूर्ण काम से ही जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकती हैं। बैठक का संचालन सहायक आयुक्त-उपायुक्त डॉ. ओम प्रकाश यादव ने किया और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जन कल्याणकारी नीतियों का प्रचार करने के निर्देश

**इससे** पहले, राजस्व मंत्री ने कल्पा ब्लॉक कांग्रेस समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव या बदले की भावना के काम कर रही है और हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कार्यकर्ताओं को भाजपा की जनविरोधी नीतियों और भ्रामक बयानों का विरोध करने और जनता के सामने सच्चाई प्रस्तुत करने का आग्रह किया। उन्होंने कांग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उमेश नेगी और कल्पा कांग्रेस समिति के अध्यक्ष प्रीतम नेगी समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**समारोह** — कार रैली गौरवशाली अतीत को एक श्रद्धांजलि

# ओल्ड स्टूडेंट्स ने देशभर में निकाली कार रैली

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** सशस्त्र बलों, राष्ट्र-निर्माण में प्रतिष्ठित सेवा प्रदान करने वाले अधिकारियों और नेताओं की स्मृति राष्ट्रीय सैन्य स्कूलों के पूर्व छात्रों, जॉर्जियन एसोसिएशन ने सैन्य स्कूल चायल की शताब्दी के उपलक्ष्य में एक राष्ट्रव्यापी कार रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी स्थापना 15 सितंबर 1925 को हुई थी। रैली का चायल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

रैली को 6 सितंबर 2025 को दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर से सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम द्वारा ध्वजांकित किया गया था। संस्था की गौरवशाली विरासत की एक यात्रा का प्रतीक, यह रैली पूरे देश के सभी राष्ट्रीय सैन्य स्कूलों को जोड़ रही है। कर्नल मनीष ढाका, वीएसएम, के नेतृत्व में और सह-नेता कर्नल रवि कौशिक के साथ



देश भर में कार रैली निकालने के बाद चायल पहुंचे ओल्ड स्टूडेंट्स।

25 सदस्यों वाली इस रैली ने पहले ही आरएमएस धौलपुर, आरएमएस बेलगाम, आरएमएस बेंगलुरु और आरएमएस अजमेर का दौरा किया है, जो सभी सैन्य स्कूलों की साझा विरासत का सम्मान कर रही है। यह मध्य प्रदेश के नौगांव से भी होकर गुजरी, जिसने 1952 और 1960 के बीच अस्थायी रूप से आरएमएस चायल को शरण दी थी, इससे पहले कि स्कूल स्थायी रूप से चायल वापस आ गया। अपने उत्तरी चरण में रैली 19 सितंबर 2025 को हिसार से जालंधर पहुंची जहां उसका पूर्व छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया। 20 सितंबर 2025 को, रैली को उस ऐतिहासिक इमारत से रवाना किया गया, जहां से राष्ट्रीय सैन्य स्कूल चायल ने 100 साल पहले काम करना शुरू किया था, मेजर जनरल अतुल भदौरिया, वीएसएम द्वारा ध्वजांकित किया गया। रैली के अंतिम चरण की शुरुआत होगी जो आरएमएस चायल में एक भव्य शताब्दी समारोह के साथ समाप्त होगा।

इस अवसर पर मेजर जनरल अतुल भदौरिया, वीएसएम ने कहा, 'यह रैली जॉर्जियन भावना, अनुशासन और देशभक्ति को दर्शाती है, जो हर जॉर्जियन में भरी हुई है। जैसे ही आरएमएस चाइल 100 साल का जश्न मना रहा है, हम इसके मूल्यों और विरासत को बनाए रखने का अपना संकल्प नवीनीकृत करते हैं'।

1925 में किंग जॉर्ज के रॉयल इंडियन मिलिट्री कॉलेज चायल के रूप में स्थापित इस संस्था ने सशस्त्र बलों में और राष्ट्र-निर्माण में प्रतिष्ठित सेवा प्रदान करने वाले अधिकारियों की पीढ़ियां दी हैं। कार रैली इसके गौरवशाली अतीत को एक श्रद्धांजलि है और भविष्य को प्रेरित करने का एक सेतु भी है।

# रोजगार सृजन में एमएसएमई क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण : हर्षवर्धन


**अनंत ज्ञान, सोलन**

उद्योग, संसदीय कार्य एवं श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) प्रदेश की आर्थिकी का आधार है। उद्योग मंत्री शनिवार को एक मीडिया समूह के लघु और मध्यम उद्योग की दिशा में आयोजित क्षेत्रीय कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र न केवल रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि यह नवाचार, उद्यमिता और समावेशी विकास को बढ़ाने में भी अहम भूमिका अदा करता है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य लघु उद्योगों को और अधिक बढ़ावा देना है। प्रदेश सरकार नई उद्योग नीति बना रही है। नई नीति में विभिन्न उद्योग संघों विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे ताकि एक बेहतर नीति तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि नई उद्योग नीति में लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर बल दिया जाएगा। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश काश्तकारी एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1972 के नियम 118 के सरलीकरण पर विचार कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित बनाएगी कि हिमाचल में स्थापित होने वाले उद्योगों को अधिक सुविधाएं प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में उद्योगपतियों व श्रमिकों की सुविधा के लिए टाउनशिप विकसित करने के लिए भूमि चयनित की जा रही है। इस टाउनशिप में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।




# हरियाणा में सड़क क्रांति की शुरुआत

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज करेंगे 4227 सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा राज्य विकास की नई राह पर अग्रसर है और इसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को 'प्रादेशिक सड़क उत्थान योजना' के तहत 9,410 किलोमीटर लंबाई की 4227 सड़कों की कार्पेटिंग एवं निर्माण कार्यों का शुभारंभ करेंगे। यह राज्य स्तरीय समारोह हिसार स्थित गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने जानकारी दी कि इस योजना के लिए सरकार ने 4,827 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि इन सड़कों में लोक निर्माण विभाग की 2285, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 549, शहरी स्थानीय निकाय विभाग की 347, पंचायती राज की 276, एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड की 498 और एचएसआईआईडीसी की 272 सड़कें शामिल हैं। रविवार को मुख्यमंत्री द्वारा जिन सड़कों का लोकार्पण किया जाएगा, उनमें से 110 सड़कें शामिल हैं, जिनके टेंडर हो चुके हैं और कार्य आवंटित कर दिया गया है। इन सड़कों का निर्माण कार्य प्रदेश के सभी जिलों में एकसाथ शुरू होगा, जिससे परिवहन को सरल बनाने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्योग को भी गति मिलेगी। जिन जिलों की सड़कों का शुभारंभ होगा, उनमें अंबाला (9), झज्जर (4), भिवानी (8), जींद (6), चरखी दादरी (4), कैथल (6), फरीदाबाद (4), करनाल (3), फतेहाबाद (4), कुरुक्षेत्र (8), गुरुग्राम (5), हिसार (4), नूंह (4), पलवल (6), पंचकूला (2), पानीपत (4), रेवाड़ी (4), रोहतक (9), सिरसा (4), सोनीपत (5), यमुनानगर (3) और महेंद्रगढ़ (4) शामिल हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में 21 सितंबर को होने वाला यह समारोह हरियाणा के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

### जलघर का निरीक्षण और लापरवाही पर कार्रवाई

इसी दिन कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने हिसार जिले के तलवंडी बादशाहपुर स्थित जलघर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की गई और ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए बेलदार बलवंत को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने बताया कि 'हर घर जल' योजना के अंतर्गत हरियाणा ने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और अब प्रदेश के अधिकांश गांवों में घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। उन्होंने अधिकारियों को जलघरों की नियमित मॉनिटरिंग, समय पर मरम्मत और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

**सेवा पखवाड़ा में जनभावना और रक्तदान :** सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्तूबर) के अंतर्गत ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी के अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लिया। उन्होंने इसे सेवा का सर्वोच्च रूप बताते हुए रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शुरू हुआ यह सेवा पखवाड़ा जनभावना से परिपूर्ण है और इसमें हर वर्ग के लोगों सेवा के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

**स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान पर जोर :** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम के फर्रुखनगर क्षेत्र के नागरिक अस्पताल में आयोजित 'स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार' अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी से ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज का निर्माण होता है। मंत्री ने प्लास्टिक मुक्त समाज की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक शुभ अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने जांच शिविर, रक्तदान शिविर का अवलोकन किया व आयुष्मान कार्ड वितरित किए।

**पर्यावरण संरक्षण पर मंत्री राजेश नागर का संदेश :** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर ने फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड स्थित टीएचएसटीआई मेडिकल रिसर्च सेंटर में पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उन्हें पोषित करना भी हमारा कर्तव्य है। सेवा के अनेक रूप हो सकते हैं चाहे वह रक्तदान हो, गरीबों की सहायता हो या पर्यावरण की रक्षा और राज्य सरकार इन सभी पहलुओं पर सक्रियता से कार्य कर रही है।

# कचरे से करिश्मा : एमसी चंडीगढ़ ने आयोजित किया 'स्वच्छोत्सव'


कला प्रदर्शनी में दिखी महिलाओं की अगुवाई वाली सतत् नवाचारों की झलक।

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

रचनात्मकता और सतत् विकास का जीवंत उत्सव मनाते हुए नगर निगम चंडीगढ़ ने सेक्टर-22 मार्केट में तीन दिवसीय 'वेस्ट टू आर्ट' प्रदर्शनी का आयोजन किया। यह आयोजन 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' अभियान के तहत किया गया, जिसका थीम 'स्वच्छोत्सव' रखा गया। प्रदर्शनी में स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों (SHGs) द्वारा कचरे और जैविक सामग्रियों से तैयार किए गए सुंदर व पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद प्रदर्शित किए गए।

प्रदर्शनी का उद्घाटन विशेष आयुक्त, एमसीसी प्रदीप कुमार (आईएएस) ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद दमनप्रीत सिंह, मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं स्वच्छ भारत ब्रांड एम्बेसडर परवीन दुग्गल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. इंदरदीप कौर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। एसएचजी कलाकारों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों की आकर्षक श्रृंखला प्रस्तुत की, जिनमें पुनः उपयोग किए गए फूलों से बनी धूप और अगरबत्तियां, हैंडमेड साबुन, पेपर मेशे कला, लघु कैनवस पेंटिंग्स, ऊनी शिल्प, पर्यावरण-अनुकूल कपड़े के बैग और पोटलियां शामिल थीं।

इस अवसर पर विशेष आयुक्त श्री प्रदीप कुमार ने कहा, ऐसी प्रदर्शनियां सतत उत्पादों को बढ़ावा देने और स्थानीय महिलाओं की आजीविका को सशक्त करने का प्रभावी मंच हैं।

# सचिव ने कार्यों की निरंतर निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रशासक एवं मुख्य सचिव, यूटी चंडीगढ़ के निर्देशानुसार सचिव, राज्य कृषि विपणन बोर्ड हरि कल्लिकट, आईएएस की अध्यक्षता में सेक्टर 26 मंडी के विकास एवं आधारभूत संरचना कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडी के भीतर सीमेंट कंक्रीट सड़कों के निर्माण, हाई मास्ट एलईडी लाइटों व सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, स्वच्छता, और जनसमस्या से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

प्रशासक मार्केट कमेटी पवित्र सिंह ने अवैध विक्रेताओं को हटाने, स्वच्छता सुधारने तथा मंडी को भीड़ मुक्त और सुव्यवस्थित बनाने हेतु उठाए गए कदमों की जानकारी दी। बैठक में अभियंत्रण विभाग, एनआईटीटीटीआर और मंडी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। सचिव कल्लिकट ने सभी विभागों को उच्च न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने और कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय समन्वय पर विशेष बल दिया। प्रस्तुत कार्य योजनाओं में अतिक्रमण हटाना, बैरिकेडिंग, पार्किंग का निर्माण, नीलामी प्लेटफार्मों की मरम्मत तथा सीवरेज व्यवस्था सुधारना शामिल है।

एनआईटीटीटीआर ने सूचित किया कि योजना पांच दिनों में सौंपी जाएगी, वहीं अभियंत्रण विभाग ने बताया कि लाइटिंग एवं सीसीटीवी हेतु निविदाएं जल्द आमंत्रित की जाएंगी। ग्रेन मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष मोहित सूद ने मंडी में हो रहे सुधारों पर संतोष जताया। बैठक के पश्चात अधिकारियों ने मंडी का निरीक्षण किया, जहां स्वच्छता और व्यवस्था में सुधार मिला। सचिव ने कार्यों की निरंतर निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

### वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा खेल सुविधाओं का लाभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत चंडीगढ़ प्रशासन ने 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मात्र ₹999 में एक वर्षीय खेल कॉम्प्लेक्स सदस्यता प्रदान करने की योजना शुरू की है। प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने इसे वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य व कल्याण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता बताया। मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने इसे समावेशिता की दिशा में सराहनीय कदम कहा। चंडीगढ़ के 21 अत्याधुनिक खेल कॉम्प्लेक्स में 40 से अधिक खेलों की सुविधाएं उपलब्ध हैं। ऑनलाइन पंजीकरण हेतु आयु प्रमाण, फोटो और आवेदन पत्र आवश्यक होगा।

# मोटापा रोकथाम, डिजिटल स्वास्थ्य अभियान व सामुदायिक सहभागिता पर विशेष फोकस



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पोषण माह 2025 के अंतर्गत, सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, यूटी चंडीगढ़ द्वारा स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित कई प्रभावी गतिविधियां आयोजित की गईं।

स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों और समुदायों में बच्चों व किशोरों के बॉडी मास इंडेक्स (BMI) की जांच की गई, वहीं मनीमाजरा टाउन में डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड कवरेज के लिए आभा आईडी निर्माण अभियान चलाया गया। कजहेड़ी में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए शिशु आहार पर परामर्श सत्र तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई।

बुरैल में पुरुष अभिभावकों ने पोषण व देखभाल की जिम्मेदारी साझा करने पर चर्चा की। पूरक कार्यक्रमों में मिलेट्स के उपयोग, किचन गार्डन, ओआरएस निर्माण, योग अभ्यास, और सूक्ष्म पोषक तत्वों पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

# भाजपा ने बांटीं 150 पोषण किटें, टीबी मुक्त भारत का संकल्प मजबूत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के तहत आज मलोया एवं पलसोरा सेक्टर-56 डिस्पेंसरी में 150 टीबी मरीजों को निःशुल्क प्रोटीन युक्त पोषण किटें वितरित की गईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रधानमंत्री के उस संकल्प को आगे बढ़ाना है, जिसमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक भी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पहुँच सके।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा और एसोचैम चंडीगढ़ के अध्यक्ष राकेश भल्ला उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी की मेडिकल सैल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें सैल के प्रधान ललित तकियार, डॉ. संजीव भाटिया, डॉ. तरुण दीपक पाठक, विकास बंसल, गजेंद्र चौहान, इंद्र शर्मा, राजेश सिंगला, संजय अरोड़ा, जिला प्रधान रेखा सूद, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार राणा, मंडल अध्यक्ष रमेश चौधरी एवं मंडल अध्यक्ष अमित सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।


मोदी के जन्मदिन पर मरीजों को मिली सौगात, भाजपा ने किया जनसेवा का संदेश साकार।

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टेट टीबी कंट्रोल के इंचार्ज डॉ. नवनीत और डॉ. शेखर के साथ-साथ पलसोरा की सीएमओ डॉ. हेमलता का विशेष सहयोग रहा। प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा उस विचारधारा पर कार्य कर रही है, जिसके अंतर्गत सरकार की योजनाओं का लाभ हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है और यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का सच्चा संदेश है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का एक बड़ा संकल्प भारत को 'टीबी मुक्त भारत' बनाने का है और इस दिशा में केंद्र सरकार एवं संगठन लगातार कार्य कर रहे हैं। मरीजों को दी गई यह पोषण किट इसी प्रयास की एक कड़ी है। इस अवसर पर मरीजों और उनके परिजनों ने भाजपा के इस मानवीय प्रयास की सराहना की।

भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा की भावना को वास्तविक रूप देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा कार्यों के रूप में मनाना समाज को यह संदेश देता है कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि समाज सेवा और जनकल्याण का माध्यम भी है।

## देश-विदेश

# पीएम मोदी की 'रणनीतिक चुप्पी' बन गई बोझ : कांग्रेस

## अमेरिका के एच1-बी वीजा शुल्क बढ़ोतरी पर साधा निशाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के एच-1 वीजा शुल्क बढ़ाने के फैसले को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा है। पार्टी ने मोदी को 'कमजोर' प्रधानमंत्री करार देते हुए कहा कि उनकी 'रणनीतिक चुप्पी' और 'शोर-शराबे वाले दिखावे' अब बोझ बन गए हैं।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एच1-बी वीजा पर हाल के फैसले से अमेरिकी सरकार ने भारत के सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली लोगों के भविष्य पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि मुझे अभी भी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का साहस याद है, जब अमेरिका में एक महिला आईएफएस राजनयिक का अपमान किया गया था। गोगोई ने आरोप लगाया कि अब प्रधानमंत्री मोदी की 'रणनीतिक चुप्पी' और 'शोर-शराबा' की प्राथमिकता भारत और उसके नागरिकों के राष्ट्रीय हित के लिए बोझ बन गई है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया कि आठ साल बाद, राहुल गांधी एक बार फिर निर्दोष साबित हुए। उन्होंने गांधी के 2017 के एक पोस्ट को उन मीडिया रिपोर्टों के साथ टैग किया जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच बातचीत में एच-1बी वीजा का मुद्दा नहीं उठा था। खेड़ा ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने 2017 में ही इस पर चिंता जताई थी और तब से कुछ भी नहीं बदला है। भारत अभी भी एक कमजोर प्रधानमंत्री के साथ फंसा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# जुबीन गर्ग की मौत पर असम में 3 दिन का शोक

**एजेंसी, गुवाहाटी।** मशहूर बॉलीवुड सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में असम पुलिस ने नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल के आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले में जुबीन गर्ग के मैनेज से भी पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। इस मामले में असम पुलिस ने मोरीगांव में मामला दर्ज किया गया है। जुबीन गर्ग की मौत पर असम सरकार ने तीन दिन के शोक का ऐलान किया है। असम के रॉकस्टार कहे जाने वाले जुबीन की मौत से उनके फैंस सदमे में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई सहित कई लोगों ने जुबीन की मौत पर शोक जताया है। जुबीन 52 साल के थे। वह सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल में परफॉर्म करने गए थे। (अनंत ज्ञान)

# रूस ने यूक्रेन पर किया बड़ा हमला तीन की मौत, दर्जनों लोग घायल



**एजेंसी, कीव**

रूस के साथ तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे संघर्ष में यूक्रेन की स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। कई देशों के प्रयास के बावजूद इस संघर्ष के खत्म होने को लेकर दूर-दूर तक कोई रास्ता भी नजर नहीं आ रहा है। इसी बीच शनिवार तड़के रूस ने यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों पर एक बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### डिनप्रो में दर्जनों लोग घायल

**डिनप्रोपेट्रोव्स्क** क्षेत्र के गवर्नर सेरही लाइसाक ने बताया कि हमले में कम से कम 26 लोग घायल हुए हैं। कई ऊंची इमारतों और घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही कीव क्षेत्र के बुचा, बोरिस्पिल और ओबुखिव में भी हमले हुए, जिसमें कई घरों और गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र में दो क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बताया कि नागरिक इलाके को निशाना बनाया गया है।

### यूक्रेन का दावा : मार गिराए 552 ड्रोन और 31 मिसाइलें

**यूक्रेनी** एयर फोर्स के मुताबिक, रूस ने कुल 619 मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च किए, जिनमें 579 ड्रोन, आठ बैलिस्टिक और 32 क्रूज मिसाइलें शामिल थीं। यूक्रेन ने इनमें से 552 ड्रोन, दो बैलिस्टिक और 29 क्रूज मिसाइलों को नष्ट कर दिया। इसके साथ ही यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि इस दौरान पश्चिमी देशों से मिले एफ-16 लड़ाकू विमानों ने रूसी क्रूज मिसाइलों को रोकने में अहम भूमिका निभाई और ये साबित किया कि पश्चिमी हथियार युद्ध में कितने प्रभावशाली हैं।

# अमेरिकी सीनेटर की चीन पर की प्रतिबंध की मांग

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राजनीति में चीन को लेकर एक बार फिर सख्त रुख देखने को मिला है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपील की कि वे चीन पर तत्काल कड़े प्रतिबंध और टैरिफ लगाएं। ग्राहम ने कहा कि चीन सस्ते रूसी तेल की खरीद कर सीधे-सीधे पुतिन की युद्ध मशीन को ईंधन दे रहा है। उनका यह बयान उस वक्त आया जब यूरोपीय संघ ने रूस से कारोबार करने वाली चीनी ऊर्जा कंपनियों पर नई पाबंदियां लगाई हैं। ग्राहम ने ईयू के 19वें प्रतिबंध पैकेज का समर्थन किया और कहा कि अब अमेरिका को भी इसी राह पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने हाल ही में यूरोप से चीन पर 50 से 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का निर्देश दिया था और ईयू का नया फैसला उसी दिशा में बड़ा कदम है। ग्राहम ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि यह सही दिशा में अहम कदम है। अब अमेरिका की बारी है कि वह चीन पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाए। (अनंत ज्ञान)

# पूजा खेडकर का फैमिली बॉडीगार्ड गिरफ्तार

**एजेंसी, पुणे।** बर्खास्त अधिकारी पूजा खेडकर के परिवार के बॉडीगार्ड प्रफुल सालुंखे को नवी मुंबई पुलिस ने शनिवार को धुले से गिरफ्तार किया है। पूजा के पिता दिलीप और मां मनोरमा फरार हैं। इन तीनों पर एक ट्रक हेल्पर के अपहरण और मारपीट करने का आरोप है। इससे पहले 15 सितंबर को जब पुलिस हेल्पर के अपहरण मामले में खेडकर के घर पहुंची थी तो मनोरमा खेडकर ने पुलिस से बदसलूकी की और उन पर कुत्ता छोड़ दिया था। हालांकि, पुलिस ने हेल्पर को छुड़ा लिया था। इस दौरान दिलीप व मनोरमा ने अगले दिन थाने आने का वादा किया था, लेकिन दोनों एसयूवी समेत फरार हो गए थे। पुलिस ने मनोरमा पर सरकारी काम में बाधा डालने, सबूत नष्ट करने और आरोपी को बचाने का मामला दर्ज किया है। दरअसल, 13 सितंबर की शाम नवी मुंबई के ऐरोली में पूजा के पिता की 2 करोड़ की लैंड क्रूजर की टक्कर एक सीमेंट मिक्सर ट्रक से हो गई। इसके बाद दिलीप और सालुंखे ने ट्रक हेल्पर प्रह्लाद कुमार (22) को जबरन गाड़ी में बैठाकर पुणे के बानेर इलाके में चतुर्श्रृंगी स्थित घर ले जाकर बंधक बना लिया और पिटाई भी की थी। (अनंत ज्ञान)

# गले लगना, नारे लगवाना विदेश नीति नहीं : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर (88 लाख रुपए) का शुल्क लगाए जाने के बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि गले लगना और मोदी-मोदी के नारे लगवाना विदेश नीति नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि विदेश नीति में राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखना चाहिए तथा किसी से मित्रता को विवेक एवं संतुलन के साथ आगे बढ़ाना चाहिए। आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ गैर आप्रवासी कामगारों के प्रवेश पर रोक संबंधी सरकारी आदेश पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए। इस फैसले के तहत उन कामगारों के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी, जिनके एच1बी आवेदन के साथ एक लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान नहीं किया गया होगा। (अनंत ज्ञान)

# झारखंड में कुड़मी समाज का प्रदर्शन, 40 स्टेशनों पर रोकी ट्रेनें

**एजेंसी, रांची**

झारखंड में शनिवार को कुड़मी समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर रेल टेका आंदोलन चलाया जा रहा है। राज्य के 40 रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी सुबह से ही पारंपरिक परिधान में ढोल-मांदर के साथ रेलवे ट्रैक पर उतरे।

गिरिडीह, चक्रधरपुर, जामताड़ा, बोकारो में प्रदर्शनकारी रेलवे ट्रैक पर बैठ गए और ट्रेनों को रोका। प्रदर्शन को देखते हुए रांची के 4 रेलवे स्टेशन पर धारा 144 लगाई है। (अनंत ज्ञान)



# यूरोप के कई हवाई अड्डों पर बड़ा साइबर हमला, चेक-इन सिस्टम ठप

**एजेंसी, लंदन**

यूरोप के कई बड़े हवाई अड्डों पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम को निशाना बनाते हुए साइबर हमले किए गए हैं। इन हमलों के कारण शनिवार को सैकड़ों उड़ानों में देरी हुई, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस तकनीकी समस्या के चलते यूरोप के प्रमुख हवाई अड्डों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है और कई एयरपोर्टों ने मैनुअल प्रक्रिया अपनाकर ही उड़ानों का संचालन जारी रखा है।

मामले में ब्रुसेल्स एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार रात को उनके चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम के सेवा प्रदाता पर साइबर हमला हुआ, जिससे उनकी तकनीकी व्यवस्था बाधित हो गई। इस वजह से एयरपोर्ट को मैनुअल चेक-इन और बोर्डिंग का सहारा लेना पड़ा, जिससे उड़ानों के समय में गड़बड़ी और विलंब हुआ। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों से धैर्य रखने और उड़ानों की स्थिति की निरंतर जांच करने की अपील की है। साइबर हमलों के कारण प्रभावित एयरपोर्टों ने अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल को कड़ा कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### इन एयरपोर्ट्स पर आई समस्या

**लंदन** के हीथ्रो एयरपोर्ट ने तकनीकी समस्या की बात कही है। जर्मनी के ब्रांडेनबर्ग एयरपोर्ट ने भी पुष्टि की है कि उनके सेवा प्रदाता के सिस्टम पर साइबर हमला हुआ है। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर एयरपोर्ट ने अपने नेटवर्क कनेक्शन को अस्थायी रूप से काट दिया। हीथ्रो एयरपोर्ट के अनुसार, कॉलीन्स एयरोस्पेस नामक कंपनी, जो कई एयरलाइनों को चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम मुहैया कराती है, तकनीकी दिक्कतों का सामना कर रही है, जिसके कारण उड़ानों में देरी हो रही है।

# क्रेडिट ग्रोथ में निजी क्षेत्र से आगे निकले सरकारी बैंक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबीएस) ने वित्त वर्ष 2025 में क्रेडिट ग्रोथ के मामले में निजी बैंकों को पीछे छोड़ दिया है। सिस्टमैटिक्स ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार, पीएसबीएस ने वित्त वर्ष 2025 में अग्रिम ऋण में 12.2 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों की वृद्धि 9.5 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2011 में पीएसबीएस का अग्रिम ऋण बाजार में 74.9 प्रतिशत का हिस्सा था, जो मार्च 2024 तक घटकर 51.8 प्रतिशत रह गया था। हालांकि, एफवाई25 में पीएसबीएस ने पहली बार मार्च 2010 के बाद से दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज करते हुए निजी बैंकों को पीछे छोड़ दिया। इसमें यह भी कहा गया है कि क्रेडिट ग्रोथ तेज हुई है, डिपॉजिट्स तीन साल से लगातार अग्रिम ऋण के मुकाबले पीछे चल रही हैं, जिससे क्रेडिट-टू-डिपॉजिट अनुपात पर दबाव बना हुआ है। इसके बावजूद, पीएसबीएस अपनी तरलता के मामले में निजी बैंकों की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं। (अनंत ज्ञान)

**अग्रिम ऋण में 12.2 % की वृद्धि दर्ज**

**विदाई** 62 साल पहले एयरफोर्स में हुआ था शामिल, तीन जंगों में भी शामिल रहा

# मिग-21 की 26 सितंबर को होगी विदाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना की रीढ़ कहे जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट 26 सितंबर को रिटायर हो जाएगा। 62 साल की सर्विस के दौरान इसने 1971 युद्ध, कारगिल और कई मिशनों में अहम भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एलसीए मार्क-1ए को शामिल किया जाएगा। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी जाएगी। इसके बाद विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी। मिग-21 जेट 1963 में पहली बार भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी यह आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकंड) से तेज उड़ सकता है। फाइटर जेट की आखिरी 2 स्क्वाड्रन (36 मिग21) राजस्थान के बीकानेर में नाल एयरबेस पर तैनात हैं। इन्हें नंबर 3 स्क्वाड्रन कोबरा और नंबर 23 स्क्वाड्रन पैंथर्स के नाम से जाना जाता है। मिग-21 जेट ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और 1999 के कारगिल युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। (अनंत ज्ञान)



### अब तक 400 से ज्यादा मिग-21 विमान क्रैश

**भारत** सरकार के रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 400 से ज्यादा मिग-21 विमान क्रैश हुए हैं। इसमें 200 से ज्यादा पायलट मारे गए गए हैं। इसी वजह से फाइटर प्लेन को 'उड़ता ताबूत' और 'विडो मेकर' कहा जाता है। भारत ने 900 मिग-21 फाइटर जेट खरीदे थे। इनमें से 660 हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने देश में ही बनाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समय भारतीय वायुसेना के बेड़े में सिर्फ 36 मिग-21 फाइटर जेट ही बचे हैं। इसने कई दशकों तक बेहतरीन सेवा दी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### हिताशी बख्शी और प्रणवी ने ला सेला में कट में बनाई जगह



**एजेंसी, एलिकांटे (स्पेन)।** भारतीय खिलाड़ियों में केवल प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी ही स्पेन में ला सेला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बना सकी, जबकि कनाडाई किशोरी अन्ना हुआंग ने बोगी-मुक्त छह-अंडर 66 के साथ शीर्ष पर तीन शॉट की बढ़त बना ली। हिताशी ने पहले राउंड में 72 के बाद दूसरे राउंड में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया और अब वह 36 होल तक एक ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर हैं, जबकि प्रणवी (73-73) संयुक्त 47वें स्थान पर हैं। रिधिमा दिलावरी (75-72) एक शॉट से कट से चूक गईं। उनके अलावा अवनि प्रशांत (78-70), दीक्षा डागर (73-75), वाणी कपूर (78-71) और त्वेसा मलिक (71-78) भी कट से चूक गईं, जो दो ओवर पर गया। (अनंत ज्ञान)

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 23 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। दौरे पर भारतीय टीम कुल पांच मैच खेलेगी, जो 26 सितंबर से दो अक्टूबर तक कैनबरा के राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में होंगे। भारतीय जूनियर महिला टीम पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेलेगी। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग की क्लब टीम कैनबरा चिल के खिलाफ दो मैच होंगे। यह सीरीज दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 से पहले भारतीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। टीम में डिफेंडर, मिडफील्डर और फॉरवर्ड का संतुलित मिश्रण है, जिसका नेतृत्व ज्योति सिंह करेंगी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज को सौंपी गई है। डिफेंस में मनीषा, ज्योति सिंह, लालथंटलुआंगी, ममिता ओरम, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदनी शामिल हैं। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, साक्षी राणा, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, इशिका, सुनेलिता टोप्पो और अनिशा साहू और फॉरवर्ड लाइन में लालरिनपुई, निशा मिंज, पूर्णिमा यादव, सोनम, कनिका सिवाच और सुखवीर कौर हैं। कोच तुषार खांडेकर ने कहा, 'यह युवा खिलाड़ियों का एक प्रतिभाशाली समूह है जो प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमने सभी विभागों में सही संतुलन बनाने की कोशिश की है और ऐसे खिलाड़ी चुने हैं जो किसी भी परिस्थिति में ढल सकें। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत स्टाइल में यूजिनी बुचर्ड

**कनाडा।** कनाडा की टेनिस खिलाड़ी यूजिनी बुचर्ड की खूबसूरती भी देखने लायक है। वह कनाडा की पहली महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टेनिस में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा किसी भी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाली वह कनाडा की पहली टेनिस हैं।



**एशिया कप, सुपर-4** स्पिन का वार; रविवार तैयार, पाक पर फिर भारी पड़ेगा भारत

# भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला आज

**एजेंसी, दुबई**

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबले हमेशा से तनाव और रोमांच से भरे होते हैं। इस रविवार को दुबई में एशिया कप सुपर-4 का मुकाबला भी इससे अलग नहीं होगा। दोनों टीमों के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत अपनी स्पिन तिकड़ी के दम पर एक और जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा। बीते मैच में जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनकी टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार किया, तब से दोनों देशों के बीच माहौल और गर्म हो गया है। ऐसा माना जा रहा है कि भारत इस रवैये को बरकरार रखेगा, जबकि पाकिस्तान इस मुकाबले को 'द्वेषपूर्ण मैच' की तरह देख रहा है।

भारत की रणनीति स्पष्ट है, धीमी पिचों पर स्पिन का जाल बिछाना। कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल (अगर फिट हुए) एक बार फिर मैच का रुख मोड़ सकते हैं। अक्षर की चोट को लेकर चिंताएं हैं, लेकिन क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने कहा है कि वह फिट हैं। यदि नहीं, तो वाशिंगटन सुंदर या रियान पराग को मौका मिल सकता है। जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती की पाकिस्तान के खिलाफ वापसी तय मानी जा रही है, जबकि हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह की जगह तय नहीं मानी जा रही, क्योंकि पिछली बार ओमान के कमजोर बल्लेबाजों ने भी उन्हें खूब रन दिए थे।



पाकिस्तान की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी सबसे बड़ी चिंता है। सैम अयूब लगातार फ्लॉप रहे हैं और मजाक का पात्र बन चुके हैं। फखर जमां और शाहीन शाह अफरीदी जैसे कुछ ही खिलाड़ी हैं जो भारत के खिलाफ मुकाबला बना सकते हैं। खासकर अफरीदी की जिम्मेदारी होगी कि वह अभिषेक शर्मा के तूफानी अंदाज को रोकें।

भारत की बल्लेबाजी में सूर्यकुमार यादव एक बार फिर मुख्य भूमिका में होंगे। अगर शुभमन गिल जल्दी आउट हो जाते हैं, तो तीसरे नंबर पर संजू सैमसन की बजाय सूर्यकुमार को ही उतारा जा सकता है। सैमसन ने ओमान के खिलाफ अर्द्धशतक जरूर जमाया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ जिम्मेदारी एक बार फिर कप्तान पर ही होगी। पाकिस्तान के स्पिनर सूफियान मुकीम की जगह इस बार हारिस राउफ को मौका मिल सकता है, जिन्होंने यूएई के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। रविवार का मुकाबला सिर्फ क्रिकेट नहीं, भावनाओं और रणनीति का युद्ध होगा। कौन किस पर भारी पड़ेगा, इसका जवाब पिच पर ही मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : रात 8.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रित बुमरा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा।

**पाकिस्तान:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी, सुफियान मोकिम।

## बांग्लादेश की घातक गेंदबाजी के सामने लड़खड़ाई श्रीलंका टीम



शॉट खेलता पथुम निसांका।

**एजेंसी, दुबई**

एशिया कप का पहला सुपर-4 मैच श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। ओपनिंग बल्लेबाजी करने आए पथुम निसांका और कुसल मेंडिस अच्छी शुरुआत की। मेंडिस ने छक्के के साथ अपना खाता खोला है। शुरुआती दो बॉल पर उन्हें शोरिफुल इस्लाम ने थोड़ा परेशान किया, लेकिन फॉर्म में चल रहे मेंडिस को बॉल समझने में समय नहीं लगा। उन्होंने लेग स्टंप के बाहर जाती बॉल को फाइन लेग बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। पथुम निसांका 15 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें तस्कीन अहमद ने सैफ हसन के हाथों कैच करवाया। उसके बाद कुसल मेंडिस भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके और 25 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हो गया। मेंडिस को मेहदी हसन ने सैफ हसन के हाथों कैच करवाया। समाचार लिखे जाने तक श्रीलंका ने 9 ओवर में 2 विकेट गंवाकर 65 रन बना लिए थे। कामिल मिशारा (5) और कुसाल परेरा (4) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)

## टी20 वर्ल्ड क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने अर्शदीप सिंह

**एजेंसी, दुबई**

एशिया कप 2025 में शुक्रवार को ओमान के खिलाफ मुकाबले में अर्शदीप सिंह ने बड़ा कीर्तिमान अपने नाम किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप भारत के पहले ऐसे गेंदबाज बन गए हैं, जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट पूरे किए। यह उपलब्धि उन्होंने मैच के 20वें ओवर में विनायक शुक्ला को पवेलियन भेजकर हासिल की।

अर्शदीप ने 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ साउथैम्पटन में भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और अपने पहले ही मैच में 2/18 के आंकड़े दर्ज किए थे। इस मैच से पहले अर्शदीप ने भारत के लिए 63 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 99 विकेट चटकाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अमेरिका के खिलाफ 4/9 रहा है। इसी साल जनवरी में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में उन्होंने बेन डकेट और फिल सॉल्ट को आउट कर भारत का सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज़ बनने का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। गौरतलब है कि अर्शदीप ने एशिया कप में शुक्रवार के मैच से पहले कभी भारत का प्रतिनिधित्व नहीं किया था। टीम इंडिया ने अब तक जसप्रीत बुमराह को ही एकमात्र प्रमुख तेज गेंदबाज के तौर पर खिलाया था। (अनंत ज्ञान)

## अक्षर का पाकिस्तान मैच में खेलने पर संशय

**एजेंसी, अबुधाबी**

अबुधाबी में ओमान के खिलाफ ग्रुप-ए के मैच के दौरान भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल के सिर और गर्दन में चोट लगी। रविवार को दुबई में होने वाले पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-फोर मैच में उनके खेलने पर संशय है। यह हादसा ओमान की पारी के 15वें ओवर में हुआ,जब हामिद मिर्जा का ऊंचा शॉट रोकने के लिए अक्षर पटेल मिड-ऑफ से दौड़कर आए। कैच लेने की कोशिश में गेंद उनके हाथ से छूट गई और संतुलन बिगड़ने पर वह जमीन पर गिर गए। जिससे उनके सिर और गर्दन के हिस्से में चोट लगी। चोट लगने के बाद वह दर्द में दिखे और फिजियो के साथ मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद वह ओमान की पारी के बाकी हिस्से में मैदान पर नहीं लौटे। (अनंत ज्ञान)

**ओमान के खिलाफ मैच में हो गए थे चोटिल, सिर-गर्दन में लगी चोट**



**बदलनी पड़ सकती है रणनीति**

**भारत** के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अक्षर 'ठीक' हैं, लेकिन ओमान के खिलाफ मैच और पाकिस्तान के खिलाफ अगले मैच के बीच केवल 48 घंटे से भी कम समय होने के कारण उनकी उपलब्धता पर सवाल उठ रहे हैं। अगर अक्षर चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेल पाते, तो भारत को अपनी रणनीति में बदलाव करना पड़ सकता है। अक्षर के स्थान पर भारत के पास स्टैंडबाय सूची में शामिल रियान पराग और वाशिंगटन सुंदर जैसे ऑलराउंडर हैं, जो जरूरत पड़ने पर टीम में शामिल किए जा सकते हैं।

## एशिया कप : भारत-पाक मैच में फिर पाइक्रॉफ्ट होंगे मैच रैफरी

**एजेंसी, दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप सुपर 4 के मैच की जिम्मेदारी फिर अपने एलीट पैनल के मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को सौंपी है जबकि पीसीबी ने बार बार उन्हें हटाने का अनुरोध किया था।

टूर्नामेंट के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''एंडी पाइक्रॉफ्ट भारत और पाकिस्तान के मुकाबले के लिए मैच रैफरी हैं। '' रविवार के मैच के लिए मैच अधिकारियों की सूची अब भी सार्वजनिक नहीं की गई है। टूर्नामेंट में दूसरे मैच रैफरी वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान रिची रिचर्डसन हैं। भारतीय टीम ने पिछले रविवार को नीतिगत फैसले के अंतर्गत पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया था और इस मुकाबले में पाइक्रॉफ्ट मैच रैफरी थे। लेकिन पाइक्रॉफ्ट उस समय विवाद के केंद्र में आ गए जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय परंपरा का पालन नहीं किया। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम में जगह बनाना चाहते हैं अंडर-19 टीम में शामिल भारतीय खिलाड़ी

**एजेंसी, बेंगलुरु**



आर्यन शर्मा, जॉन जेम्स और यश देशमुख भले ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में बड़ा नाम कमाने की राह पर हों, लेकिन उन्होंने भारत से नाता नहीं तोड़ा है। ये तीनों भारतीय मूल के खिलाड़ी रविवार से ब्रिस्बेन में शुरू हो रही ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम की घरेलू सीरीज में भारत के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से खेलने के लिए तैयार हैं।

जॉन जेम्स, केरल के वायनाड से ताल्लुक रखते हैं। उनके माता-पिता बेहतर जीवन की तलाश में ऑस्ट्रेलिया पहुंचे थे। जेम्स का अब तक का सबसे यादगार पल तब आया जब वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के सिडनी टेस्ट में वॉटर बॉय बने और अपने आदर्श खिलाड़ियों जोश हेजलवुड और मिशेल मार्श से मिलने का मौका मिला। वह जल्द ही केरल जाकर अपनी दादी की बनाई पोर्क करी का स्वाद चखने को भी उत्सुक हैं।

आर्यन शर्मा, चंडीगढ़ से हैं और वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में बल्लेबाजी ऑलराउंडर की भूमिका निभा रहे हैं। उनके पिता पहले 2000 में एक शादी में ऑस्ट्रेलिया आए और 2005 में वहीं बस गए। आर्यन का सपना है कि वह एक दिन विराट कोहली से मिलें। उन्होंने कहा कि जिस तरह विराट ने भारत के लिए योगदान दिया, मैं वैसा ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में करना चाहता हूं। यश देशमुख, महाराष्ट्र से हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया में शुरुआती दिन मुश्किलों से भरे थे। भाषा, संस्कृति और शारीरिक प्रतिस्पर्धा के स्तर के कारण। हालांकि, अब वह ऑस्ट्रेलियाई माहौल में ढल चुके हैं और आईसीसी अंडर-19 विश्व कप (2026) के लिए टीम में जगह बनाने का सपना देख रहे हैं। इन तीनों खिलाड़ियों की कहानी यह दर्शाती है कि भले ही वे ऑस्ट्रेलिया की नीली जर्सी पहनें, लेकिन उनके दिल में अब भी भारत की जड़ें गहराई से बसी हैं। (अनंत ज्ञान)

पूर्व कप्तान का बड़ा खुलासा

## गौतम गंभीर के रिटायर होते ही टीम में शुरू हुई गंदी पॉलिटिक्स

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 टीम के पूर्व कप्तान और एक समय के उभरते सितारे उन्मुक्त चंद की अनकही कहानी अब पर्दे पर आने वाली है। 'अनब्रोकन: द उन्मुक्त चंद स्टोरी' नामक डॉक्यूमेंट्री जल्द सिनेमा घरों में रिलीज होने वाली है। यह उनके संघर्ष, असफलताओं और क्रिकेट से लेकर अमेरिका तक के सफर की कहानी है। चंद ने अपनी डॉक्यूमेंट्री को लेकर बताया कि दिल्ली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) में बैठे कुछ लोगों ने कैसे उनका करियर खराब कर दिया।

उन्मुक्त चंद ने कहा कि 2017 तक जब तक गौतम गंभीर दिल्ली के कप्तान थे, टीम में कोई दिक्कत नहीं थी। वह मजबूत कप्तान थे, खिलाड़ियों के लिए लड़ते थे और उनका साथ देते थे, लेकिन उनके रिटायर होते ही दिल्ली क्रिकेट में उथल-पुथल शुरू हो गई। नितीश राणा को ड्रॉप कर दिया गया, ध्रुव शौरी अच्छा कर रहे थे, फिर भी उन्हें बाहर कर दिया गया। सबको पता है यह क्यों हो रहा था। उन्होंने बताया कि अपने फर्स्ट-क्लास डेब्यू के सात साल बाद उन्हें दिल्ली टीम से बाहर कर दिया गया। साल 2019 में वह उत्तराखंड चले गए और 2021 में भारतीय क्रिकेट को अलविदा कहकर अमेरिका चले गए। उन्होंने आगे कहा कि आप इसे राजनीति कह सकते हैं। उन्होंने मुझे टीम से बाहर फेंक दिया। इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था कि इंडिया-ए के कप्तान को राज्य टीम से बाहर निकाल दिया गया हो। (अनंत ज्ञान)

## मंधाना बनीं फास्टेस्ट वनडे सेंचुरी लगाने वाली भारतीय महिला क्रिकेटर




**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय टीम की क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज सेंचुरी लगा दी। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार को उन्होंने महज 50 गेंद पर शतक लगाया।

वुमंस वनडे में उन्होंने खुद के ही 70 बॉल पर सेंचुरी के रिकॉर्ड को सुधारा। यह वुमंस वनडे में ओवरऑल दूसरा सबसे तेज शतक रहा। ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग 45 गेंद पर सेंचुरी लगा चुकी हैं। इंडिया वुमंस फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के सामने 413 रन के टारगेट का पीछा कर रही है। टीम ने 24 ओवर के बाद 5 विकेट खोकर 235 रन बना लिए हैं। प्रतिका रावल और हरलीन देओल के विकेट के बाद हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना ने सेंचुरी पार्टनरशिप की। हालांकि, हरमन 52 और मंधाना 125 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 47.5 ओवर में 412 रन बना दिए। बेथ मूनी ने 57 गेंदों पर शतक लगाया। वहीं, जॉर्जिया वोल ने 81 और एलिस पेरी ने 68 रन की पारी खेली। भारत से अरुंधति रेड्डी ने 3 विकेट लिए। रेणुका ठाकुर और दीप्ति शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। समाचार लिखे जाने तक भारतीय टीम ने 40 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 339 रन बनाए लिए थे। दीप्ति शर्मा (70) और स्नेह राणा (20) रन बनाकर क्रीज पर डटी हुई थीं। (अनंत ज्ञान)

**मंधाना ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड**

**वनडे** क्रिकेट में मेंस और विमेंस दोनों वर्ग में स्मृति मंधाना ने भारत से फास्टेस्ट सेंचुरी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने मेंस टीम के विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही 2013 में 52 गेंद पर शतक लगाया था। मंधाना 125 रन बनाकर आउट हुईं।

## साई ने गैर-खेल आयोजनों के लिए स्टेडियम का बढ़ाया किराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने अपने स्टेडियमों को खेल प्रतियोगिताओं के लिए सही तरह से बनाए रखने के लिए इनमें होने वाले गैर खेल आयोजन के लिए शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है और कड़े दंड का प्रावधान भी रखा है। दिल्ली में साइ के पांच आयोजन स्थल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग पूल कॉम्प्लेक्स, इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम और डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज हैं।

संस्था ने घोषणा की कि खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त महासंघों और संघों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के लिए आयोजन स्थलों को किराए पर लेने के लिए बिजली शुल्क के अलावा कुछ भी भुगतान नहीं करना होगा। मुख्य रूप से एथलेटिक्स और फुटबॉल का आयोजन स्थल नेहरू स्टेडियम संगीत समारोहों जैसे गैर-खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए सबसे लोकप्रिय है और पहले भारतीय कलाकारों द्वारा इसके मुख्य क्षेत्र को बुक करने के लिए 4.5 लाख रुपए का खर्च आता था, लेकिन अब इसे 25 लाख कर दिया गया है। आयोजन के बाद यदि स्टेडियम की साफ-सफाई में कमी पाई जाती है तो आयोजकों से प्रतिदिन के शुल्क के हिसाब से 10 प्रतिशत जुर्माना वसूला जाएगा। इन आयोजकों को काली सूची में डालने का प्रावधान भी रखा गया है।

दंड की शुरुआत कभी-कभी अपने स्टेडियमों की खराब स्थिति के कारण की गई है। इसका सबसे ताजा उदाहरण जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में लोकप्रिय पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के 'दिल-लुमिनाती' संगीत कार्यक्रम का है जिसके अंत में स्टेडियम को अव्यवस्थित स्थिति में पाया गया था। (अनंत ज्ञान)

## ओलंपिक की तरह मिलान-कॉर्टिना खेलों में भी भाग लेगा रूस: आईओसी

**एजेंसी, मिलान।** रूस के खिलाड़ियों को अगले वर्ष होने वाले मिलान-कॉर्टिना शीतकालीन खेलों में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि उसने कभी भी इजरायल पर प्रतिबंध लगाने पर चर्चा नहीं की।

आईओसी ने मिलान में कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद पुष्टि की कि वह पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक खेलों में अपनाई गई प्रणाली का पालन करेगा, जिसके तहत रूस के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी के रूप में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी जाएगी।

आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने कहा, ''हमने मिलान-कॉर्टिना खेलों में व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ियों को लेकर बात की। कार्यकारी बोर्ड बिल्कुल वही दृष्टिकोण अपनाएगा जो पेरिस ओलंपिक खेलों में अपनाया गया था। इसमें कुछ भी बदलाव नहीं हुआ है।'' रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद आईओसी ने 2023 में रूसी ओलंपिक समिति को निलंबित कर दिया था। इसके बाद से ही रूस के खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी के रूप में भाग ले रहे हैं। इजरायल के गाजा में हमले के बाद उस पर भी इस तरह का प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

**गुहार** बोले- हमें एनसीए में लेने दें ट्रेनिंग, सूर्या ने खिलाड़ियों से की बातचीत

# ओमान के कप्तान ने बीसीसीआई से मांगा सपोर्ट

**एजेंसी, अबुधाबी**



एशिया कप में शुक्रवार को भारत और ओमान के बीच मुकाबला खेला गया। मैच के बाद ओमान के सभी खिलाड़ी मैदान पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से बातचीत करते दिखे। बात खत्म होने के बाद खिलाड़ियों ने सूर्या के लिए तालियां भी बजाईं।

इसका फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। साथ ही ओमान के कप्तान जतिंद्र सिंह ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अपनी टीम के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में ट्रेनिंग के लिए सपोर्ट मांगा है। बातचीत के बाद ओमान के कप्तान ने पत्रकारों से कहा कि मुझे लगता है कि अगर हम भारत को अपना दूसरा घर बना सकें, तो हम एनसीए में ट्रेनिंग ले सकते हैं, अपने स्किल्स और फिटनेस पर काम कर सकते हैं। क्लब और रणजी टीमों के साथ ढेर सारे टी-20 मैच खेल सकते हैं। इससे हमें मदद मिलेगी और हमारे खेल में सुधार होगा। (अनंत ज्ञान)

**जतिंद्र बोले-मैं सूर्या का हूं आभारी**

**जतिंद्र** ने कहा, मैं बहुत आभारी हूं कि वे (सूर्यकुमार यादव) आए और खिलाड़ियों से बातचीत की। वे खेल और टी-20 में कैसे खेलना है, इस बारे में बात कर रहे थे। लड़के बस सवाल पूछ रहे थे, उनके साथ सवाल-जवाब कर रहे थे, ताकि उनके विचारों में स्पष्टता आ सके। वह टीम की बहुत तारीफ कर रहे थे। मुझे अपनी टीम पर बहुत गर्व है। भले ही यह मैच भारतीय टीम ने जीता हो, लेकिन ओमान ने फैंस का दिल जीत लिया। ओमान की टीम ने वर्ल्ड चैंपियन के खिलाफ पूरे 40 ओवर तक संघर्ष किया। इस मुकाबले में भारतीय टीम को 10 बल्लेबाज उतारने पड़े, जबकि 8 खिलाड़ियों को गेंदबाजी में लगाना पड़ा। फिर भी इंडियन टीम ओमान के 4 विकेट ही गिरा सकी।

जतिंद्र ने कहा, मुझे अपनी टीम पर बहुत गर्व है, जैसा कि मैं पहले दिन से कह रहा हूं। मुझे लगता है कि यह टीम के लिए अपनी स्थिति जानने का एक बेहतरीन मंच था और उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने दुनिया की नंबर-1 टीम के सामने शानदार जज्बा दिखाया। खिलाड़ी इससे बहुत कुछ सीखेंगे।